जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल




ग्रीन-रघुवंशी के रनआउट से कोलकाता हारा, अभिषेक के हैदराबाद के लिए 100 सिक्स...


Page 09 देश





आवासीय योजना में रहने वालों को बड़ी राहत देने की तैयारी, सरकार ने निकायों से मांगा यह प्रस्ताव


कृष्ण पक्ष, स्वाति, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शनिवार • 04 अप्रैल 2026 • वर्ष 28 • अंक 122 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,38,350 | ₹ 2,50,000 |



## आज का इतिहास

1994 : भारतीयों ने वर्ष 1994 में जैकब के मैदान पर खेले गए 1 गेम में 11 सराय में मेरिनर्स को 4-3 से हराया।

1997 : विश्व बैंक ने क्रयशक्ति क्षमता की दृष्टि से भारत को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश घोषित किया।

## न्यूज बाइट्स

### सेवानिवृत्त सचिवालय कर्मियों को बड़ा तोहफा, पेंशन बढ़ेगी

पटना (नि.सं.)। बिहार सरकार ने सचिवालय सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिससे सैकड़ों पूर्व कर्मियों को सीधा लाभ मिलने जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग बिहार द्वारा 3 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना के तहत 11 अप्रैल 2019 से 13 अक्टूबर 2023 के बीच सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को 'अस्थायी स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था नियमावली, 2023' के प्रावधानों के अंतर्गत लाभ देने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले के माध्यम से उन अधिकारियों को उनके सेवाकाल के दौरान उच्च पदों का वैचारिक लाभ दिया जाएगा, जो पात्र होने के बावजूद पदोन्नति या उच्च वेतनमान से वंचित रह गए थे। अधिसूचना के अनुसार संयुक्त सचिव, उप सचिव, अवर सचिव और प्रशाखा पदाधिकारी जैसे विभिन्न पदों के लिए क्रमशः उच्च वेतन स्तर निर्धारित किए गए हैं। इन पदों के अनुरूप संबंधित अधिकारियों के वेतन का पुनर्निर्धारण वैचारिक आधार पर किया जाएगा, जिससे यह माना जाएगा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में ही उच्च पद का वेतन प्राप्त किया था। इसका सबसे बड़ा प्रभाव उनकी पेंशन पर पड़ेगा, क्योंकि सेवानिवृत्ति के समय के अंतिम वेतन को इसी आधार पर पुनः निर्धारित किया जाएगा और उसी के अनुरूप पेंशन का पुनरीक्षण किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह पुनर्निर्धारण भले ही पिछली तिथि से वैचारिक रूप से लागू होगा।

नीतीश कुमार अपने ड्रीम प्रोजेक्ट बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय की नई कड़ियों का उद्घाटन करने पहुंचे वैशाली

# सीएम ने 550 करोड़ रुपए के बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का किया लोकार्पण

- वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना, भगवान बुद्ध को नमन
- पवित्र अस्थिकलश (रैलिक स्तूप) के दर्शन किए
- कार्यक्रम में सम्राट चौधरी भी रहे मौजूद



निज संवाददाता | वैशाली

वैशाली जिले में शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब नीतीश कुमार ने अपने बहुप्रतीक्षित ड्रीम प्रोजेक्ट 'बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप' का भव्य लोकार्पण किया। यह परियोजना न केवल राज्य की सांस्कृतिक विरासत को नया आयाम देती है, बल्कि वैशाली को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

लोकार्पण समारोह के दौरान पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने संग्रहालय में सुरक्षित रखे गए भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थिकलश (रैलिक स्तूप) का दर्शन किया, जिसे बौद्ध अनुयायियों के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस दौरान मुख्यमंत्री कुछ क्षणों के लिए भावुक भी नजर आए।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने संग्रहालय की विभिन्न दीर्घाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इन दीर्घाओं में भगवान बुद्ध के जीवन, उनके उपदेश, वैशाली के ऐतिहासिक महत्व और प्राचीन बौद्ध सभ्यता से जुड़े विभिन्न पहलुओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से बेहद आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। डिजिटल डिस्प्ले, इंटरैक्टिव गैलरी और अत्याधुनिक प्रस्तुति तकनीक इस संग्रहालय को विशिष्ट बनाती हैं।

करीब 550 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह संग्रहालय आधुनिकता और परंपरा का अनूठा संगम है। इसकी वास्तुकला में प्राचीन बौद्ध शैली की झलक स्पष्ट दिखाई देती है, वहीं अंदर की प्रस्तुति पूरी तरह आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संग्रहालय परिसर को मुख्य 'रैलिक स्तूप' से जोड़ने वाले भव्य प्रवेश द्वार का भी उद्घाटन किया, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आवाजाही और अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।

गौरतलब है कि इस परियोजना का आंशिक उद्घाटन पहले ही किया जा चुका था, लेकिन अब इसे पूर्ण रूप से विकसित कर आम जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। यह परियोजना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में शामिल रही है, जिस पर वे लंबे समय से विशेष ध्यान दे रहे थे। वैशाली, जो प्राचीन काल में भगवान बुद्ध के जीवन से गहराई से जुड़ा रहा है, अब इस संग्रहालय के माध्यम से अपनी ऐतिहासिक पहचान को और मजबूत करेगा। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी जोरों पर है कि मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का यह वैशाली का अंतिम आधिकारिक दौरा हो सकता है। ऐसे में अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में उन्होंने इस ड्रीम प्रोजेक्ट को पूरा कर एक तरह से अपनी प्राथमिकताओं और विरासत को स्पष्ट संदेश दिया है। यह संग्रहालय आने वाले समय में देश-विदेश से आने वाले बौद्ध श्रद्धालुओं, शोधकर्ताओं और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बनने जा रहा है। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। बिहार सरकार की यह पहल राज्य की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और उन्हें वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है।

# लखनऊ में एटीएस की बड़ी कार्रवाई पाकिस्तान से जुड़े चार आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी | लखनऊ (यूपी)

खनऊ में सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है, जहां उत्तर प्रदेश एटीएस ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के संपर्क में थे और उनके निर्देश पर देश के खिलाफ साजिश रच रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में दो मेरठ और दो नोएडा के निवासी बताए जा रहे हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार गिरोह का मुख्य आरोपी साकिब उर्फ डेविल है, जो पेशे से नाई का काम करता था और इसी आड़ में देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। एटीएस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संगठित गिरोह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे टेलीग्राम, सिग्नल और इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तान हैंडलर्स से लगातार संपर्क में है और संवेदनशील सूचनाएं साझा कर रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के पास से एक कैन ज्वलनशील पदार्थ, सात स्मार्टफोन, 24 पर्चे (पम्पलेट) और आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया है कि यह गिरोह देश के महत्वपूर्ण संस्थानों और राजनीतिक व्यक्तियों की रेकी कर जानकारी पाकिस्तान तक पहुंचाता था और भविष्य में बड़े हमलों की साजिश रच रहा था। इसके अलावा रेलवे सिग्नल बॉक्स को नुकसान पहुंचाने, गैस सिलेंडर से भरे वाहनों में आग लगाने जैसी खतरनाक योजनाएं भी इनके एजेंडे में शामिल थीं।

गिरफ्तार चारों आतंकी पैसों के लालच में देश विरोधी साजिश रचने लगे थे। गिरोह के मुख्य सदस्य ने अपने ही गांव के अरबाब को भी इस काम में शामिल कर लिया था। पैसों का लालच देकर उसने नोएडा के रहने वाले विकास और लोकेश को भी अपने गिरोह में शामिल कर लिया। पूछताछ में पता चला है कि चारों प्रतिष्ठित संस्थानों और वाहनों की रेकी भी करते थे। इस गिरोह ने गाजियाबाद, अलीगढ़, लखनऊ जैसे शहरों में वाहनों, रेलवे सिग्नल बॉक्स की रेकी की थी। घटना के बाद गिरोह ने उसके वीडियो बनाकर पाकिस्तानी हैंडलर को भेजे थे।



### घटनाओं का वीडियो भेजकर मंगाते थे पैसे

लखनऊ में गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। उत्तर प्रदेश एटीएस के अनुसार ये लोग देश में घटनाओं को अंजाम देने के बाद उसका वीडियो बनाकर पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स को भेजते थे और बदले में क्यूआर कोड के जरिए पैसे मंगाते थे। एटीएस ने साकिब उर्फ डेविल (25), अरबाब (20), विकास गहलावत उर्फ रौनक (27) और लोकेश उर्फ पपलात (19) को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह पहले छोटी-छोटी आपराधिक घटनाएं करता था और फिर उनका वीडियो बनाकर विदेशी हैंडलर्स को भेजता था, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ मिलता था। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला है कि आरोपियों ने हाल के दिनों में कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं को भी अंजाम दिया था। इन घटनाओं के वीडियो तैयार कर पाकिस्तान भेजे जाते थे और उसी आधार पर उन्हें भुगतान किया जाता था। एटीएस का मानना है कि यह गिरोह पैसे के लालच में लगातार देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होता गया और धीरे-धीरे एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा बन गया। फिलहाल सभी आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है और इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# दक्षिण बिहार में बदला मौसम, आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट



निज संवाददाता | पटना

दक्षिण बिहार में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है। शुक्रवार दोपहर बाद अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के पटना स्थित केंद्र ने पहले ही इस बदलाव को लेकर चेतावनी जारी कर दी थी। गया जिले के आमस क्षेत्र में बूंदाबांदी दर्ज की गई है, जबकि नवादा और आसपास के इलाकों में दोपहर के बाद आसमान में बादल छा गए और मौसम सुहावना हो गया। औरंगाबाद जिले के कुछ हिस्सों में भी हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं, जिससे तापमान में गिरावट महसूस की गई।

मौसम विभाग ने 3 अप्रैल की शाम के लिए दक्षिण बिहार के कई जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की आशंका जताई है। गया जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि नवादा और औरंगाबाद में ऑरेंज अलर्ट तथा जहानाबाद में येलो अलर्ट घोषित किया गया है। पूर्वानुमान के अनुसार देर शाम तक कई जगहों पर मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि खराब मौसम के दौरान कुछ क्षेत्रों में आकाशीय बिजली गिरने का खतरा बना रहेगा। ऐसे में लोगों को खुले स्थानों से दूर रहने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी गई है। अचानक बदले मौसम ने जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन और आम लोगों को सतर्क रहने की जरूरत भी बढ़ा दी है।

# निगरानी की कार्रवाई : घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और डीलर

- शिकायतकर्ता पप्पू पासवान ने निगरानी विभाग में की थी शिकायत
- आरोपः पीडीएस अनाज पर 25 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन की मांग
- लाइसेंस नवीकरण के नाम पर भी अवैध वसूली का आरोप
- जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद ट्रैप कार्रवाई
- डीएसपी रंजीत कुमार निराला के नेतृत्व में टीम ने की गिरफ्तारी



निज संवाददाता | बेगूसराय

बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच बेगूसराय जिले से बड़ी कार्रवाई सामने आई है। बिहार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने मंसूरचक प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और एक डीलर को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पटना से आई निगरानी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की। गिरफ्तार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की पहचान शैलेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो मंसूरचक में पदस्थापित थे और भगवानपुर प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे। वहीं दलाल की भूमिका निभा रहे समसा पंचायत-दो के डीलर विद्या सागर को भी टीम ने दबोच लिया। दोनों को मंसूरचक थाना क्षेत्र के नवटोल गांव के पास सड़क किनारे से रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया गया।

मामले की शुरुआत भगवानपुर प्रखंड के तेयाय गांव निवासी पप्पू पासवान की शिकायत से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत अनाज वितरण में प्रति क्विंटल 25 रुपये के हिसाब से चार महीने का कमीशन मांगा जा रहा था। इसके अलावा लाइसेंस नवीकरण के नाम पर भी अवैध वसूली की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद डीएसपी रंजीत कुमार निराला के नेतृत्व में विशेष धावादल का गठन किया गया। योजना के तहत जैसे ही आरोपी अधिकारियों ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ लिया और उनके पास से 12 हजार रुपये बरामद किए। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम दोनों आरोपियों को अपने साथ पटना ले गई है, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस कार्रवाई को राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख के तौर पर देखा जा रहा है और इससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को मिलेगा सम्मान : मंगल पांडेय




निज संवाददाता | पटना

बिहार में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे प्रयासों के बीच राज्य सरकार ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। मंगल पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि फरवरी 2026 में संचालित सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को राज्य स्तर पर सम्मान दिया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि 10 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक राज्य के 34 जिलों के 396 प्रखंडों और शहरी इकाइयों में एमडीए अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर योग्य लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया। मंत्री ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 11 फरवरी 2026 को राज्यव्यापी एमडीए कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें एक ही दिन में लगभग एक करोड़ से अधिक लोगों को दवा सेवन सुनिश्चित कराने का लक्ष्य हासिल किया गया। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में स्वास्थ्यकर्मियों की अहम भूमिका रही है और उनके योगदान को सम्मानित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए जनभागीदारी और स्वास्थ्यकर्मियों की सक्रियता बेहद जरूरी है। राज्य सरकार आने वाले समय में भी इस दिशा में और प्रभावी कदम उठाती रहेगी, ताकि बिहार को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

बिहार में बढ़ती गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों का बदला समय

# प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 7:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक होंगे संचालित

- पोषण, प्री-स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी
- अन्य स्कूलों के समय को लेकर कोई आधिकारिक निर्देश नहीं, लेकिन अधिकांश मॉर्निंग हो चुके



निज संवाददाता | पटना

बिहार में तेजी से बढ़ती गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए समाज कल्याण विभाग बिहार ने बड़ा निर्णय लिया है। विभाग ने राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव करते हुए उन्हें अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक चलाने का निर्देश दिया है। यह फैसला छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि उन्हें दोपहर की तेज धूप, उमस और गर्मी से बचाया जा सके। नए समय के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र सुबह जल्दी खुलेंगे और दोपहर से पहले बंद हो जाएंगे, जिससे पोषण आहार वितरण, प्रारंभिक शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तरह सुचारू रूप से जारी रह सकेंगी। हालांकि आंगनबाड़ी केंद्रों के अलावा अन्य स्कूलों के संचालन समय को लेकर फिलहाल कोई अलग निर्देश जारी नहीं किया गया है, लेकिन गर्मी के कारण राज्य के अधिकांश स्कूल पहले ही मॉर्निंग शिफ्ट में संचालित होने लगे हैं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक बढ़ती है, तो संबंधित जिलों के जिला पदाधिकारी अपने स्तर पर समय में और बदलाव कर सकते हैं या जरूरत पड़ने पर आंगनबाड़ी केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय भी ले सकते हैं। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को सतर्क रहने और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। गर्मी के मौसम में पोषाहार वितरण को लेकर भी विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि किसी आंगनबाड़ी सेविका या सहायिका द्वारा पोषाहार वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया

### बदला स्कूल टाइमिंग, छह अप्रैल से मॉर्निंग शिफ्ट

बिहार में बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए बिहार शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी सरकारी स्कूलों का समय बदल दिया गया है। नया टाइम-टेबल 6 अप्रैल 2026 से लागू होकर 31 मई तक प्रभावी रहेगा। नए आदेश के तहत अब सभी सरकारी स्कूल सुबह 6:30 बजे से संचालित होंगे। आधे घंटे की प्रार्थना के बाद सुबह 7:00 बजे से नियमित कक्षाएं शुरू होंगी और दोपहर 12:20 बजे स्कूल की छुट्टी कर दी जाएगी। बच्चों को गर्मी और लू से बचाने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है, ताकि पढ़ाई सुबह के अपेक्षाकृत ठंडे समय में पूरी हो सके। मिड-डे मील के लिए भी समय निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार सुबह 9:00 बजे से 9:40 बजे के बीच बच्चों को भोजन कराया जाएगा। जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या अधिक है, वहां भीड़ से बचने के लिए हेडमास्टर को दो शिफ्ट में भोजन कराने की व्यवस्था करने की अनुमति दी गई है। विभाग ने जिला पदाधिकारियों को भी विशेष अधिकार दिए हैं। यदि किसी जिले में गर्मी की स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है, तो संबंधित डीएम अपने स्तर पर स्कूल के समय में अतिरिक्त बदलाव कर सकते हैं या अन्य आवश्यक निर्णय ले सकते हैं। यह मॉर्निंग शिफ्ट केवल गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए अस्थायी रूप से लागू की गई है। गर्मी की छुट्टियां समाप्त होने के बाद स्कूलों का समय फिर से पुराने शेड्यूल के अनुसार कर दिया जाएगा, जिसमें स्कूल सुबह 9:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित होंगे। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# जहरीली शराब का कहर : चार की मौत, कई की आंखों की गई रोशनी

निज सं. | मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)



बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से बीमार हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और बिहार पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतकों की पहचान तुरकौलिया और आसपास के इलाकों के रहने वाले चंदू (32), प्रमोद यादव (32), परीक्षण माझी (55) और हीरालाल महतो के रूप में हुई है। सभी की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई, जिसके बाद जांच में जहरीली शराब पीने की पुष्टि हुई। इस मामले की पुष्टि मोतिहारी सदर के एसडीपीओ दिलीप कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि एक शव का अंतिम संस्कार पहले ही कर दिया गया था, जबकि अन्य का पोस्टमार्टम कराया गया है।

घटना की शुरुआत रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के बालगंगा गांव से हुई, जहां लोगों ने साधारण शराब समझकर स्प्रिट का सेवन कर लिया। इसके बाद देर रात एक-एक कर कई लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ लोगों की आंखों की रोशनी चली गई और कई बेहोश हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जहरीली शराब पीने की पुष्टि की। इस मामले में पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए अब तक 12 से 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। परिजनों की शिकायत पर हत्या का केस भी दर्ज किया गया है। वहीं परसौना क्षेत्र के चाकीदार भरत राय को निलंबित कर दिया गया है और पूरे मामले की जांच के लिए एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

फिलहाल छह लोगों का इलाज मोतिहारी के निजी अस्पताल में चल रहा है, जबकि कुछ को बेहतर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर रेफर किया गया है। कई लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी भी मिल चुकी है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब की सप्लाई चेन को चिन्हित कर लिया गया है और पूछताछ के दौरान इस नेटवर्क से जुड़े और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और अवैध शराब के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। यह घटना एक बार फिर राज्य में जहरीली शराब के खतरे और अवैध कारोबार की गंभीरता को उजागर करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जांच चौकी पर 20 शराबियों को उत्पाद बलों ने किया गिरफ्तार

**रजौली।** रजौली में उत्पाद बलों ने शराब के नशे में रहे 20 शराबियों को हिरासत में लिया। ये शराबी चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर पकड़े गए। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर प्रत्येक दिन चौबीसों घंटे झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के सहयोग से की जा रही है। जांच के क्रम में कुल 20 लोगों को हिरासत में लिया गया, जो शराब के नशे में थे। शराब के नशे में रहे लोगों के शराब पीए होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से की गई। सभी शराबियों को शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां सभी ने जुर्माना राशि जमा कर अपने-अपने घर चले गए। उत्पाद एसआई प्रवीण कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में उत्पाद बलों ने सख्ती से जांच की। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि बिहार में शराब की तस्करी रोक जा सके।

### मंझिला पंचायत के डीलर बिगबॉस चौधरी पर फर्जी तरीके से राशन उठाव का आरोप

#### एमओ बोले — जांच के बाद होगी कार्रवाई

**कौआकोल।** प्रखंड के मंझिला पंचायत के जनवितरण प्रणाली (PDS) दुकानदार बिगबॉस चौधरी पर पॉश मशीन के माध्यम से लाभुकों के नाम पर गलत तरीके से राशन उठाव करने का गंभीर आरोप लगा है। मामला मेसकौर क्षेत्र से सामने आया है,जहां दर्जनों लाभुकों ने आरोप लगाया कि उनकी बिना सहमति एवं जानकारी के ही डीलर द्वारा पॉश मशीन से उनके हिस्से का अनाज उठा लिया गया। इससे लाभुकों में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की अनियमितता पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले कोल्हुआर गांव के लाभुकों के नाम पर भी बिना सहमति के अनाज उठाव का मामला सामने आया था। उस समय शिकायत किए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से पीडीएस व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि पूरे मामले में प्रखंड स्तर के अधिकारियों (एमओ) की संलिप्तता से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आशुतोष रंजन ने बताया कि उन्हें अभी तक मामले की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। जानकारी मिलने के बाद जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत पति/ससुर हुआ गिरफ्तार

**बेतिया।** चनपटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चनपटिया नगर के वार्ड संख्या 3 में विवाहिता रेणु देवी,उम्र 30 वर्ष की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। घटना के बारे में संवाददाता को पता चला है कि घटना स्थलपर पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया।थानाअध्यक्ष,अमित कुमार ने संवाददाता को बताया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में मृतिका की मां शांति देवी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है,जिसमें मृत महिला के पति,जितेंद्र पंडित,ससुर राजेंद्र पंडित एवं अन्य कोआरोपित बनाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। प्राथमिकी में मृतिका की मां ने बताया है कि उसकी बेटी रेणु देवी की शादी करीब 8 वर्ष पहले चनपटिया के दीपेंद्र पंडित से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में 2 लाख तथा अन्य सामानों की मांग करते आ रहे थे,इसी को लेकर वे प्रताड़ित भी किया करते थे। इनके उत्पीड़न के चलते उसकी मौत हो गई।

### गैस वितरण में गड़बड़ी करने वालों पर प्रशासन सख्त बेतिया में दो गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण।

**बेतिया।** जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय टीम ने शहर की दो प्रमुख गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। इस टीम में एडीएसओ, एसडीओ बेतिया सदर एवं संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा ने पाया कि गैस वितरण प्रणाली में गंभीर अनियमितताएं बरती जा रही हैं। जांच में यह बात सामने आई कि कुछ डिलीवरी कर्मियों (वेंडरों) द्वारा उन उपभोक्ताओं का सिलेंडर, जिनके नाम पर बुकिंग अलॉट थी, किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया। गहन निरीक्षण के क्रम में कतिपय डिलीवरी कर्मियों की लापरवाही और मनमानी उजागर हुई है। इन वेंडरों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जा रही है। और संबंधित थानों को भी आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। गैस वितरण में पारदर्शिता लाने और 'पहले आओ-पहले पाओ' के नियम को सख्ती से लागू करने के लिए प्रशासन ने नई रणनीति तैयार की है। जिले के सभी एमओ (MO) को तीनों तेल कंपनियों के मार्केटिंग अधिकारियों के साथ टैग किया गया है। यह टीम हर एजेंसी की बारीकी से जांच करेगी ताकि सीरियल नंबर के आधार पर ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर मिले। जिनका नंबर पहले लगा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी।अपर समाहर्ता ने बताया कि जिले में अभी 18,122 गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सक्रिय है और समुचित वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही घबराएं। यदि किसी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में समस्या हो रही है या कोई वेंडर अनियमितता करता है, तो वे सीधे जिला कंट्रोल रूम में इन नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं: *06254-247002 * 06254-247003 उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण किया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### नीलगाय से टकराकर बाइक सवार दवा व्यवसाई की हुई मौत

**बेतिया।** मैनाटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलबनिया गांव निवासी, अशोक कुमार गुप्ता,उम्र 40 वर्ष की दर्दनाक मौत,उनकी बाइक को नीलगाय से टकराने से हो गई। घटना के बारे में संवाददाता को जानकारी मिली है कि अशोक कुमार गुप्ता पेशे से दवा व्यवसाई हैं,वह अपने बेटे सचिन कुमार के साथ सहोदरा मंदिर में पूजा करने जा रहे थे।पूजा के उपरांत दोनों पिता/पुत्र बाइक से अपने घर बेलवनिया लौट रहे थे। इसी दौरान जमुनिया के पास अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई,जिससे बचने के लिए उनका बाइक अनियंत्रित हो गया,उनका बेटा सचिन कुमार घायल हो गया स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए भेजा गया मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पिता विंध्याचल शाह,माता वृंदा देवी,पत्नी दुर्गावती देवी, बेटेअनमोल कुमार व सचिन कुमार,बहु राधिका कुमारी तथा भाई रामजी साह और कन्हैया शाह समेत सभी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पूरे ग्रामीण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई,सभी ग्रामीण उनके घर पर जाकर ढारस दे रहे हैं।

### संदिग्ध स्थिति में पेट्रोल पंप के समीप मिला शव



**बेतिया।** शिकारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जय जयमंगलापुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप संदिग्ध स्थिति में एक शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई,साथ ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्तर पर पहुंचकर शोक को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। शव की पहचान नहीं हो सकी है। इसके पहचान करने हेतु संबंधित थानों में इसकी सूचना दे दी गई है,परिजनों के आने के बाद ही पहचान करने के उपरांत ही शव को उनके हवाले कर दिया जाएगा,अगर कोई परिजन नहीं आते हैं,शव की पहचान नहीं हो पाती है तो अस्पताल प्रशासन शव का अंतिम संस्कार करा सकता है।

# खेलने के दौरान हुए बम धमाके में बच्चे का हाथ जख्मी, अस्पताल में इलाजरत

## पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी, दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के अमावां पश्चिमी पंचायत के भावा बिगहा गांव में बीते गुरुवार की शाम पड़ोसी के यहां खेलने गए बच्चा बम फटने के दौरान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल बच्चे को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामानंद प्रसाद एवं डॉ. प्रियंका भारती ने बताया कि घायल बच्चे की पहचान दीपक कुमार के 7 वर्षीय पुत्र युवराज कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घायल बच्चे के बाएं हाथ की हथेली गम्भीर रूप से जख्मी था,जिसका प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई व दवाइयां दी गई है।



अस्पताल में घायल इलाजरत बच्चा

**खेलने के दौरान हुआ हादसा** :- पीड़ित युवराज कुमार की मां प्रतिमा देवी ने बताई कि बीते गुरुवार की दोपहर लगभग 3 बजे पड़ोसी स्व. राजकुमार सिंह के पुत्र श्याम सुंदर सिंह के घर उसके बच्चों के साथ खेलने गया था। खेलने के क्रम में छत पर रखे साइकिल को निकालने के लिए गया,तो झोले को हटाने लगा,तो इस दौरान झोला ब्लास्ट कर गया। घटना सुनकर जब पड़ोसी के घर गई,तो देखा कि मेरा बेटा युवराज जमीन पर घायल पड़ा हुआ है। घटना का विरोध करने पर श्यामसुंदर सिंह के साथ स्व. चांदों सिंह के पुत्र उमा सिंह द्वारा जातिसूचक गलियां देकर जान से मारने की धमकी दी गई। परिजनों के सहयोग से घायल बच्चों का इलाज रजौली अस्पताल आकर करवाई है एवं थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार भी लगाई है।

**बम विस्फोट मामले में एफ़एसएल टीम पहुंची घटनास्थल पर** :- इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि मामले में दो आरोपितों श्यामसुंदर सिंह एवं उमा सिंह को एसआई सचिन कुमार ने गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद उसे न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल की जांच एफएसएल टीम द्वारा किया गया है। हालांकि पुलिस को प्रथम दृष्टया बम के फटने पर संदेह है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन में जुटी हुई है।

# शोक सभा का आयोजन कर पैक्स अध्यक्ष को दी गयी श्रद्धांजलि




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिले के वारिसलीगंज प्रखंड अंतर्गत बागी बरडीहा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष स्व शीतल प्रसाद के आकस्मिक निधन के उपरांत शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।श्रद्धांजली सभा में उपस्थित को -ऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमेन रंजीत कुमार, उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव, पवन कुमार, सत्येंद्र यादव, समाय पैक्स अध्यक्ष राम नरेश सिँह, अरुण सिँह, अभय कुमार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मिथिलेश सिँह एवं प्रबंधक मुकेश सिँह सहित दर्जनों पैक्स अध्यक्षों ने शीतल प्रसाद एवं केशो यादव सहित अन्य पैक्स अध्यक्ष के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा की दुःख की घड़ी में हमलोग सभी उनके परिवार के साथ हैं।

उन्होंने कहा की स्व शीतल ज़ी विगत कई महीनो से बीमार चल रहे थे उनके निधन से हमारे संघ को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में सम्भव नही है। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों के आत्मा की शांति को कामना किया।

# एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन की कड़ी निगरानी, डोर-स्टेप डिलीवरी जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में गैस की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। सभी उपभोक्ताओं तक निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन निरंतर निगरानी बनाए हुए है।

उन्होंने बताया कि सभी गैस एजेंसियों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना न करना पड़े। तेल कंपनियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 13,059 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, जिसमें एचपीसीएल के 3548, बीपीसीएल के 7055 एवं आईओसीएल के 2456 सिलेंडर शामिल हैं। यह उपलब्धता जिले की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त है।

सभी गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को डोर-स्टेप डिलीवरी के जरिए नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वितरण प्रणाली सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

जन-सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु कर्मियों की तैनाती की गई है। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06324-212122 पर अब तक 244 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 208 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है।

जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में धावा दलों का गठन किया गया है। इन दलों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित थाना के पदाधिकारी शामिल हैं। आज इन धावा दलों द्वारा विभिन्न गैस एजेंसियों के गोदामों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों को आश्वस्त किया है कि एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह नियंत्रित एवं पर्याप्त है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी समस्या की स्थिति में नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# सरकारी अस्पताल में बरती गई लापरवाही से तीन वर्षीय बच्चे की हुई मौत

## इकलौते पुत्र खोने से मां-बाप समेत परिजनों में शोक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही ने एक और मासूम की जान ले ली। सिरदला थाना क्षेत्र के नवाबगंज गांव निवासी रामाशीष कुमार का इकलौता 3 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार की मौत हो गई। शुक्रवार की दोपहर को सिमरकोल मोड़ के समीप ई-रिक्शा पलट जाने से सवार रहे लोग सड़क पर गिर पड़े एवं बच्चा ई-रिक्शा के नीचे दब गया। इस सड़क दुर्घटना में बच्चे के सिर में गहरी चोट आई और खून बहने लगा। परिवार ने तुरंत बच्चे को इलाज हेतु रजौली अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। अस्पताल में ड्यूटी में रहे डॉक्टर रोशन कुमार ने प्राथमिक जांच की। पर्ची में ड्रेसिंग करने का उल्लेख किया गया,लेकिन वास्तव में केवल एक सुई और पानी का बोतल देकर बच्चे को नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया,जहां पहुंचने से पूर्व ही बच्चे की मौत हो चुकी थी। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बच्चे के मृत होने की पुष्टि की। बच्चे की मौत की खबर सुनते ही माता-पिता समेत अन्य परिजन में मातम पसर गया।

**चिकित्सक पर लगा लापरवाही का आरोप** :- अस्पताल परिसर में मौजूद पीड़ित परिजनों ने आरोप लगाया कि बच्चे की ड्रेसिंग नहीं की गई। सिर से खून बहता रहा और माता-पिता उसे गोद में लेकर करीब 40 किलोमीटर की दूरी तय की। नवादा अस्पताल पहुंचते-पहुंचते डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई नंदू कुमार ने बताया कि ई-रिक्शा पलटने से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।



अस्पताल परिसर में रोते बिलखते परिजन

**चिकित्सक ने की जल्दीबाजी** :- रजौली अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सक डॉ. रोशन कुमार ने शुरू में कहा कि सिर फटा था,लेकिन ब्लड नहीं आ रहा था और पल्स गड़बड़ था, इसलिए रेफर किया। बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि बैंडेज करना जरूरी था। किंतु जल्दीबाजी में उन्होंने एंबुलेंस से बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया था।

**स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितता से लोग परेशान** :- इस प्रकार की घटना सरकारी अस्पतालों में बार-बार सामने आने वाली लापरवाही को दोहराती है। क्षेत्रों में इमरजेंसी केस में बेसिक उपचार जैसे वाउंड ड्रेसिंग, स्टेबलाइजेशन और गोल्डन ऑवर का इलाज नहीं मिल पाता। रेफरल सिस्टम भी खोखला साबित होता है, जहां गंभीर मरीज को बिना ठीक से संभाले भेज दिया जाता है। परिजनों का आरोप है कि समय पर उचित इलाज मिलता तो बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग और नवादा जिला प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोग बेहतर सुविधा, 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। ऐसी घटनाएं बार-बार दोहराई जा रही हैं, जिससे सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**क्या कहते हैं एसडीएम** :- वहीं एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने मामले की जांच कर अग्रतर कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# साइबर फ्रॉड के द्वारा पैसा ठगी करने वाले संगठित गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बगहा।** एक अप्रैल को बगहा साइबर थाना के द्वारा गैर कानूनी ऑनलाईन गेंमिग वेबसाईट पर आम जनता को गेम खेलकर अधिक पैसा कमाने का लोभ देकर उनसे साइबर फ्रॉड के द्वारा पैसा ठगी करने वाले संगठित गिरोह के 08 सदस्यों को बगहा एवं पटना से गिरफ्तार किया गया। उक्त बातों की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बगहा एसपी रामानंद कौशल ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर दिनांक 01.04.2026 को 01. सोनु केशरी पिता-बिनोद केशरी, ग्राम पोस्ट थाना सेमरा, जिला-प० चम्पारण, बिहार को सेमरा से हिरासत में लिया गया। इनके द्वारा बताया गया कि ये बगहा के लोगों का म्यूल अकाउन्ट खुलवाता था इस गिरोह का कार्य मछुआ टोली एवं श्रीकृष्णापुरी पटना में किराये के मकान में किया जाता है।सोनु केशरी के निशानदेही पर कदमकुआ थाना क्षेत्र अन्तर्गत मछुआटोली से किराये के मकान से आदित्य कुमार, पिता-पवन कुमार, ग्राम मेडरॉल, ग्राम+पोस्ट थाना सेमरा जिला-प० चम्पारण एवं अरूण यादव उर्फ सौरभ यादव, पिता कृष्णमोहन यादव, ग्राम पोस्ट तौलाहाँ, थाना-रामनगर, जिला-प० चम्पारण को हिरासत में लिया गया। इस गिरोह सरगना आदित्य कुमार है तथा ये अपने नीचे काम करने वाले सभी पच्चीस हजार प्रतिमाह और बोनस देता था। बिहार पुलिस आदित्य कुमार एवं सोनु केशरी के निशानदेही पर श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र स्थित में राजापुर के पास एक किराये के मकान में छापामारी की गयी। जहाँ से 01. विकाष कुमार यादव, पिता-सेतवान यादव, ग्राम पोस्ट-तौलाहों, थाना-रामनगर, जिला-प० चम्पारण, 02. पंकज कुमार, पिता-महादेव यादव, ग्राम-कटाहरा, पोस्ट-तेतरिया, थाना-सुईया, जिला-बांका, 03. दिलीप कुमार, पिता-धानेष्वर यादव, ग्राम-वाराकोला, पोस्ट-टोनापाथर, थाना-सुईया, जिला-बांका, 04. षिवनन्दन कुमार, पिता-अषोक यादव, ग्राम-कैराजोर, पोस्ट-टेंगरा, थाना-बेलहर, जिला-बांका एवं 05. हरीष सिंह, पिता श्री सोबन सिंह, ग्राम पोस्ट-भनार, थाना-कपकोट, जिला-बागेष्वर, राज्य उतराखंड को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार व्यक्यिों के पास से ऑनलाईन गेमिंग में प्रयुक्त लैपटॉप, मोबाइल, बैंक खाता, चेकबुक, ए०टी०एम० कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, सीम एवं पासपोर्ट बरामद की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त हरिश सिंह थाईलैण्ड की यात्रा कर चुका है जहाँ से इसे डिपोट किया गया है। इस गिरोह का साठगांठ अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह से होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।ये लोग निर्दोश व्यक्यिों को थोडा पैसा का लालच देकर उनसे बैंक खाता खुलवाकर उनके पास बुक, चेकबुक एवं ए०टी०एम० कार्ड ले लेते है। जिस खाता का प्रयोग साइबर ठगी के म्युल खाता के रूप में करते हैं।



# गुड फ्राईडे के अवसर पर याद किये गए ईसा मसीह



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज बाज़ार स्थित संत जोसफ इंग्लिश स्कूल में शुक्रवार को गुड़ फ्राइडे मनाया गया। यह पर्व ईसा मसीह को समर्पित किया गया है। अध्यक्षता विद्यालय निदेशक पी . टी . बीजू ने की। विद्यालय में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रभु ईसा मसीह को याद किया गया। निदेशक पी. टी. बीजू कहा गुड़ फ्राइडे को शोक दिवस के रुप में मनाया जाता है। प्रभु ईसा मसीह का त्याग और बलिदान दिवस है। प्रभु ईसा मसीह को इसी दिन सूली पर चढ़ाकर मृत्यु दंड दिया गया था। उन्होंने कहा गया प्रभु ईसा मसीह ने लोगों के खातिर बलिदान हुए। इसे त्याग के दिन भी कहा जाता है। वे सूली पर चढ़ाने के बाद कहा दोषियों को कोई सजा नहीं दी जाय। बल्कि उन्हें क्षमा कर दीजिये। उनके जीवन से सभी लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर उप निदेशक रामकुमार सिंह, शिक्षक श्रीकांत कुमार, अभिषेक, विवेक, श्रीकांत, रिमझिम, अनिल ,दीनानाथ कुकर, छात्र सन्नी, मनीष, शिवम, प्रेम,अमन समेत अन्य शिक्षक व छात्र शामिल हुए।

# जिला पार्षद अध्यक्ष ने पंचायती राज मंत्री को बस पड़ाव निर्माण के लिए लिखा पत्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वाल्मीकिनगर।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश को जिला पार्षद अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो ने लिखित आवेदन देकर वाल्मीकिनगर में बस पड़ाव के निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग से 7 एकड़ भूमि स्थानांतरण या लीज पर देने का आग्रह किया है। साथ में बिहार सरकार के उप सचिव गोविंद चौधरी को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया है कि वाल्मीकि नगर पर्यटन नगरी है। परंतु यहां सुव्यवस्थित बस पड़ाव नहीं होने के कारण आम यात्री सहित पर्यटकों को आवागमन में पार्किंग और भीड़ प्रबंधन में काफी समस्या होता है। भुमि उपलब्ध होने पर बस पड़ाव का निर्माण जिला परिषद द्वारा वाल्मीकिनगर में कराया जा सकेगा। जिला पार्षद अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो ने बताया कि वाल्मीकिनगर पर्यटन नगरी होने के बावजूद उचित बस पड़ाव नहीं होने के कारण पर्यटक सहित आम यात्री को समस्या का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग से बस पड़ाव के लिए 7 एकड़ भूमि आवंटित करने के लिए पंचायती राज मंत्री को पत्र लिखा गया है।इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए बिहार सरकार पंचायती राज विभाग के उप सचिव गोविंद चौधरी ने अपने विभागीय पत्रांक 5121 के द्वारा संयुक्त सचिव जल संसाधन विभाग पटना को पत्र जारी कर जिला पार्षद बेतिया के अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो द्वारा मंत्री पंचायती राज विभाग को आवेदन दे कर बस पड़ाव निर्माण हेतु जल संसाधन विभाग की उपलब्ध भूमि जिला पार्षद पश्चिमी चंपारण को हस्तांतरित करने का आग्रह किया है ।

# संस्कार भारती द्वारा प्रशांत सौरभ को किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेतिया।** राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर प्रशांत सौरभ को संस्कार भारती द्वारा किया गया सम्मानित जो चम्पारण सहित सबके लिए गर्व कि बात है। प्रशांत सौरभ जैसे बाँसुरी वादक कलाकार चम्पारण की धरती पर हैं। ये जब बाँसुरी बजाते हैं तो श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। सभी पूरी तन्मयता से संगीत में खो जाते हैं। इनका सम्मान पूरे जिले का सम्मान है, सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान है। उपर्युक्त बातें संस्कार भारती द्वारा प्रशांत सौरभ के लिए आयोजित सम्मान समारोह में संस्कार भारती के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष डॉ दिवाकर राय ने कही। वे प्रशांत सौरभ उर्फ प्रशांत कुमार को राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान के गोपालगंज में आयोजित छठवें अधिवेशन में पंडित जवाहर प्रसाद राष्ट्रीय संगीत सम्मान मिलने के उपलक्ष्य में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र शरण ने प्रशांत सौरभ के बहुआयामी व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रशांत सौरभ एक कुशल वक्ता हैं, अच्छे गायक हैं, प्रभावी मंच संचालक हैं, योग्य शिक्षक हैं, संस्कृत भाषा के विशेषज्ञ हैं, हिन्दी और भोजपुरी के मंचीय कवि हैं, लोक सम्पर्क के माहिर खिलाड़ी हैं, अत्यन्त संस्कारक्षम तथा व्यवहार कुशल हैं और बाँसुरी के तो चंपारण में अकेले उस्ताद हैं। कुल मिलाकर प्रशांत जी का व्यक्तित्व सागर की भांति अथाह और विस्तृत है। ये बेतिया के गौरव हैं। ज्ञातव्य हो कि बेतिया निवासी प्रशांत सौरभ को बाँसुरी वादन में लगातार प्रसिद्धि मिल रही है। राष्ट्रीय भोजपुरी संस्थान के गोपालगंज में आयोजित छठवें अधिवेशन में इन्हें पंडित जवाहर प्रसाद राष्ट्रीय संगीत सम्मान से नवाजा गया है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मान है जो संगीत के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के लिए प्रतिवर्ष एक लोकप्रिय कलाकार को दिया जाता है। इसके पूर्व ये संगीत नाटक अकादमी के द्वारा सिक्किम के गंगटोक में अन्तरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध बाँसुरीवादक चेतन जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित बाँसुरीवादन के लिए कार्यशाला में बिहार का नेतृत्व कर चुके हैं। आपने सिक्किम सेंट्रल यूनिवर्सिटी के संगीत प्राध्यापक डॉ संतोष कुमार के सान्निध्य में बाँसुरी वादन का प्रशिक्षण लिया है। संस्कार भारती द्वारा आयोजित इस सम्मान कार्यक्रम में उत्तम मोटानी, कुंदन शांडिल्य, गुड्डू सिंह, अंशुमन कुमार, श्याम कुमार, शबा खानम, चंदन झा, संतोष आनंद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता से दरिंदगी मामले में अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार, वीडियो वायरल करने वालों पर शिकंजा



**नालन्दा**। नालंदा में शादीशुदा महिला के साथ गैंगरेप की कोशिश मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले में अब तक 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। अपराध अनुसंधान विभाग (कमजोर वर्ग) के अपर पुलिस महानिदेशक डॉ. अमित कुमार जैन ने बताया कि पुलिस इस संवेदनशील कांड में वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है। घटना बीते 26 मार्च की रात की है। जब तीन बच्चों की मां और अकेले रह रही महिला के साथ असामाजिक तत्वों ने अभद्रता और हिंसा की। अगले ही दिन नूरसराय थाना में कांड दर्ज किया गया, जिसमें शुरुआत में विभिन्न धाराओं के तहत तीन लोगों को नामजद किया गया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया और एक महिला पुलिस पदाधिकारी को अनुसंधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। जांच के दौरान पीड़िता ने छेड़खानी और दुष्कर्म के प्रयास के गंभीर आरोप लगाए, जिसके बाद पुलिस ने मामले में धारा 70(1) और 62 बीएनएस सहित आईटी एक्ट की कड़ी धाराएं जोड़ दी हैं। पुलिस की कार्रवाई अब तक काफी प्रभावी रही है। नामजद तीन अभियुक्तों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। इसके अलावा, घटना के वीडियो फुटेज के आधार पर छह अन्य सह अभियुक्तों की पहचान कर उन्हें भी दबोच लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल जब्त किए हैं। जांच के लिए एफएसएल लैब भेजा गया है, ताकि तकनीकी साक्ष्य जुटाई जा सकी। फिलहाल चार अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पीड़िता की पहचान उजागर करने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में साइबर थाने में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

एडीजी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी पीड़िता की पहचान सार्वजनिक करना एक गंभीर और दंडनीय अपराध है। बिहार पुलिस की सोशल मीडिया यूनिट लगातार निगरानी कर रही है और नोडल एजेंसी के माध्यम से आपत्तिजनक सामग्रियों को इंटरनेट से हटाया जा रहा है। पुलिस ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि ऐसे किसी भी वीडियो को साझा या फॉरवर्ड न करें, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर डीएसपी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पांच यूट्यूबर के प्रोफाइल को चिन्हित किया गया है। जबकि इंडिविजुअल प्रोफाइल पर भी मामला दर्ज किया गया है। वैसे व्यक्ति जिन्होंने वीडियो को शेयर किया है, वह भी रडार में है।

### नालंदा में एनएमसीएच की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मृतका के पिता बोले- दामाद का अफेयर

**नालंदा**। नालंदा के इस्लामपुर में पटना एनएमसीएच में नर्सिंग की छात्रा की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्रा विवाहित थी और जीएनएम की ट्रेनिंग भी कर रही थी। घटना रुपांचक गांव की है, जहां छात्रा अपने पति के साथ रह रही थी। मृतका की पहचान नीतीश कुमार की पत्नी 28 साल की कुमारी खुशबू के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग खुशबू के ससुराल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता उमेश प्रसाद ने शुक्रवार को इस्लामपुर थाने में अपने दामाद नीतीश कुमार समेत ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। प्राथमिकी में दामाद के किसी अन्य महिला के साथ अवैध संबंध होने की बात भी कही गई है और आशंका जताई गई है कि इसी विवाद के कारण खुशबू की हत्या कर दी गई।

दूसरी ओर, मृतका के पति नीतीश कुमार ने इन सभी आरोपों को गलत बताया है। नीतीश का कहना है कि खुशबू काफी समय से माइग्रेन की बीमारी से ग्रस्त थी और इसी वजह से वह भारी मानसिक तनाव में रहती थी। उसने बताया कि वह अक्सर बीमारी के कारण रोती थी और इसी अवसाद के चलते उसने घर के अंदर हैंगर के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। नीतीश ने बताया कि जब ये घटना हुई तब घर के लोग ऊपरी मंजिल पर थे और नीचे आकर दरवाजा तोड़ने तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस अब इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है कि यह महज आत्महत्या है या सोची-समझी हत्या। इस्लामपुर थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने बताया कि लड़की के पिता की ओर से प्रताड़ना और दूसरे अफेयर को लेकर हत्या का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। बता दें कि मृतका के तीन छोटे बच्चे हैं और वह अपने बेहतर भविष्य के लिए पटना में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

### गयाजी में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका




**गया**। गया में आज कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया। शहर के टावर चौक पर आयोजित इस विरोध कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाया। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने आरोप लगाया कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है, लेकिन केंद्र सरकार इसे नियंत्रित करने में विफल रही है। नेताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाड़ी क्षेत्र में युद्ध जैसी परिस्थितियों का असर वैश्विक बाजार पर पड़ रहा है, लेकिन सरकार ठोस कदम उठाने के बजाय केवल बयानबाजी में व्यस्त है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से देश में कई जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिससे आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर में 218 की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, प्रीमियम पेट्रोल 11 प्रति लीटर और डीज़ल 1.5 प्रति लीटर महंगा हुआ है। लगभग 900 आवश्यक दवाओं की कीमतों में भी 10 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे बिस्किट, ब्रेड और चप्पल तक के दाम बढ़ गए हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। इस मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू और गया जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी सहित कई स्थानीय नेताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना की। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार आम जनता को राहत देने के बजाय तेल कंपनियों को फायदा पहुंचा रही है, केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती का लाभ कंपनियों को मिल रहा है, आम लोगों को नहीं।

# डीएसपी पब्लिक स्कूल का 15वां वार्षिकोत्सव भव्य अंदाज में संपन्न, बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीता दिल

♦ इमामगंज में डीएसपी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित प्रतिभाओं को मिला मंच और सम्मान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






इमामगंज। इमामगंज-रानीगंज मुख्य मार्ग पर स्थित डीएसपी पब्लिक स्कूल का 15वां वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। पूरे परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला, जहां छात्रों की प्रतिभा और विद्यालय की उपलब्धियों का शानदार प्रदर्शन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, थानाध्यक्ष अमित कुमार, बीसीओ जय प्रकाश कुमार, विद्यालय के डायरेक्टर के देवी, प्रिंसिपल सुमित कुमार एवं मैनेजिंग डायरेक्टर गुड्डू कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्रों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जिससे पूरे माहौल में उत्साह और गर्व का भाव नजर आया। अपने संबोधन में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे अभिभावकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान और कौशल विकास पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। वहीं बीडीओ संजय कुमार ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि खेल, कला, संगीत और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को भी बराबर महत्व देना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने पिछले 15 वर्षों की उपलब्धियों को साझा करते हुए संस्थान की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। गीत, नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रतिभा देखकर अभिभावक और अतिथि तालियां बजाने को मजबूर हो गए। इस अवसर पर डायरेक्टर के देवी, समाजसेवी अशोक प्रसाद, प्रिंसिपल सुमित कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर गुड्डू कुमार, बबलू कुमार सहित शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# दो अलग-अलग मामलों में 3 बदमाश गिरफ्तार हत्या की कोशिश के आरोपी को दबोचा

♦ नकली नोट के जरिए धोखाधड़ी करते दो अपराधी अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी शहर में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें हत्या के प्रयास और नकली नोटों के जरिए धोखाधड़ी के मामले शामिल हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास का एक मामला सामने आया। वादी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह रुपए के लेन-देन के सिलसिले में गया बाजार गया था। इसी दौरान रिशु गुप्ता अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब वादी ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया और किसी तरह अपनी जान बचाकर पुलिस के पास पहुंचा।

**पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा:** इस संबंध में कोतवाली थाना में कांड संख्या 177/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रिशु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। रिशु गुप्ता टिकारी रोड, कोतवाली थाना, गया का निवासी है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

**नकली नोटों के जरिए धोखाधड़ी मामले में दो शातिर ठग रंगेहाथों गिरफ्तार:** वहीं, गयाजी शहर में नकली नोटों के जरिए धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला भी सामने आया है, जिसमें दो शातिर ठगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। घटना 02 अप्रैल 2026 की है। एक व्यक्ति ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई कि दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर आए और उसे 6 लाख रुपये के बदले 9 लाख रुपए देने का लालच दिया। प्रलोभन में आकर जब वादी ने पैसों की जांच की, तो उसने पाया कि नोटों के बंडल के ऊपर और नीचे असली नोट थे, जबकि बीच में सादे कागज रखे गए थे। इस धोखाधड़ी की जानकारी मिलते ही वादी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इन मामलों में आगे की जांच कर रही है।

**पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार:** सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में कोतवाली थाना कांड संख्या 178/28 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोलू कुमार पटेल और बलराम यादव के रूप में हुई है, जो कैमूर (भभुआ) जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कार, दो बंडल नकली नोट (सादे कागज), एक टेप और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह एक संगठित धोखाधड़ी गिरोह का हिस्सा हो सकता है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# जीतनराम मांझी के घर से 1.5 किमी दूर लगी आग



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में आज दोपहर अचानक आग गई। देखते ही देखते सैकड़ों किसानों की मेहनत और सपने को आग ने राख कर दिया। घटना अतरी विधानसभा के सरबहदा थाना क्षेत्र के नैली गांव की है। बता दें कि आग केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के घर से डेढ़ किलोमीटर दूर लगी है। जिसे 3 घंटे में फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाया है। गांव के करीब 1000 बीघा में गेहूं की फसल लगी। इनमें से अब तक करीब 300 बीघा फसल जलकर पूरी तरह राख हो चुकी है। आग अभी भी कई हिस्सों में सुलग रही है और फैलने का खतरा बना हुआ है। अब तक 60 लाख का नुकसान हो चुका है।

**200 घरों के किसान प्रभावित:** ग्रामीणों ने बताया कि आग अचानक खेत के एक हिस्से से उठी और हवा के साथ तेजी से फैलती चली गई। कुछ ही मिनट में कई खेत इसकी चपेट में आ गए। गांव के करीब 200 घरों के किसान इस आग से प्रभावित हुए हैं।

**दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीः** आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से भी लोग दौड़े कर चले आए। घंटों तक ग्रामीण खुद आग बुझाने में लगे रहे। लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती, तब तक हालात बेकाबू हो चुके थे। गांव के सूरजभान सिंह और धीरज सिंह ने बताया कि सूचना देने के करीब दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची। तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। फिलहाल मौके पर तीन गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं, जबकि गया और बोधगया से दो और गाड़ियां मंगाई गई हैं।

**40 से ज्यादा किसानों की फसल राख:** इस आग में राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, पवन कुमार, विनीत सिंह समेत करीब 40 किसानों की फसल पूरी तरह जल गई है। खेतों में खड़ी कनक सरीखे सुनहरी फसल अब काली राख में बदल चुकी है।

**साल भर की उम्मीद भी खत्म हुई:** पीड़ित किसानों का कहना है कि यह सिर्फ फसल नहीं जली, बल्कि उनकी सालभर की उम्मीद भी खत्म हो गई। अब घर चलाना मुश्किल हो जाएगा। कई किसानों ने कहा कि अगर समय पर फायर ब्रिगेड पहुंच जाती तो नुकसान इतना बड़ा नहीं होता।

**नुकसान का आंकड़ा 60 लाख के पार:** पीड़ित राहुल कुमार के मुताबिक करीब 300 बीघा में 50 से 60 लाख रुपए की फसल जल गई है। इतनी बड़ी तबाही ने गांव की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी है। यह इलाका पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के गांव महकार से सटा हुआ है। घटना स्थल उनके घर से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर है। आग लगने की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। किसानों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं- किसी की लापरवाही या फिर जानबूझकर आग लगाने की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

सरबहदा थाना अध्यक्ष निशा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल प्राथमिकता आग पर काबू पाने की है। आग लगने के कारणों की जांच बाद में की जाएगी। गांव में अब एक ही मांग उठ रही है कि किसानों को मुआवजा मिले। किसानों का कहना है कि सरकार तत्काल नुकसान का आकलन कर मुआवजा दे, नहीं तो हालात और बिगड़ेंगे। फिलहाल दमकल की टीमें आग बुझाने में जुटी हैं। प्रशासन कोशिश में है कि आग और आगे न फैले। लेकिन जो नुकसान हो चुका है, उसने नैली गांव के सैकड़ों परिवारों को गहरे संकट में डाल दिया है। यह टीस से उबरने में उन्हें सालों से लग जाएंगे।

# पीड़िता के परिजन से मिले पप्पू यादव, 50 हजार की मदद, बोले- दोषियों के हाथ काट देने चाहिए

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा**। नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ हुई दिल दहला देने वाली घटना ने न केवल कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है, बल्कि सामाजिक नैतिकता पर भी गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। इस घटना को लेकर प्रदेश की सियासत पूरी तरह गरमा गई है। शुक्रवार को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। भावुक और आक्रोशित नजर आ रहे सांसद ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए 50,000 रुपए आर्थिक सहायता दी, ताकि वे अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब तक इस मामले में स्पीडी ट्रायल के जरिए दोषियों को कड़ी सजा नहीं मिल जाती, तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे।

**मनचलों पर लगाम कसने में सरकार-प्रशासन विफल:** पप्पू यादव ने नालंदा में बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं पर गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त की। वर्ष 2018 से लेकर अब तक नगरनौसा, हिलसा और जिले के अन्य हिस्सों में महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी और उनके वीडियो वायरल किए जाने की घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार को घेरा। सवाल उठाया कि आखिर नालंदा की धरती पर ही बार-बार बेटियों के साथ ऐसी बर्बरता क्यों दोहराई जा रही है। सांसद ने समाज की मानसिकता पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि किसी भी घटना के बाद महिला को ही 'बदचलन' कह देना एक आसान और घटिया प्रक्रिया बन गई है। किसी की पत्नी या बहन के निजी अंगों पर हाथ डालने का हक किसी को नहीं है। ऐसी घिनौनी सोच रखने वालों के हाथ काट दिए जाने चाहिए। सरकार इन मनचलों पर लगाम कसने में विफल क्यों साबित हो रही है।

**सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेंगे:** सांसद पप्पू यादव ने समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन, जैसे स्मैक, व्हाइटनर और ड्रग्स को इन अपराधों की मुख्य जड़ बताया। युवाओं से अपनी बहन-बेटियों के प्रति सम्मान रखने की अपील की। मणिपुर और पटना के सामूहिक दुष्कर्म कांड का उदाहरण देते हुए मूकदर्शक बने रहने वाले समाज को भी आइना दिखाया। उन्होंने कहा कि आज लोग मदद करने के बजाय वीडियो बनाने में मशगूल रहते हैं, जो एक डरे हुए और संवेदनहीन समाज की निशानी है। इस लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाकर ही दम लेंगे। अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई हो जो नजीर बने, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी हिमाकत न कर सके।

# 'ममता बनर्जी की सरकार में हिंदू सुरक्षित नहीं है'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी शहर में शुक्रवार को दो अलग-अलग कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद शिवेश राम शामिल हुए। एक तरफ रविदास समाज ने उनका भव्य स्वागत किया, तो दूसरी ओर भाजपा की संगठनात्मक बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को मिशन मोड में उतरने का संदेश दिया। रविदास समाज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा जुटे। फूल-माला और नारों के बीच सांसद का जोरदार स्वागत हुआ। इस मौके पर शिवेश राम ने सीधे युवाओं को टारगेट करते हुए कहा कि हम बाबा साहेब के विचारों पर चलने वाले लोग हैं। उन्होंने हमें संविधान दिया, उसी से हम अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया। कहा कि बाबा साहेब 14 भाई-बहन में थे, लेकिन आज पूरा देश उन्हें याद करता है। वजह साफ है। उनकी शिक्षा। इसलिए हर समाज का एक ही लक्ष्य होना चाहिए- पढ़ाई और जागरूकता। बिना शिक्षा के अधिकार की लड़ाई अधूरी है।

**रविदास समाज के बेटे को संसद में भेजना, पूरे समाज का सम्मान:** सांसद ने भाजपा का आभार जताते हुए कहा कि रविदास समाज के बेटे को संसद भेजना सिर्फ मेरा सम्मान नहीं, पूरे समाज का सम्मान है। उन्होंने बिहार की राजनीति पर भी टिप्पणी की और कहा कि 2005 के बाद राज्य लगातार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। एनडीए के नेतृत्व में यह रफ्तार आगे भी जारी रहेगी। वहीं उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनाव पर कहा कि इस बंगाल में एनडीए की सरकार बनने जा रही है क्योंकि जनता जान चुकी है कि ममता की सरकार में हिंदू सुरक्षित नहीं है। उन्होंने बांग्लादेश का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह से बांग्लादेश में बीते दिनों दलित हिंदुओं के साथ अत्याचार अन्याय बलात्कार हुआ था। ऐसी घटना ममता की सरकार में हो सकती है। इस बात को बंगाल की जनता समझ चुकी है। इसलिए यह तय है कि पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनने जा रही है।



**भाजपा स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक:** इधर, गया जिला पूर्वी मुख्यालय में भाजपा की कार्यकर्ता बैठक भी हुई। 6 अप्रैल को होने वाले पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय कुमार मांझी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद शिवेश राम मौजूद रहे। बैठक में सांसद ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास से जोड़ते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद किया। कहा कि 1980 में भाजपा की स्थापना राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के मुद्दे पर हुई थी। आज भी कार्यकर्ता उसी विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं।

प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम को हर बूथ पर सुना जाए और सरल ऐप पर इसकी जानकारी अपलोड की जाए। बैठक में जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, विनोद सिंह, अशोक शर्मा, जिला प्रभारी सुरेश शर्मा, पूर्व सांसद रामजी मांझी समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# होटल की छापेमारी में 75 लोगों को पुलिस ने पकड़ा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## आपत्तिजनक वस्तुएं दवाइयां भी बरामद



**विक्रमगंज (रोहतास):** बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में देह व्यापार की आशंका में एक बड़ी कार्रवाई की गई है। अनुमंडल क्षेत्र के मलियाबाग स्थित प्रकाश उत्सव भवन, जो सूरज मैरिज हॉल के नाम से चलता है, में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में 75 महिला, पुरुष और युवक-युवतियों को पकड़े जाने की बातें सामने आ रही है।इस कार्रवाई में डॉक्टर से लेकर मास्टर तक शामिल पाए गए हैं। मैरिज हॉल के अंदर लगभग सभी कमरों में आपत्तिजनक स्थितियों मे महिला - पुरुष पाए गए। यहां तक कि बेकार पड़े कबाड़ रूम में भी कुछ लोगों को पुलिस ने दबोचा। बताया जाता है कि इस स्थान को ऐसे लोग अश्लील कार्यों के लिए इस्तेमाल करते थे, जिससे होटल संचालक को मोटी कमाई होती थी।इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई हुई। अंचल पदाधिकारी और उनके गाड्र्स के सहयोग से, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अन्य थाने की पुलिस के साथ छापेमारी की गई और 80 के आसपास महिला-पुरुष को पकड़ा गया।बता दें कि इसके दो दिन पूर्व ही सांझौली के संगम होटल में भी इस तरह की कार्रवाई हुई थी, जहां महिला-पुरुष को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा गया था। पुलिस के द्वारा पकड़े गए इन संदिग्ध महिला-पुरुषों को विभिन्न वाहनों में भरकर ले जाया गया।एक ओर जहां पुलिस के द्वारा हुई इस कार्रवाई और बड़े पैमाने पर लोगों के संलिप्त होने की चर्चा जोरों से चल रही है, तो वहीं इस पर कई तरह के सवाल भी खड़े किए जा रहे हैं। आखिर किनके संरक्षण में मैरिज हॉल और उत्सव भवन के नाम पर ये धंधे चलाए जाते हैं? यह एक गंभीर मुद्दा है, जिस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## संझौली के खैरा भूतहा में मछली नहीं देने पर मारी गोली, युवक की मौत, गांव में मचा हड़कंप



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**संझौली** थाना क्षेत्र के खैरा भूतहा गांव में शुक्रवार को मछली नहीं देने पर गोली मार दी। जिसमें युवक की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई। इस गोलीबारी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ बिक्रमगंज सिंधु शेखर सिंह, थानाध्यक्ष सझौली पुनम कुमारी घटना स्थल पर पहुंचकर हत्यारे को गिरफ्तार कर ली है। एसडीपीओ ने बताया कि खैरा भूतहा निवासी स्व. बंगाली पासवान के 32 वर्षीय पुत्र बच्चा पासवान उर्फ भुंडा गांव में मछली बेच रहा था। इसी दौरान गांव के हीं रबिश लाल पिता मोहन लाल वहां मछली खरीदने के लिए पहुंचा। वह जिस प्रकार की मछली की मांग कर रहा था, बिक्रेता उस तरह की मछली देने में असमर्थता व्यक्त की। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसमें रबिश ने देशी कट्टा से गोली चला दी। जो बिक्रेता को सामने से लग गई। गोली लगते हीं वह झटपटाने लगा। जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार मौके के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है।घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीती रात अज्ञात चोरो ने मंदिर से सामान की चोरी

**कोचस (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के बलथरी कुटिया बस स्टैंड के समीप दुर्गा मंदिर एवं ब्रह्म स्थान से गुरुवार को हजारों रुपये की समान चोरी हो गयी। इस सम्बन्ध में पुजारी श्याम बिहारी राय ने बताया कि गुरुवार की सुबह लगभग सात बजे दुर्गामंदिर का दरवाजा खोला तो मंदिर में लगा बड़ा घंट एवं पीतल की बाल्टी समेत पूजन की थाली,लोटा एवं दान पेटी गायब था।वहीं जब ब्रह्म स्थान का दरवाजा खोला तो उसमें टंगे आधा दर्जन से अधिक घंट व लाउड स्पीकर गायब था। इस सम्बन्ध में कोचस थाना पर सूचना देने गये तो रामपुर से पकड़े चोर कपसिया निवासी इमरान खान थाना पर आया था। जो एक दिन पहले बलथरी कुटिया पर उसे देखा गया था।

### साईबर ठगो से सचेती के लिए वाटसॉप ग्रूप में बघैला पुलिस ने किया संदेशित

**राजपुर**। साइबर फ्रॉड के द्वारा वेबसाइट से पुलिस में दर्ज एफआईआर कॉपी डाउनलोड करके डिटेल्स जानकारी जुटाकर पीड़ित पक्षों से पैसा ऐठने का काम धडल्ले से चल रहा है.जिसकी जानकारी मिलने पर गुरूवार को बघैला पुलिस ने अपने सरकारी नम्बर के वाटसॉप ग्रूप के माध्यम से क्षेत्र के पब्लिक को साईबर ठगों से सचेत रहने के लिए संदेशित किया गया है. थानाध्यक्ष करन कुमार ने ग्रूप में लिखित करके बताया है कि फोन करके केस में मदद करने का नाम पर थाना का नाम लेकर पैसा की मांग की जाती है. ग्रामीणों से अनुरोध है कि कभी भी इस झांसे में न आवे और किसी को पैसा न दे. उन्होंने बताया है कि क्षेत्र में ग्राम लीलारी,कुझी,मँझियाव,खैरही एवं कर्मकिला के लोगो को साइबर फ्रॉड द्वारा थाना का नाम लेकर फोन से पैसा मांगा गया है.यह पुरी तरह से फ्राड है.इस तरह का डिमांड पर कभी भी पैसा न भेजे.

### शराब के नशा में दो लोग गिरफ्तार

**राजपुर**। स्थानिय पुलिस ने गुरूवार को शराब के नशा में हंगामा करने के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया. थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि मंगरवलिया गांव निवासी अली मोहम्मद का बेटा नसीमुद्दीन अंसारी एवं प्रिंस कुमार अपाची बाईक से शराब के नशा में जा रहे थे.इस दौरान एक टेंपू चालक के साथ गाड़ी टकराव को लेकर हंगामा कर रहे थे.मौके पर पहुंच पुलिस ने दोनों को धर दबोचा.आवश्यक कारवाई के उपरांत दोनों को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया.

### काराकाट गोडारीः 12वीं आर्ट्स टॉपर्स का शानदार सम्मान समारोह, विधायक अरुण कुमार सिंह ने किया उद्घाटन



**रोहतास**। रोहतासके काराकाट नगर पंचायत गोडारी में 12वीं आर्ट्स के मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्घाटन काराकाट के वर्तमान विधायक अरुण कुमार सिंह ने किया। विधायक अरुण कुमार सिंह ने उप मुख्य पार्षद रविश रंजन के साथ मिलकर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा ही देश का भविष्य है। उन्होंने मेधावी छात्रों की कड़ी मेहनत की सराहना की, जिन्होंने अपने परिवार, संस्थान और रोहतास जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में विधायक ने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण सभी छात्रों को मेडल और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया।

### अस्पताल में चालु हुआ शिशु स्तनपान सेंटर, सम्बन्धित समस्या का होगा निदान




**राजपुर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात शिशुओं को सही तरीके से स्तनपान कराने के लिए माताओं को प्रशिक्षण हेतु सेंटर चालु हो गया है.सेंटर पर पहुंचकर अब मताएं अपने शिशुओं को स्तनपान कराने में आने वाले समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकती हैं. जानकारी देते हुए डाक्टर राकेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में गर्भवती माताओं का प्रसव कार्य रेगुलर होता है.प्रतिमाह काफी संख्या में शिशुओं का जन्म होता.इस दौरान माताओं को शिशुओं को स्तनपान कराने मामले में कई तरह की दिक्कतें आती है.किसी को दुध नहीं होता या काफी कम मात्रा में होता है.नई नवेली माताएं बच्चे को सही तरीके से स्तनपान करानी की विधि से अनभिज्ञ होती हैं.अब इस तरह की सभी समस्याओं का समाधान के लिए सेंटर पर एक्सपर्ट लेडिज सपोर्ट प्राप्त होगा.मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित कुमार, अस्पताल मैनेजर संदीप कुमार, एकाउंटेंट बिनोद द्विवेदी, कर्मी नवीन कुमार गौतम,बडा बाबु मनोज कुमार, आशा प्रबन्धक विकास कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे.

### सनातन संस्कृति चेतना संघ की मंच से दिनारा विधायक ने गौ हत्या बंद की भरी हुक्कार



**बिक्रमगंज (रोहतास)**। काराकाट में गुरुवार को सनातन संस्कृति चेतना संघ के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष महोत्सव का आयोजन किया गया।इस आयोजन में कई संत-महात्मा एवं प्रबुद्ध जन पहुंचे। सभी ने भारतीय नस्ल की गाय पालन एवं उसके संरक्षण पर बल दिया। दिनारा विधायक आलोक सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हम सनातनी हैं और गौ रक्षा हमारा फर्ज नहीं धर्म है।गौ हत्या पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगने की बात करते हुए इसके प्रति सदन में स्वयं द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उन्होंने जिक्र किया।मंच से आह्वान किया कि हम इसके लिए संकल्पित है और सभी को इस मुहिम में सहभागी बनने का अपिल किया। आयोजनकर्ता सह कार्यक्रम के अध्यक्ष रामजी पांडे उर्फ बड़क बाबा को इस आयोजन एवं गौ रक्षा मुहिम के लिए प्रशंसा करते हुए हर कदम पर सहयोग करने का भरोसा दिया। वहीं मंच संचालन कर रहे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सह वरीय पत्रकार संतोष भंडारी ने स्व रचित विषयगत कविताओं से लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजक मंडल द्वारा विधायक आलोक सिंह को अंगवस्त्र एवं गौ माता का प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर आरएसएस के नगर संघचालक अखिलेश पांडेय, प्रेमानंद महाराज, संजय तिवारी, दिनेश पान्डेय,हरेन्द्र मिश्रा, काशी नाथ सिंह, चुन्नू तिवारी, रोहित तिवारी एवं राकेश पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## खुशियों की बारिश में भीग गया प्रज्ञा पुंज वार्षिक परीक्षा में बच्चों ने रचा नया इतिहास

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बिक्रमगंज /रोहतास** : नगर के आरा रोड स्थित प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल का सभागार शुक्रवार को खुशी और उत्साह से गूंज उठा । सालभर की मेहनत और लगन का परिणाम सामने आया और जैसे ही वार्षिक परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए,बच्चों के चेहरे की मुस्कान ने पूरे स्कूल को जगमगा दिया । विद्यालय की संस्थापिका संगीता शर्मा और निदेशक अभिजीत आनंद ने अपने प्रेरक नेतृत्व में परिणाम की घोषणा की । उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अंकों का उत्सव नहीं है,बल्कि मेहनत,आत्मविश्वास और बच्चों के सपनों की जीत है । संस्थापिका संगीता शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने इस वर्ष दिखा दिया कि मेहनत और लगन के सामने कोई भी चुनौती टिक नहीं सकती । हर अंक,हर सफलता, बच्चों की मेहनत का परिणाम है । हम चाहते हैं कि यही प्रेरणा उन्हें जीवन भर आगे बढ़ाती रहे । निदेशक अभिजीत आनंद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप सफल हुए हैं,लेकिन याद रखिए यह सिर्फ शुरुआत है । अपने सपनों को ऊंचाई देने के लिए लगातार मेहनत करना सीखिए,आप सभी हमारे गर्व हैं । उक्त अवसर पर छोटे-छोटे चेहरे पर चमक,उत्साह और गर्व देखकर अभिभावकों और शिक्षकों की आंखों में भी खुशी के आंसू नजर आए । संयोग से कुछ बच्चे अपने नतीजों की खुशी में गले मिलते और कूदते नजर आए,जिससे पूरा सभागार हंसी और खुशियों की गूंज से भर गया । शिक्षकों ने भी अपनी प्रेरक बातें बच्चों के साथ साझा कीं और कहा कि यही सफलता बच्चों की लगन और सकारात्मक दृष्टिकोण का नतीजा है । इस प्रकार प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल ने न केवल शिक्षा में,बल्कि बच्चों के सपनों,आत्मविश्वास और उत्साह में भी एक नया इतिहास रचा । आज का दिन बच्चों के लिए सिर्फ परिणाम का नहीं,बल्कि उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बनकर याद रहेगा ।

## कौपा फॉल के पास ट्रैक्टर की टक्कर से 22 वर्षीय बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भोजपुर जिले के हसन बाजार थाना क्षेत्र के नुआव निवासी सुरेश राम के 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार अपनी स्प्लेंडर बाइक से भौजाई के घर (काराकाट के कोनी गांव) लौट रहे थे। कौपा स्थित सरकारी फॉल के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रैक्टर चालट में पलट गया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। अभिषेक का बायां पैर पूरी तरह टूट गया और सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर युवक को बचाया। उन्होंने तत्काल एंबुलेंस बुलाई और काराकाट के गोडारी सीएचसी भेजा। सीएचसी के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। अभिषेक के साला सूरज राम ने बताया कि सुबह कोनी से नुआव लौटते समय हादसा हुआ। खबर मिलते ही भाभी के साथ सासाराम पहुंचे। हालत अभी चिंताजनक है। सूचना पर काराकाट पुलिस की गश्ती टीम मौके पर पहुंची। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा, "अनियंत्रित ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर से हादसा हुआ। जांच जारी है, चालक को पकड़ने का प्रयास हो रहा है।

## वृक्षों का जब करेंगे रक्षा तभी बनेगा जीवन अच्छा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बिक्रमगंज /रोहतास** । प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज जिला के तत्वाधान में शहर में अवस्थित काशी घाट जो छठ के लिए काफी मशहूर है। वहां पर अंजाबित सिंह महाविद्यालय के डॉ. कन्हैया सिंह (विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान) के द्वारा काशी घाट सूर्य मंदिर मंच के सामने दो नारियल का पौधा तथा तीन अशोक का पौधा लगाया गया। तथा उन्होंने कहा कि एक वृक्ष 100 पुत्र समान होता है, जैसा कि हमारे वेदों में माना गया है तथा उन्होंने नारा दिया कि पर्यावरण को अगर बचाना है तो वृक्षों को बचाना होगा।

क्योंकि वर्तमान में हम सभी देख रहे हैं कि आज असमय वर्षा, धूप, ओलावृष्टि लगातार हो रहे हैं। ये सब हमारे पर्यावरण में हो रहे बदलाव के कारण है। उसी क्रम में प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज जिला के द्वारा प्रत्येक महीने 5 पेड़ किसी चयनित गांव में लगाया जाता है। आज यह मार्च महीने का पेड़ लगाया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि अप्रैल माह का पौधा लगाने का कार्यक्रम पुनः काशी घाट पर ही किया जाएगा। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध रसायन शास्त्र के विद्वान डॉ. अभिषेक कुमार पाण्डेय, डॉ. अरुण कुमार (प्रज्ञा प्रवाह विभाग संयोजक) डॉ. दिलीप कुमार जिला संयोजक, अजय शंकर तिवारी (सह जिला संयोजक प्रज्ञा प्रवाह) पूजा समिति के अध्यक्ष धीरज कुमार गिरि, स्थानीय बसंत पटेल, राजू पाठक, डॉ. रविकांत पाण्डेय, जावेद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। लोगों ने प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज जिला और डॉ. कन्हैया सिंह जी के प्रयास को अत्यंत ही सराहना की तथा लोगों ने कहा कि इस तरह के समाज में लोग काम है जो छुट्टी के दिनों में भी अपने घर में न रहकर समाज तथा अपने पर्यावरण के लिए काम करते हो।

जहां आजकल लोग छुट्टियों में घर पर या कहीं बाहर घूमने के लिए सोचते हैं वहीं प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज की टीम डॉ. कन्हैया सिंह के नेतृत्व में अपना समय निकाल कर पर्यावरण के संरक्षण हेतु तथा वृद्धि के लिए पेड़ लगा रही है। अंत में सह जिला संयोजक अजय शंकर , डॉक्टर कन्हैया सिंह, विभाग संयोजक डॉ अरुण कुमार, जिला संयोजक डॉ. दिलीप कुमार अध्यक्ष छठ पूजा समिति धीरज गिरी, राजू पाठक, निरंजन ठाकुर, अविनाश मुकेश कुमार सहित सभी को कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दी।

## आठवीं की छात्रा प्रीति को किया गया सम्मानित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के मध्यविद्यालय शोभिपुर के आठवीं के छात्रों कोसम्मान समारोह आयोजित कर विदाई की गयी। प्रधानाध्यापक उषा कुमारी व संरक्षक विनय कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों को उत्साह बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है।

इस अवसर पर सभी आठवीं के छात्रों को मेडल व अन्य पठन सामग्री देकर सम्मानित व विदाई की गई। विनय पाण्डेय ने बताया कि पूरे विद्यालय में सत्र 2025-26 का सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार आठवीं की छात्रा प्रीति कुमारी को दी गयी। इस अवसर पर तिथि भोजन के तहत बच्चों को विशेष भोजन भी कराये गये। मौजूद अतिथि बृजकिशोर चौबे, शिक्षक अलोक कुमार, कामेश्वर पाल, चंदन सिंह समेत अन्य ने छात्रों को सम्मानित किया। मौके पर अभिभावक एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### 30 पेटी देशी शराब बरामद, कारोबारी फरार



**कोचस (रोहतास)**। परसथुआ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक कार से कुल 270 लीटर देशी शराब बरामद किया है। इसकी पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि बीती देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि यूपी से एक लग्जरी कार मे शराब की बड़ी खेप डिलीवर करने के लिए तस्कर लाए है जहां सूचना के बाद हरकत मे आई पुलिस ने परसथुआ नुआंव रोड मे सघन वाहन जांच चलाई गई जहां एक कार को संदिग्ध स्थिति मे देखा गया, जहां कार को जब्त कर तलाशी ली गई जिसमें छुपा कर रखे गए 30 पेटी देशी शराब यानी कुल 270 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को देख शराब तस्कर भागने मे सफल रहे है। वही शराब के साथ कार को जब्त कर पुलिस थाने लाई जहां कार की रजिस्ट्रेशन के द्वारा आरोपियो की पहचान कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

## गौ वंश हिन्दुओं के मानबिंदू इनकी रक्षा करना प्रत्येक हिन्दुओ का कर्तव्य : त्रिलोकी नाथ बागी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास**। प्रेस को सम्बोधित करते हुए भारतीय गौ वंश रक्षण संवर्धन परिषद्, विश्व हिन्दू परिषद् मुख्य वक्ता गौ रक्षा विभाग के केंद्रीय कार्य समिति के सदस्य तथा पटना क्षेत्र के पालक अधिकारी श्री त्रिलोकी नाथ बागी सहित गौ रक्षा विभाग के अधिवक्ता शशांक शेखर एवं रविन्द्र राय के द्वारा गौ रक्षा से सम्बंधित कई विषयों पर अपने अनुभव को बताये जिसमे गौ सेवा, गौ संवर्धन के लाभ को विस्तार पूर्वक बताये हुए अपना विचार व्यक्त किए ।प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि बिना सीमेंट-पानी के जड़ी-बूटियों से बनाया एंटीवायरस मकान

गया जिले के बोधगया के मटिहानी में एक ऐसा अनोखा घर तैयार किया गया है, जो न सिर्फ पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहद खास माना जा रहा है। इस घर के निर्माण में न तो सीमेंट का इस्तेमाल किया गया है और न ही पानी का, बल्कि पूरी संरचना आयुर्वेदिक सिद्धांतों पर आधारित है।

श्री बागी ने कहा कि गोमूत्र और जड़ी-बूटियों से बनी दीवारेंः इस अनोखे घर की दीवारें और फर्श गोमूत्र, गोबर और आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के मिश्रण से तैयार किए गए हैं। ईंटों की जोड़ाई में आंवला, नीम, हरे-बहेड़ा और चूना जैसे तत्वों का किया गया अनोखा मिश्रण पंचगव्य चिकित्सा के अनुसार, मौसम अनुकूल यह झोपड़ा पूरी तरह से एंटीवायरस है पानी की जगह गोमूत्र का उपयोग किया गया है, जबकि सीमेंट के स्थान पर प्राकृतिक तत्वों का सहारा लिया गया है। इसके निर्माण में आंवला, नीम, हर्र, बहेड़ा और चूना जैसे तत्वों का विशेष मिश्रण तैयार किया गया, जो दीवारों को उन्होंने कहा कि बोधगया के मटिहानी के पास जड़ी-बूटियों से बना घर।



त्रिलोकी नाथ बागी

मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्हें जीवाणुरोधी गुण भी प्रदान करता है। पंचगव्य चिकित्सा पर आधारित किया गया निर्माणः उन्होंने बताया कि झोपड़े को बनाने में दो माह का समय, पांच लाख हुए खर्च हुआ उन्होंने कहा बताया कि इस मकान के निर्माण में करीब डेढ़ महीने का समय लगा है और लगभग पांच लाख रुपये की लागत आई है। इसके निर्माण के पीछे उद्देश्य है कि भविष्य में यहां पंचगव्य आधारित चिकित्सा केंद्र संचालित किया जाएगा, जहां पारंपरिक पद्धति से लोगों का उपचार किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि पुराने समय में भी इस तरह की तकनीकों से घर बनाए जाते थे, जो टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल होते थे। उनका कहना है कि प्राकृतिक सामग्रियों से बने घरों में तापमान नियंत्रण बेहतर होता है और स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आंवला, नीम, हर्र बहेड़ा, मेथी, हल्दी, बबूल का गोंद, चूना और रामराज मिट्टी जैसे तत्वों का मिश्रण तैयार किया गया। इसी मिश्रण से ईंटों को जोड़ा गया और दीवारों पर लेप चढ़ाया गया। फर्श का निर्माण भी इसी

**करने का दावा इलेक्ट्रोमैग्नेटिक प्रभाव कमः** श्री बागी ने बताया कि पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार, गोबर और मिट्टी का लेप इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन के प्रभाव को कम करने में सहायक होता है। आयुर्वेदिक नीम, हल्दी और गोमूत्र के गुणों के कारण इस घर में रहने से एलर्जी, अस्थमा जैसी समस्याओं में राहत मिल ने का दावा किया। साथ ही प्राकृतिक सुगंध और शुद्ध हवा भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया।

**हर मौसम में आरामदायक होताः** औषधीय सामग्री से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह निर्माण पंचगव्य चिकित्सा की अवधारणा से प्रेरित है। गोबर और गोमूत्र के साथ जड़ी-बूटियों के उपयोग से झोपड़े को एंटीवायरस बताया जा रहा है।

झोपड़ेनुमा घर की एक और विशेषता इसका प्राकृतिक तापमान संतुलन है। मिट्टी, गोबर और चूना के मिश्रण से बना यह ढांचा गर्मी में ठंडा और सर्दी में अपेक्षाकृत गर्म रहता है।श्री बागी ने कहा कि उत्पादन का भी साबुन, शैंपू ,दिया, गणेश जी की मूर्ति ,लक्ष्मी जी की मूर्ति, गोबर से ईट एवं कुणाल ,फिनायल जैसे बहुत चीज बनाकर बेरोजगार युवक को रोजगार युक्त बनया जाता है इसका प्रशिक्षण भी प्रखंड गांव में आकर हम देंगे ।

## संक्षिप्त समाचार

### टक्कर के बाद 2 ट्रकों में लगी आग

**भागलपुर।** भागलपुर में ट्रक और मिनी ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों में आग लग गई। काफी देर बाद भी काबू नहीं पाया जा सका, जिसके कारण दोनों वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से ट्रक चालक झुलस गया। हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना नवगछिया के खरीक चौक के पास की है।

**2 घंटे तक रोड जाम:** स्थानीय निवासी मिथुन ने बताया कि एक ट्रक पर गिट्टी लदी हुई थी, जो भागलपुर से खगड़िया की ओर जा रहा था। इस बीच खगड़िया से भागलपुर की ओर आ रही मिनी ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के तुरंत बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। करीब 2 घंटे तक रोड जाम रहा।

**जांच में जुटी पुलिस:** वहीं, इस संबंध में खरीक थानाध्यक्ष नरेश ने बताया कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। दोनों वाहनों में आग लग गई थी। जिसे काबू कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### गैस बुकिंग को लेकर लोगों में हड़बड़ी

**अररिया।** खाड़ी देशों में जारी संघर्ष के कारण भारत में एलपीजी आयात प्रभावित होने की आशंका से अररिया जिले में गैस सिलेंडर बुकिंग को लेकर उपभोक्ताओं में हड़बड़ी देखी जा रही है। शुक्रवार सुबह शहर के शिवपुरी स्थित स्टार गैस एजेंसी और निशा गैस एजेंसी पर दर्जनों उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग गईं। ओम नगर वार्ड संख्या 08 निवासी बीएन सिंह ने बताया कि वे पिछले दिन से कंपनी के टोल फ्री नंबर पर बुकिंग का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें हर बार 8 घंटे इंतजार करने का मैसेज मिल रहा है, लेकिन अभी तक डीएसी कोड प्राप्त नहीं हुआ।

**25 दिनों में होनी चाहिए बुकिंग:** एजेंसी पर पूछने पर उन्हें बताया गया कि बुकिंग 45 दिन बाद होगी, जबकि शहरी क्षेत्रों में सामान्यतः 25 दिनों में बुकिंग होनी चाहिए। कई अन्य उपभोक्ता भी इसी शिकायत के साथ एजेंसियों पर पहुंचे थे। निशा गैस एजेंसी के मैनेजर पंकज कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मार्च महीने में उनके यहां 10,599 गैस सिलेंडरों का वितरण हुआ था, जो फरवरी की तुलना में अधिक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले में गैस की आपूर्ति बेहतर है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उनके अनुसार, बैकलॉग केवल 2-3 दिनों का है।

**55 गैस एजेंसियों में आपूर्ति सामान्य:** जिला प्रशासन ने भी जिले की सभी 55 गैस एजेंसियों में आपूर्ति सामान्य बताई है। अधिकारियों के अनुसार, होम डिलीवरी व्यवस्था भी सुचारु रूप से चल रही है। प्रशासन का कहना है कि अफवाहों के कारण अनावश्यक भीड़ बढ़ रही है, जबकि वास्तविक आपूर्ति में कोई बड़ी कमी नहीं है। उल्लेखनीय है कि ईरान युद्ध के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रभावित हुआ है, जिससे भारत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है। भारत में 90 प्रतिशत एलपीजी आपूर्ति इसी समुद्री मार्ग से होती है। इस स्थिति के कारण देशभर में बुकिंग का दबाव बढ़ा है। हालांकि, केंद्र और राज्य सरकारें घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति बनाए रखने का दावा कर रही हैं। अररिया में भी कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उपभोक्ताओं को सलाह दी जा रही है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, नियमित बुकिंग करें और आवश्यकता से अधिक स्टॉक जमा न करें। प्रशासन स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए है।

### शुक्रवार को 2 फीडर में पावर कट

**अररिया।** अररिया जिले में शुक्रवार, 3 अप्रैल को कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा रखरखाव और विकास कार्यों के कारण यह कटौती की जाएगी। सहायक विद्युत अभियंता विकास कुमार ने उपभोक्ताओं से असुविधा से बचने के लिए अपने दैनिक कार्य समय पर पूरे करने का अनुरोध किया है। विभाग के अनुसार, सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक (3 घंटे) 33 केवी जीरोमाइल न्यू फीडर में पोल इरेक्शन का कार्य होगा। इस दौरान सुरक्षा कारणों से विद्युत शक्ति उपकेंद्र अररिया शहरी से निकलने वाले 11 केवी टाऊन फीडर और 11 केवी मार्केटिंग फीडर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इसी अवधि में 33 केवी कुसियारगांव फीडर भी बंद रहेगा, जिससे विद्युत शक्ति उपकेंद्र कुसियारगांव से जुड़े क्षेत्रों में भी 3 घंटे बिजली नहीं आएगी।

**33 केवी गुणवंती फीडर में 10 बजे से कटौती:** इसके अतिरिक्त, 33 केवी गुणवंती फीडर में रखरखाव कार्य के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक (5 घंटे) बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान हांसा, गुणवंती और कालाबालुआ विद्युत शक्ति उपकेंद्रों के सभी 11 केवी फीडरों में बिजली बंद रहेगी। अभियंता विकास कुमार ने बताया कि ये कार्य विद्युत व्यवस्था को मजबूत और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक हैं। पोल इरेक्शन और रखरखाव से भविष्य में बिजली संबंधी समस्याओं में कमी आएगी और आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

**हजारों उपभोक्ता पावर कट से होंगे प्रभावित:** उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इनवर्टर, पावर बैंक या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था पहले से कर लें, विशेषकर अस्पताल, पानी की मोटर और अन्य जरूरी उपकरणों के लिए। अररिया शहरी क्षेत्र के टाऊन, मार्केटिंग, कुसियारगांव, हांसा, गुणवंती और कालाबालुआ सहित आसपास के कई गांवों के हजारों उपभोक्ता इन कटौतियों से प्रभावित होंगे। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य समय पर पूरा होने पर बिजली समय से पहले भी बहाल की जा सकती है। उपभोक्ता किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत कार्यालय या हेल्पलाइन से संपर्क कर सकते हैं।

### हवाई अड्डे पर बढ़ेगी सख्ती, अलग से नोडल अधिकारी तय होंगे

**भागलपुर।** सिविल विमानन विभाग ने एयरस्ट्रिप और एयरोड्रोम की निगरानी को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। विभाग ने जिलाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया है, जिले में मौजूद सभी अनियंत्रित एयरस्ट्रिप की देखरेख के लिए में एक नोडल पदाधिकारी अनिवार्य रुप से नियुक्ति हों। वह एयरस्ट्रिप से जुड़ी सभी गतिविधियों का समन्वय करेंगे, समय-समय पर रिपोर्ट भी वरीय अधिकारी को देंगे। सिविल विमानन विभाग के सचिव डॉ. निलेश रामचंद्र देवरे ने यह निर्देश नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के पत्र के आलोक में जारी किया है। केंद्रीय स्तर पर, हाल ही में महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे ने अनियंत्रित एयरस्ट्रिप की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा की है। इसके बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने सभी राज्यों को सतर्क किया और निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त करके संचालन और निगरानी सुनिश्चित की जाए। अभी ये स्थिति है : एयरपोर्ट की बाउंड्री सच्चिदानंद नगर इलाके में कई जगह टूटी हुई है। लोग अपने स्तर से ईंट लगाकर या सीढ़ी के जरिए परिसर में खेलने से लेकर घास काटने जाते हैं।

# लैब टेक्नीशियन के शरीर पर गिरा जर्जर अस्पताल का मलवा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय के अस्पताल में भवन और समुचित इलाज के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग दावे कर रही है। कुछ अस्पतालों में भवन बने भी, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में स्थित कई अस्पताल में भवन की स्थिति काफी जर्जर है। जिसके कारण लगातार घटनाएं हो रही है। आज बखरी प्रखंड के अतिरिक्त स्वास्थ्य उप केंद्र (APHC) परिहारा मे जर्जर भवन के छत का हिस्सा गिर गया। जिसकी चपेट में आने से ड्यूटी पर कार्यरत लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पीएचसी में उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य अमित कुमार देव ने अतिरिक्त स्वास्थ्य उप केंद्र परिहारा पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जहां भवन की स्थिति खतरनाक रहने के कारण डॉक्टर एवं अन्य कर्मी को उसे भवन में कार्य करने से मना किया और वरीय पदाधिकारी से बात कर तत्काल दूसरा भवन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**कोई दूसरा भवन उपलब्ध नहीं कराने की कही बात:** चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार झा ने बताया कि 8 जुलाई 2025 को भी इस अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिहारा का भवन जर्जर होने की सूचना वरीया पदाधिकारी को दी गई थी। लेकिन न तो ठीक कराया गया और न ही कोई दूसरा भवन उपलब्ध कराया गया है। जर्जर भवन में ही किसी तरह से काम चल रहा है। आज जब लैब टेक्नीशियन अपना काम कर रहे थे, तभी ऊपर से जर्जर छत का कुछ हिस्सा उनके शरीर पर गिर गया। कंधा और सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हालांकि उनकी जान किसी तरह से बच गई। लेकिन यहां हमें जान-माल का खतरा बना हुआ है। इसलिए एक बार फिर लेटर लिखकर तत्काल प्रभाव से सुरक्षित भवन उपलब्ध करने की मांग की गई है उन्होंने बताया कि 2 जुलाई 2024 को अस्पताल के गेट के सामने छत का बड़ा सा टुकड़ा टूट कर गिर गया था।

**बरामदा का भी कुछ हिस्सा टूटकर गिरा था:** बरामदा का भी कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया था। संयोग से उस समय वहां कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। लगातार घटना होने और सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। छत का टुकड़ा टूट कर गिरते रहता है, कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। घटना होने से स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ सकता है।

# करंट लगने से युवक की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका।** बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में गुरुवार शाम बिजली के करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान भोजपुर निवासी महेश सिंह के रूप में हुई है। महेश सिंह अपने घर में पंखे का तार ठीक कर रहे थे। इसी दौरान तार जोड़ते समय अचानक बिजली का करंट प्रवाहित हो गया और वह उसकी चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह मौके पर बेहोश होकर गिर पड़े।

**घटना के समय घर पर थे अकेले:** बताया गया कि उस समय घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। इस कारण उन्हें तुरंत सहायता नहीं मिल सकी और वह कुछ देर तक करंट के संपर्क में ही रहे। कुछ समय बाद जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई, तो वे आनन-फानन में महेश सिंह को इलाज के लिए बांका सदर अस्पताल ले गए। अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. उस्मान गनी ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा मौत की पुष्टि के बाद परिवार में मातम छा गया। महेश सिंह पंखे का तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आए थे। लंबे समय तक करंट के संपर्क में रहने के कारण उनकी हालत गंभीर हो गई थी, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# बंटवारे के समय हमारे पूर्वजों से गलती हुई है

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



◆ गिरिराज सिंह बोले- अगर सभी मुसलमान पाकिस्तान चले जाते तो ओवैसी जैसे लोग नहीं होते

**बेगूसराय।** बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ओवैसी असम के चुनाव में मुसलमान को गेम चेंजर साबित होने की बात कहते हैं। दुर्भाग्य है, जहां आज भी भारत में जिन्ना आपके रूप में है। ओवैसी चाहते हैं कि भारत में 'गजवा ए हिंद' हो। हमारे पूर्वजों से भूल हुई है। अगर बंटवारे के समय सभी मुसलमान को पाकिस्तान भेज दिया गया होता तो आज न असद्दुदीन ओवैसी पैदा लेता और न 'गजवा ए हिंद' की बात करते। ऐसे लोगों को भूलना नहीं चाहिए, देश का नौजवान जग चुका है। अब देश में कोई भी औरंगजेब पैदा लेना चाहेगा तो शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप भी साथ में दिखाई देंगे।

**गरीबी, रोजगार पर कुछ नहीं बोलती हैं:** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल की सीएम पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बंगाल को देश का सबसे अधिक ध्रुवीकरण करने वाले राज्य कहे जाने पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से ममता बनर्जी को सीख लेनी चाहिए। 15 साल के अपने शासनकाल में केवल ध्रुवीकरण की राजनीति की हैं। जनता के सामने न गरीबों की बात करती हैं, न बेरोजगारी की बात करती हैं। ममता बनर्जी न हिंसा की बात करती हैं, न ही दुष्कर्म पर कुछ बोलती हैं। शिक्षकों की बहाली पर भी कुछ नहीं बोलेंगी। मैं बार-बार कहता हूं कि कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग नहीं लागू किया। सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी कि है वह सही है। ममता बनर्जी के रहते वहां निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकता है।

**समस्या के समाधान के निर्देश:** इस दौरान गिरिराज सिंह ने सर्किट हाउस में लोगों के साथ संवाद भी किया। मौके पर दूर-दूर से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। केंद्रीय मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं।

# अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मुंगेर।** मुंगेर में मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शंकरपुर मिल्की गांव में संचालित एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अन्य मौके से फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपियों में हथियार बनाने वाला कारीगर अमित कुमार और खेत का मालिक मुन्ना यादव उर्फ मन्नू शामिल हैं। यह जानकारी गुरुवार को एसपी सैयद इमरान मसूद ने दी।

**झोपड़ी में किया जा रहा था हथियार निर्माण:** एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शंकरपुर मिल्की स्थित एक खेत में झोपड़ी बनाकर अवैध रूप से हथियार निर्माण किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद मुफस्सिल थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक चौबे ने इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। इसके बाद एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर सदर डीएसपी अभिषेक आनंद, थानाध्यक्ष अभिषेक चौबे और एसटीएफ टीम के साथ एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान, पुलिस टीम जैसे ही बताए गए स्थान पर पहुंची, वहां मौजूद तीन लोग भागने लगे।

**पुलिस को देख 2 आरोपी फरार:** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया, जबकि दो अन्य फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने झोपड़ी की तलाशी ली, जहां से अवैध हथियार बनाने का पूरा सेटअप बरामद हुआ। मौके से पुलिस ने दो देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, एक लोहे का बैरल, ड्रिल मशीन, बेस मशीन सहित हथियार निर्माण में प्रयुक्त अन्य उपकरण जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह लंबे समय से गुप्त रूप से हथियार बनाकर उनकी आपूर्ति कर रहा था। एसपी ने गुरुवार को प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध हथियार निर्माण और तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# हाई वोल्टेज तार गिरा, खेत में लगी भीषण आग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र में पुनसिया बस्ती स्थित सोहरा पोखर के पास बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण भीषण आग लग गई। इस घटना में पांच किसानों की लगभग पांच बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब 11 हजार वोल्ट का एक जर्जर बिजली का तार टूटकर खेत के बीचों-बीच गिर गया। तार गिरने से निकली चिंगारी ने तुरंत खेत में लगी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी।

**गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई:** जिन किसानों की फसल जली है, उनमें धर्मवीर यादव, अवधेश साह, गोविंद साह, बौधी साह और छक्कों साह शामिल हैं। उनकी लगभग पककर तैयार हो चुकी गेहूं की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग की लपटें उठते देख आसपास के किसान और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे।

**ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा:** हालांकि, बहियार (खुले खेत) में आग बुझाने के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध न होने के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक पांचों किसानों की लगभग पांच बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। घटना के दौरान कई घंटे तक इलाके में तनाव की स्थिति बनी रही। बताया गया है कि प्रखंड में आग बुझाने के लिए एक भी दमकल वाहन उपलब्ध नहीं है।

**बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया:** पुनसिया निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य रणवीर यादव ने बताया कि जिस जगह यह घटना हुई, वहां बिजली के तार पहले से ही जर्जर स्थिति में थे। इसकी सूचना कई बार दी गई थी, लेकिन विभाग ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण यह बड़ा हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने इस घटना के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। प्रभावित किसानों ने सरकार से तत्काल सहायता राशि प्रदान करने की मांग की है।


## आसनसोल मंडल के तहत ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, आसनसोल मंडल के विभिन्न अनुभागों में **दिनांक 05.04.2026 (रविवार)** को निम्नानुसार ब्लॉक आवश्यक होगा: (1) अप लाइन पर जोड़ामो-मधुपुर, मधुपुर-नवपात्रा, जसीडीह-तुलसीटांड एवं लाहाबन-सिमुलतला अनुभागों में, (2) डाउन लाइन पर लाहाबन-तुलसीटांड एवं जोड़ामो-मदनकट्टा अनुभागों में, (3) जसीडीह-देवघर एवं बाकुसीनाथ-दुमका एकल लाइन अनुभागों में, (4) डाउन-I लाइन पर सीतारामपुर-बराचक अनुभाग में, (5) अंडाल/पूर्व आउटर केबिन में एवं डाउन-II लाइन पर दुर्गापुर-राजबाँध एवं पराज-गलसी अनुभागों में, (6) अप-II लाइन पर मानकड़-पानागढ़ अनुभाग में, (7) अप-I लाइन पर रानीगंज-निमचा, आसनसोल पूर्व-आसनसोल एवं बराचक-सीतारामपुर अनुभागों में, (8) अप लाइन पर चिनपई-सिऊड़ी अनुभाग में एवं (9) पूर्व लाइन पर उखरा-काजोड़ा ग्राम अनुभाग में। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:

- **ट्रेनों का निरस्तीकरण (दिनांक 05.04.2026 को):** (1) 63561 आसनसोल-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर, (2) 63565 जसीडीह-झाझा एमईएमयू पैसेंजर, (3) 63566 झाझा-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर, (4) 63545 अंडाल-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर, (5) 63546 जसीडीह-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर, (6) 63298 झाझा-देवघर एमईएमयू पैसेंजर, (7) 63570 बैद्यनाथधाम-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर, (8) 73481 दुमका-जसीडीह डीईएमयू पैसेंजर, (9) 73484 जसीडीह-दुमका डीईएमयू पैसेंजर, (10) 63547 जसीडीह-बांका एमईएमयू पैसेंजर, (11) 63548 बांका-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर, (12) 63555 आसनसोल-बरकाकाना एमईएमयू पैसेंजर, (13) 63556 बरकाकाना-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर, (14) 63509 बर्द्धमान-झाझा एमईएमयू पैसेंजर, (15) 63511, 63513, 63515, 63549, 63517 बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर, (16) 63510 झाझा-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, (17) 63512, 63514, 63516, 63518 आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, (18) 63552 आसनसोल-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर, (19) 63550 अंडाल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर, (20) 63531 अंडाल-साइंथिया एमईएमयू पैसेंजर एवं (21) 63534 सांइथिया-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर।
- **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण (दिनांक 05.04.2026 को):** (1) 13331 धनबाद-पटना जंक्शन इंटरसिटी एक्सप्रेस 1 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (2) 12326 नंगल डैम-कोलकाता गुरुमुखी एक्सप्रेस 1 घंटा 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (3) 13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (4) 02024 पटना जंक्शन-हावड़ा स्पेशल 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (5) 02023 हावड़ा-पटना जंक्शन स्पेशल 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (6) 12988 अजमेर-सियालदह सुपरफास्ट एक्सप्रेस 45 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (7) 18184 बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस 1 घंटा 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। (8) 22321 हावड़ा-सिउड़ी हूल एक्सप्रेस 1 घंटा 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी।
- **ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू (दिनांक 05.04.2026 को):** (1) 63209 देवघर-पटना जंक्शन एमईएमयू पैसेंजर झाझा से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी तथा देवघर एवं झाझा के बीच इसकी सेवा निरस्त रहेगी। (2) 63573 जसीडीह-किऊल जंक्शन एमईएमयू पैसेंजर झाझा से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी तथा जसीडीह एवं झाझा के बीच इसकी सेवा निरस्त रहेगी। (3) 13545 आसनसोल-गया एमईएमयू एक्सप्रेस धनबाद से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं आसनसोल एवं धनबाद के बीच इसकी सेवा निरस्त रहेगी। (4) 13546 गया-आसनसोल एमईएमयू एक्सप्रेस धनबाद में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा धनबाद एवं आसनसोल के बीच इसकी सेवा निरस्त रहेगी। (5) 63572 मोकामा-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर झाझा में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा झाझा एवं जसीडीह के बीच इसकी सेवा निरस्त रहेगी।
- **ट्रेन का नियंत्रण (दिनांक 05.04.2026 को):** 17321 वास्को डा गामा-जसीडीह एक्सप्रेस विलम्ब से चलने पर पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत मार्ग में नियंत्रित की जाएगी।

**ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन तथा ब्लॉक के उपरांत पहली ट्रेन**

| अनुभाग | ब्लॉक से पहले अंतिम ट्रेन | ब्लॉक के उपरांत पहली ट्रेन |
|---|---|---|
| जोड़ामो-मधुपुर<br>मधुपुर-नवपात्रा<br>जसीडीह-तुलसीटांड<br>लाहाबन-सिमुलतला | 18622 हटिया-पटना जंक्शन पाटलीपुत्र एक्सप्रेस/ 17321 वास्को डा गामा-जसीडीह एक्सप्रेस | 13331 धनबाद-पटना जं. इंटरसिटी एक्स. |
| लाहाबन-तुलसीटांड<br>जोड़ामो-मदनकट्टा | 13044 रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस | 22348 पटना जं.-हावड़ा वंदे भारत एक्स. |
| जसीडीह-देवघर<br>बासुकीनाथ-दुमका | 73482 जसीडीह-दुमका डीईएमयू | 63081 रामपुरहाट-जसीडीह एमईएमयू |
| सीतारामपुर-बराचक | 63542 एनएससी बोस जे गोमो-आसनसोल पैसें. | 02024 पटना जं.-हावड़ा स्पेशल |
| अंडाल/पूर्व आउटर केबिन<br>दुर्गापुर-राजबाँध<br>पराज-गलसी | 13044 रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस | 13152 जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस |
| मानकड़-पानागढ़<br>रानीगंज-निमचा<br>आसनसोल पूर्व-आसनसोल<br>बराचक-सीतारामपुर | 12317 कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस | 13151 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| चिनपई-सिऊड़ी | 63529 अंडाल-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | 22321 हावड़ा-सिऊड़ी हूल एक्सप्रेस |
| उखरा-काजोड़ा ग्राम | 13046 देवघर-हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस | 63530 रामपुरहाट-अंडाल एमईएमयू |

असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल

पूर्व रेलवे


# उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, किसानों से करेंगे बात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मुंगेर।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का मुंगेर में दो दिवसीय दौरा शुक्रवार से शुरू हो गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री के तौर पर वे जिले में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे आम लोगों, विशेषकर किसानों की जमीन से जुड़ी समस्याओं को सुनेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शुक्रवार शाम 6 बजे उपमुख्यमंत्री संग्रहालय सभागार में शहर के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में विभिन्न सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बैठक के बाद उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में होगा।

**मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित प्रेक्षागृह में होगा:** शनिवार को उपमुख्यमंत्री का मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित प्रेक्षागृह में होगा। यहां सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक 'भूमि सुधार जन कल्याण संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सीधे आम लोगों से संवाद कर जमीन संबंधी समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। बड़ी संख्या में किसानों के इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है, जहां वे अपनी शिकायतें सीधे मंत्री के समक्ष रख सकेंगे। अपर समाहर्ता (एडीएम) मनोज कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में एक प्रेस वार्ता में बताया कि उपमुख्यमंत्री के आगमन को



लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार होगा जब मुंगेर के लोग अपनी जमीन से जुड़ी समस्याओं को सीधे उपमुख्यमंत्री के सामने रख पाएंगे।

**प्रेक्षागृह में कुल 9 पंजीकरण काउंटर बनाए गए:** कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रेक्षागृह में कुल 9 पंजीकरण काउंटर बनाए गए हैं। किसानों को अपनी समस्याएं प्रस्तुत करने से पहले इन काउंटरों पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शुरू होगी। इस कार्यक्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव और उपनिदेशक सहित पटना से लगभग 30 अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त, नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। संवाद कार्यक्रम के बाद उपमुख्यमंत्री जिले के राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति और चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आज 4 घंटे तक शटडाउन

**आरा।** आरा में आज (3 अप्रैल 2026) चार घंटे तक बिजली कटेगी। आनंद नगर फीडर से सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। शटडाउन के दौरान मेंटेनेंस का काम होगा। साथ ही क्षेत्र के सभी पोल और जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो।

**विभाग की ओर से अलर्ट जारी:** सहायक विद्युत अभियंता ने सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। समय से अपना जरूरी काम निपटा लें। पानी की व्यवस्था कर लें। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। मेंटेनेंस वर्क पूरा होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में कटेगी बिजली:** आनंद नगर, सपना सिनेमा रोड, नेहरू नगर, श्री टोला, बस स्टैंड, रस्सीबागान, जवाहर टोला, शिवपुर के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### आज आनंद नगर फीडर से चार घंटे आपूर्ति रहेगी बंद

**आरा।** शहर के आनंद नगर फीडर में लाइन मेंटेनेंस कार्य के कारण शुक्रवार को चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 11 केवी आनंद नगर फीडर की मरम्मत के लिए 3 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक पूर्वी गुमटी पावर सब स्टेशन (PSS) से निकलने वाली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। इस दौरान आनंद नगर, सपना सिनेमा रोड, नेहरू नगर, श्री टोला, बस स्टैंड, रस्सीबागान, जवाहर टोला और शिवपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है।

### खनन विभाग ने 719.79 करोड़ रुपए के लक्ष्य को किया पूरा

**आरा।** भोजपुर जिला खनन कार्यालय ने वित्त विभाग से निर्धारित लक्ष्य 678.57 करोड़ के विरुद्ध 719.79 करोड़ (औपबंधिक) की वसूली कर लक्ष्य को पूरा किया है। भोजपुर समाहरणालय, आरा के खनन शाखा से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में वित्त विभाग द्वारा खान व भूतत्व विभाग को निर्धारित लक्ष्य के आलोक में भोजपुर जिला का लक्ष्य 678.57 करोड़ निर्धारित किया गया था। समाहर्ता और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निर्धारित लक्ष्य 678.57 करोड़ के विरुद्ध 719.79 करोड़ की वसूली करते हुए लक्ष्य का 106 प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है। बताया जाता है कि राज्य के खान व भूतत्व विभाग से प्राप्त कुल राजस्व में जिला खनन कार्यालय, भोजपुर ने लगभग 20 प्रतिशत राजस्व दिया है।

**3 बार में 38 वाहनों के नीलामी कराकर 2 करोड़ 26 लाख की राजस्व की प्राप्ति:** भोजपुर जिला की इस वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों के बारे में बताया गया है कि नियमित अनुश्रवण करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3 बालूघाटों की नीलामी करायी गयी। अधिकांश बालूघाटों के संचालन से आमजन व कार्य विभागों को कम कीमत पर सुगमता पूर्वक बालू उपलब्ध हो रही है। साथ ही बालूघाटों के नीलामी कराये जाने से राज्य सरकार को राजस्व में काफी वृद्धि हुई है और इससे स्थानीय ग्रामीणों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर से रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भोजपुर जिला द्वारा अवैध खनन, परिवहन व भंडारण में जब्त वाहनों में से 3 बार में 38 वाहनों के नीलामी कराकर लगभग 2 करोड़ 26 लाख की राजस्व की प्राप्ति की है।

**2146 छापेमारी, 183 केस, 63 गिरफ्तारी व 266 वाहन जब्त, 670.47 लाख की वसूली:** बताया गया है कि भोजपुर जिला द्वारा जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए नियमित छापेमारी करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध कुल 2146 छापेमारी करते हुए 183 प्राथमिकी, 63 गिरफ्तारी और 266 वाहनों को जब्त करते हुए कुल 670.47 लाख रुपये की वसूली की गयी है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्रो. यशवंत बने वीकेएसयू मनोविज्ञान विभाग के हेड

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में प्रो. (डॉ.) यशवंत कुमार ने विभागाध्यक्ष (हेड) पद का औपचारिक रूप से योगदान किया। उनके पदभार ग्रहण करने से विभाग में नए शैक्षणिक नेतृत्व की शुरुआत मानी जा रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के कई गणमान्य शिक्षकों और कर्मियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में दर्शनशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रो. किस्मत कुमार सिंह, प्रो. डी.एन. चौधरी, डॉ. अमित कुमार (अध्यक्ष, पीजीटीए), डॉ. मनीष कुमार, डॉ. रवि शंकर सिंह सहित जैन कॉलेज, आरा के मनोविज्ञान विभाग से प्रेमशंकर सिन्हा भी मौजूद रहे। साथ ही छात्र नेता छोटू कुमार की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और विशेष बना दिया। सभी उपस्थित लोगों ने प्रो. (डॉ.) यशवंत कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके नेतृत्व में विभाग के शैक्षणिक विकास एवं नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अनुभवी एवं कुशल नेतृत्व से विभाग में शिक्षण एवं शोध कार्यों को नई दिशा मिलेगी। समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और सभी ने मिलकर उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

### संत जेवियर्स +2 एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण, छात्र सम्मानित

**आरा।** संत जेवियर्स +2 एकेडमी, आरा में दो अप्रैल 2026 को वार्षिक परीक्षाफल-2026 वितरण समारोह हुआ। शुभारंभ पद्मश्री से सम्मानित डॉ. भीम सिंह भावेश, डीएसपी इशानी सिन्हा, प्रशिक्षु डीएसपी कोमल मेहता, विद्यालय के निदेशक सनोज कुमार एवं प्राचार्य सुनील आनंद सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक सरोकार के साथ हुई, जिसमें अनाथ बच्चा निर्मलपुर निवासी स्वर्गीय सूर्यदेव यादव के पुत्र मंजी कुमार को विद्यालय के निदेशक सनोज कुमार ने कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की घोषणा की। विद्यालय द्वारा पहले से ही 13 अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है और इस पहल को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### कुटुंब प्रबोधन बदलाव लाने का आंदोलन

**बक्सर।** दक्षिण बिहार प्रांत के भोजपुर विभाग बक्सर जिले में श्री हनुमान जन्मोत्सव सह क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस पर विभिन्न जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विशेष कार्यक्रम में सोमेश्वर स्थान स्थित हनुमान मंदिर पर दर्शन पूजन के बाद वहां से मैराथन दौड़ प्रारंभ हुआ। प्रतिभागी 2.5 किलोमीटर की दूरी तय कर बालक-बालिका धावकों/प्रतिभागियों को स्टेशन रोड स्थित गोयल धर्मशाला के हनुमान मंदिर तक गए। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी गौरव पाण्डेय एवं पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर इस मैराथन दौड़ की शुरुआत की। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानजनक पुरस्कार राशि एवं मेडल देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अलग से बालक-बालिकाओं में सात-सात धावकों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में क्रीड़ा भारती का मेडल देकर हौसला अफजाई की गयी। दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत कार्यवाह सह क्रीड़ा भारती के प्रांत पालक अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने पंच परिवर्तन के पंच आयाम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व का बोध स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक आंदोलन है। राष्ट्र निर्माण में इसकी अहम भूमिका है। हनुमान चालीसा का किया गया पाठ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया एवं भव्य आरती की गई। कैंब्रिज विद्यालय बक्सर के बच्चों द्वारा क्रीड़ा गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित युवाओं में जोश भी भरने का काम किया। क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सह ऐप्टेक/स्मृति कॉलेज बक्सर के डॉ रमेश कुमार द्वारा क्रीड़ा भारती का परिचय,स्थापना, उद्देश्य, लक्ष्य तथा इसके अखिल भारतीय पंच सूत्री कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल सिर्फ मेडल या नौकरी के लिए नहीं खेलना चाहिए। खेल से चरित्र का निर्माण और चरित्र से राष्ट्र का निर्माण संभव है।

# बिजली तार की चिंगारी से लगी आग किसानों को लाखों का नुकसान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर जिले के बगेन मौजा में बिजली के तार से निकली चिंगारी से करीब 80 बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग और ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, यह घटना दोपहर में हुई जब खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से अचानक चिंगारी निकली। यह चिंगारी सूखी खड़ी गेहूं की फसल पर गिरी, जिससे आग लग गई। शुरुआत में आग छोटी थी, लेकिन तेज हवा के कारण यह तेजी से फैल गई और आसपास के कई खेतों को अपनी चपेट में ले लिया।

**गेहूं की कटाई का चल रहा था काम:** आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने का मौका नहीं मिला। घटना के समय खेतों में गेहूं की कटाई का काम चल रहा था। स्थानीय किसानों ने बताया कि फसल पूरी तरह तैयार थी और कुछ ही दिनों में कटाई पूरी होने वाली थी। इस आग से उनकी महीनों की मेहनत बर्बाद हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। अग्निशमन विभाग को भी सूचित किया गया। दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक काफी फसल जल चुकी थी। ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया।

> ♦ 80 बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर राख हो गई

**किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट:** इस घटना में अनिल गुप्ता, मनोज शर्मा, बंटी सिंह, केदार सिंह, सुनील सिंह, कपिल यादव और बदनाम यादव सहित कई किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि उनकी आर्थिक क्षति की भरपाई हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रहे जर्जर बिजली तार पहले भी खतरा बने रहे हैं, लेकिन समय रहते उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## भगवान के प्रति सच्चा प्रेम मनुष्य के जीवन को बदल देता है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** महावीर जयंती के पावन अवसर पर बड़का गांव मानसिंह पट्टी निवासी पंडित तारकेश्वर मिश्र ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गहन आध्यात्मिक संदेश दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भगवान के प्रति सच्चा प्रेम मनुष्य के जीवन को बदल देता है और उसे बुरे कर्मों से दूर कर अच्छाई की राह पर ले जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक मन की सफाई नहीं होगी, तब तक जीवन में सच्ची शांति और सुख की प्राप्ति संभव नहीं है। इस सृष्टि में भगवान की इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिल सकता। मनुष्य चाहे कितना भी धन और वैभव अर्जित कर ले, लेकिन जीवन का असली सहारा ईश्वर का प्रेम ही होता है। उन्होंने माता-पिता के स्नेह को भी अमूल्य बताते हुए कहा कि उनका स्थान जीवन में कोई नहीं ले सकता। उन्होंने धार्मिक उदाहरणों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम की सेवा में हनुमान जी जिस तरह पूरी तरह समर्पित हो गए थे, वह सच्ची भक्ति का उदाहरण है। **भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य प्रेम का किया उल्लेख:** पंडित मिश्र ने भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य प्रेम का उल्लेख करते हुए कहा कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की, जो यह दर्शाता है कि सच्चा प्रेम त्याग, समर्पण और साधना से ही प्राप्त होता है। पंडित मिश्र ने यह भी कहा कि हनुमान जी के मंत्रों का सच्चे मन से जाप करने पर नकारात्मक विचार दूर हो जाते हैं और जीवन के संकट स्वतः समाप्त होने लगते हैं।

## बड़ी मठिया में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव, उमड़ी भक्तों की काफी भीड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** शहर के प्रसिद्ध बड़ी मठिया हनुमान मंदिर में श्री जियर स्वामी जी महाराज के निर्देशन में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व महंत श्री रामकिंकर महाराज जी द्वारा पूजा से हुई। इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तों ने हनुमान जी के जयकारों और भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर दिनभर जय श्री राम और बजरंगबली की जय के नारों से गूंजता रहा।अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज ने कहा कि कलयुग में हनुमान जी सबसे प्रभावशाली और जागृत देवता माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी भक्त सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन करता है, उसके जीवन की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि जिस घर में नियमित रूप से हनुमान जी की पूजा होती है, वहां से दरिद्रता का नाश होता है और भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की कृपा सदैव बनी रहती है। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंगबली की पूजा से संकट, रोग, भय और ग्रह दोष दूर होते हैं। इस दिन साधना से शिक्षा, विवाह और करियर में सफलता मिलती है। हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, सिंदूर-चोला अर्पण और भोग लगाने से शक्ति, आत्मविश्वास व समृद्धि प्राप्त होती है।

# सांसद बोले- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक से निष्पक्षता प्रभावित होंगी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) से जुड़े प्रस्तावित विधेयक पर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की सुरक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है। सांसद सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार न्यायालय के फैसलों को अपनी सुविधा के अनुसार स्वीकार करती है। उनके अनुसार, जब फैसला सरकार के पक्ष में आता है तो उसे मान लिया जाता है, लेकिन जब खिलाफ होता है तो कानून बदलकर उसे निष्प्रभावी करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने इस प्रवृत्ति पर सवाल उठाए।

**समकक्ष व्यवस्थित सेवा का दर्जा देने को कहा:** उन्होंने बताया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने CAPF अधिकारियों के साथ हो रहे अन्याय को समाप्त करने का स्पष्ट निर्देश दिया था। न्यायालय ने उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) और भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के समकक्ष व्यवस्थित सेवा का दर्जा देने को कहा था। हालांकि, सरकार इस फैसले को लागू करने के बजाय कानून में बदलाव कर उसे कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

**देश को उनकी निष्पक्षता पर पूरा भरोसा:** सुधाकर सिंह ने जोर दिया कि CAPF के अधिकारी संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के माध्यम से चयनित ग्रुप 'ए' के अधिकारी होते हैं। उनकी क्षमता किसी भी स्तर पर IPS अधिकारियों से कम नहीं है। CAPF की भूमिका देश की सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद, नक्सलवाद, आपदा प्रबंधन और चुनाव जैसे संवेदनशील कार्यों में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने आगे कहा कि चुनावों के दौरान इन बलों की तैनाती की जाती है, क्योंकि देश को उनकी निष्पक्षता पर पूरा भरोसा है। सांसद सिंह ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित विधेयक उसी भरोसे को तोड़ने वाला है।

**CAPF की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती:** उन्होंने आशंका व्यक्त की कि यदि CAPF का नेतृत्व सीधे सरकार के नियंत्रण में आने वाले अधिकारियों के हाथ में होगा, तो उनकी निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। इससे चुनाव प्रक्रिया पर भी नकारात्मक असर पड़ने की संभावना है। सांसद ने सरकार से सीधा सवाल किया कि क्या उसे अपने ही CAPF अधिकारियों पर भरोसा नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विधेयक CAPF को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि उस पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से लाया गया है।

**CAPF के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी:** उन्होंने पुलवामा, दंतेवाड़ा, मणिपुर और चीन सीमा जैसे उदाहरण देते हुए कहा कि हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में CAPF के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, लेकिन जब उन्हें अधिकार और सम्मान देने की बात आती है, तो सरकार उन्हें कमजोर करने वाला कानून लेकर आती है।

## गैस लीकेज से भड़की आग, तीन युवक घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोढ़ना रोड में गुरुवार की देर शाम एक बड़ा हादसा हो गया, जब खाना बनाने के दौरान गैस लीक होने से लगी आग में तीन युवक गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। फिर झुलसे युवकों को आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है।

**घूम-घूमकर कपड़ा बेचने का करते हैं काम:** घटना में झुलसे युवकों की पहचान पटना सिटी निवासी टिंकू प्रसाद के 17 वर्षीय बेटा बंटी कुमार, तरारी थाना क्षेत्र के सेदाहां गांव निवासी राजेश चौधरी का 18 वर्षीय बेटा गुड्डु कुमार, शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी स्वर्गीय मुनेश्वर नोनिया का 30 वर्षीय बेटा शेखर कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों गोढ़ना रोड इलाके में किराए के मकान में रहकर घूम-घूमकर कपड़ा बेचने का काम करते हैं।

**खाना बना रहे थे, अचानक भड़की आग:** घटना के संबंध में बंटी कुमार ने बताया कि, 'दिनभर काम करने के बाद हम लोग शाम में कमरे पर लौटे थे और गैस चूल्हे पर खाना बना रहे थे। इसी दौरान अचानक गैस लीक होने लगी और देखते ही देखते आग भड़क गया। सबसे पहले गुड्डु कुमार के कपड़ों में आग ली। उसे बचाने की कोशिश में बंटी और शेखर भी आग की चपेट में आ गए। हादसे में तीनों बुरी तरह झुलस गए।'

**आसपास के लोगों ने आग बुझाई:** आग की लपटों के बीच तीनों युवकों ने शोर मचाना शुरू किया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। इसके बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार के अनुसार, गुड्डु कुमार 55 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है, जबकि बंटी के हाथ और पैर गंभीर रूप से जले हैं। वहीं, शेखर के हाथ झुलसे हैं। सभी का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## अफरोज हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** आरा में बुधवार देर रात अपराधियों ने बाइक मैकेनिक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में मृतक के भाई मो. शमी अहमद के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जिसमें तरी मोहल्ला निवासी शिवम सिंह, उसके पिता सरोज सिंह, बड़हरा के केशोपुर निवासी सत्यम कुमार समेत चार-पांच अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी सत्यम कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी शिवम सिंह सहित अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। हत्या का सीसीटीवी भी फुटेज सामने आया है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के पश्चिम टोला मोहल्ले की है।

**अब जानिए क्या है पूरा मामला:** एक अप्रैल की रात करीब 9:20 बजे सीके रोड पर चाय दुकान के पास आरोपियों ने अफरोज के साथ गाली-गलौज की थी। सूचना मिलने पर जब उनके भाई मौके पर पहुंचे, तब सरोज सिंह के उकसावे पर शिवम ने पिस्टल से अफरोज के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद जान बचाने के लिए पश्चिम टोला की ओर भागा। सीसीटीवी में दिख रहा है कि सत्यम कुमार ने उनका पीछा कर पूर्व वार्ड पार्षद के घर के पास उनके हाथ में दूसरी गोली मार दी, जिससे मौके पर ही गिर पड़े। इसके बाद गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद हुआ है।

**बाइक बनाने के विवाद में वारदात की आशंका:** शुरुआती जांच में बाइक बनाने को लेकर हुए विवाद को इस हत्या की वजह बताया जा रहा है। टाउन थाना के इंस्पेक्टर देवराज राय ने बताया कि दो नामजद आरोपियों पर सीधे गोली चलाने का आरोप है। फिलहाल एक नामजद समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गहन छानबीन में जुटी है।

## हनुमान जयंती पर ब्रह्मपुर चौरस्ता स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का हुआ पाठ



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**ब्रह्मपुर।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ब्रह्मपुर चौरस्ता स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पुजारी लालाबाबू पाण्डेय के नेतृत्व में श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। इस अवसर पर नित्यानंद ओझा,मानस भारद्वाज,सुजीत दुबे,आदर्श जायसवाल सहित दर्जनों भक्तों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की प्रतिमा पर सिंदूर, चमेली का तेल एवं फूल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात विद्वान पंडितों के सान्निध्य में सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे वातावरण में "जय श्री राम" और "जय बजरंगबली" के जयघोष गूंजते रहे, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर हर वर्ष इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं।

# गोलीबारी के आरोपी की गिरफ्तारी के विरोध में ग्रामीणों ने जाम की सड़क

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनारपुर गांव में 31 मार्च को दिनदहाड़े हुई गोलीबारी में बुधवार देर रात पुलिस ने बनारपुर निवासी अमित तिवारी की गिरफ्तारी की। इसके बाद गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने आधी रात को घर का दरवाजा और खिड़की तोड़कर कार्रवाई की। ग्रामीणों का कहना है कि राजपुर थाना क्षेत्र के जलहरा गांव निवासी आनंद राय अपने समर्थकों के साथ बनारपुर पहुंचे थे और फायरिंग की थी। ऐसे में पुलिस को बाहरी लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए थी, लेकिन इसके उलट गांव के ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। लोगों का दावा है कि अमित घटना के समय थर्मल पावर प्लांट में ड्यूटी पर थे, इसके बावजूद उन्हें आरोपी बनाकर आधी रात में घर से उठा लिया गया। ग्रामीण वरीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। थानाध्यक्ष द्वारा फोन पर ही समझाने-बुझाने पर जाम खत्म हो गया। वर्चस्व और रुपए लेनदेन का है विवाद पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह पूरा विवाद आपसी वर्चस्व और पैसों के लेनदेन से जुड़ा है। बताया जाता है कि राजद नेता अर्जुन यादव हत्याकांड में जेल गए मनोरंजन पांडेय कभी आनंद राय के साथ मिलकर ठेकेदारी और वाहन संचालन का कार्य करते थे। इसी दौरान दोनों के बीच पैसों का कुछ हिसाब बाकी रह गया था। जब मनोरंजन पांडेय जेल चले गए तो कथित तौर पर आनंद राय ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। जेल से बाहर आने के बाद मनोरंजन ने पैसे की मांग की, लेकिन आनंद इस मामले को लगातार टालता रहा। इसे लेकर मामला पुलिस तक भी पहुंचा था, जहां दोनों पक्षों के बीच बैठकर समाधान निकालने की बात कही गई थी। हालांकि, इसी बीच विवाद और बढ़ गया। बताया जा रहा है कि मनोरंजन पांडेय ने आनंद राय का एक डंपर रोक लिया, जिससे नाराज होकर आनंद राय अपने समर्थकों के साथ हथियार से लैस होकर बनारपुर गांव पहुंच गया और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, इसके जवाब में मनोरंजन पांडेय के पक्ष से भी गोलीबारी की गई। अचानक हुई इस फायरिंग से गांव में अफरा-तफरी मच गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## बिहार में 39° तक पहुंचा पारा, अप्रैल की शुरुआत में ही बढ़ी गर्मी, पटना में तेज धूप

**पटना**। अप्रैल की शुरुआत के साथ ही बिहार में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के पूर्वानुमान के अनुसार राज्यभर में फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा और अगले कई दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। तेज धूप और साफ आसमान के कारण अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में बिहार के अधिकांश जिलों में तापमान सामान्य से 1 से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 4-5 दिनों तक शुष्क मौसम बना रहेगा और गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।राजधानी पटना में आज मौसम साफ रहेगा, हालांकि शाम या रात में हल्के बादल छा सकते हैं। दिन के समय तेज धूप के कारण गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। पटना में अधिकतम तापमान 39°C और न्यूनतम तापमान 26°C के आसपास रहेगी।

## ऑटो पलटने से एक की मौत, राजमिस्त्री का काम करके लौटने के दौरान हादसा, पांच भाई-बहनों में थे सबसे छोटे

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में रामदौली स्कूल के पास गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे एक ऑटो पलट गया। इस दुर्घटना में ऑटो सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के चौकसन निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण राय के 50 वर्षीय बेटे विशुन राय के रूप में हुई है। घायल विशुन राय को स्थानीय लोगों ने तुरंत बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने विशुन राय को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र अजय राय ने बताया कि उनके पिता जढ़ुआ मामू भांजा के निकट साधु राय के यहां से राजमिस्त्री का काम करके लौट रहे थे। जढ़ुआ से टेंपो पकड़कर वे घर वापस जा रहे थे। रामदौली हाई स्कूल के पास एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ऑटो में सवार अन्य लोग भी घायल हुए, जिनमें से कुछ को हल्की चोटें आईं और उन्होंने बिदुपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से उपचार कराकर घर लौट गए। विशुन राय अपने पांच भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। सदर अस्पताल में स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी गई। आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## रिटायर्ड स्टेशन मास्टर के घर चोरी

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत चकसिकंदर स्थित कल्याणपुर गांव के वार्ड नंबर 8 में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने रिटायर्ड रेलवे स्टेशन मास्टर लाल बहादुर राय के घर को निशाना बनाया और करीब 10 भर सोना, 100 ग्राम चांदी तथा 3 लाख रुपए कैश चुरा लिए। घटना के बारे में लाल बहादुर राय के बेटे सोनू कुमार ने बताया कि वह रात में अपने कमरे में सो रहे थे। चोरों ने पहले उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया, फिर पूरे घर में तलाशी लेकर कीमती सामान पर हाथ साफ किया। सुबह जब सोनू उठे तो देखा कि दरवाजा बाहर से बंद है। उन्होंने तुरंत छत पर सो रहे अपने भांजे राहुल को फोन किया। राहुल छत से नीचे आया और दरवाजा खोला। इसके बाद पूरे घर की तलाशी लेने पर पता चला कि अलमारी का ताला टूटा हुआ है और सारे गहने-नकदी गायब हैं। सोनू ने बताया कि चोर लगभग 10 भर सोना (सोने के आभूषण), 100 ग्राम चांदी के बर्तन तथा तीन लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। परिजनों के मुताबिक, चोर रात में ही इस वारदात को अंजाम देकर चुपके से निकल गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही गांव के कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। पीड़ित परिवार में इस चोरी से गहरा आघात लगा है। रिटायर्ड स्टेशन मास्टर लाल बहादुर राय की जमापूंजी एक ही रात में चोरी हो जाने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा कर रही है।



## मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े पूर्व पार्षद से छिनतई

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर में दिनदहाड़े पूर्व पार्षद से छिनतई हुई है। अपराधियों ने सरेराह विकास सहनी के गले से सोने की चेन झपट ली। स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान वर्तमान पार्षद गणिता देवी का पुत्र अपराधियों को पकड़ने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हो गया। हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना सिकंदरपुर इलाके की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश बेखौफ होकर पिस्टल लहराते हुए भागे, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। पीड़ित विकास साहनी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे जिम से लौटने के बाद सब्जी खरीदने के लिए मंडी गए थे। इसी दौरान पीछे से अपाचे बाइक पर सवार दो अपराधी आए। गले से करीब 50 ग्राम की सोने की चेन झपट ली। चेन की कीमत लगभग 10 लाख रुपए है। हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का पीछा किया, लेकिन अपराधियों ने पिस्तौल निकालकर उनकी ओर तान दी। हथियार देखकर वह डर गए और अपनी जान बचाने के लिए पीछे हट गए। वहीं, वार्ड-17 की वर्तमान पार्षद गणिता देवी के बेटे ने बताया कि वह भी उसी समय सब्जी लेने गए थे। स्कूटी से बदमाशों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन अपराधियों ने उन पर भी पिस्तौल तान दी। घबराहट में उन्होंने अपनी स्कूटी पास की एक दुकान में ठोंक दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गए। पीड़ित विकास साहनी ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब दिनदहाड़े युवाओं के साथ ऐसी घटनाएं हो रही हैं, तो महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता खड़ी होती है। लोगों का कहना है कि सिकंदरपुर जैसे संवेदनशील इलाके में भी पुलिस गश्त की कमी साफ दिख रही है। इस घटना ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर अपराधियों में पुलिस का डर क्यों नहीं बचा है। घटना के बाद सिकंदरपुर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कही है। थानाध्यक्ष डीके महतो ने बताया कि एक कैमरे में संदिग्ध गतिविधि करते कुछ युवक नजर आए है, जिनकी पहचान कर छापेमारी की जा रही है।

## अप्रैल की शुरुआत में ही तपने लगा मुजफ्फरपुर, 38 डिग्री तक पहुंचा पारा, दिन में सड़कों पर दिखा सन्नाटा

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में गर्मी ने समय से पहले ही अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम है। आज कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिससे लोगों को अप्रैल में ही जून जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। सुबह 9 बजे के बाद ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। जो लोग बाहर निकल रहे हैं, वे गमछा या कपड़े से चेहरा ढककर चल रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग खीरा, ककड़ी, डाभ (नारियल पानी) और अन्य ठंडे फलों का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार पछुआ हवा 8 से 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है, जिससे गर्मी का असर और अधिक बढ़ गई है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 32 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक 7 अप्रैल के आसपास मौसम में हल्का बदलाव हो सकता है। इस दौरान गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। 7 अप्रैल को छोड़कर फिलहाल मौसम शुष्क ही बना रहेगा, हालांकि हल्के बादलों की आवाजाही बनी रह सकती है।

# पूर्व मध्य रेल ने रचा नया कीर्तिमान, माल ढुलाई और यात्री सुविधाओं में ऐतिहासिक उपलब्धि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता







**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना के दीघा स्थित पाटलिपुत्र रेल परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि पूर्व मध्य रेल ने माल ढुलाई, यात्री सुविधा और राजस्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। महाप्रबंधक ने बताया कि पूर्व मध्य रेल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 203.42 मिलियन टन माल ढुलाई कर नया रिकॉर्ड बनाया है और भारतीय रेल के शीर्ष चार जोन में अपनी जगह बनाई है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब पूर्व मध्य रेल ने 200 मिलियन टन से अधिक माल ढुलाई का आंकड़ा पार किया है। इससे पहले वर्ष 2024-25 में 202.63 मिलियन टन माल लदान किया गया था। इस उपलब्धि में धनबाद मंडल ने माल लदान में पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं समस्तीपुर मंडल ने माल अनलोडिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पूर्व मध्य रेल ने कई नई पहल की हैं। कोसी क्षेत्र के दूरदराज इलाकों—जैसे लौकहा बाजार, ललितग्राम और राघोपुर—को पहली बार राजधानी दिल्ली और पटना से जोड़ने वाली रेल सेवाएं शुरू की गई हैं। इसके अलावा हसनपुर रोड और पूर्णिया कोर्ट जैसे स्टेशनों से दिल्ली के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी शुरू किया गया है, जिससे बिहार के साथ-साथ नेपाल के यात्रियों को भी लाभ मिल रहा है।

रेल सेवाओं के विस्तार के तहत आरा, राजगीर और धनबाद से देश के प्रमुख शहरों—मुंबई, दिल्ली, चंडीगढ़, भुवनेश्वर और कोयंबटूर—के लिए सीधी ट्रेन सेवाएं शुरू की गई हैं। वर्ष 2025-26 में कुल 45 जोड़ी नई ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया, जिनमें 17 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस, 2 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस, 1 जोड़ी नमो भारत एक्सप्रेस और 25 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं। इसके साथ ही 20 जोड़ी ट्रेनों का विस्तार दूरदराज के स्टेशनों तक किया गया।

त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों के 14,559 फेरे चलाए गए, जिससे लोगों को आवागमन में काफी राहत मिली। वहीं, यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए 313 स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की सुविधा भी दी गई। सुरक्षा और गति बढ़ाने के लिए 16 आईसीएफ कोचों को एलएचबी कोच में परिवर्तित किया गया। यात्री संख्या में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025-26 में 25.3 करोड़ यात्रियों ने पूर्व मध्य रेल से यात्रा की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.5 प्रतिशत अधिक है। इससे यात्री राजस्व में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 5,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। कैटरिंग राजस्व में 88.31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91.50 करोड़ रुपये, जबकि सैंड्री आय 401.50 करोड़ रुपये रही। टिकट चेकिंग से भी 232.61 करोड़ रुपये की आय हुई, जो देश में तीसरे स्थान पर है।

कुल मिलाकर, माल और यात्री आय को मिलाकर पूर्व मध्य रेल ने 2025-26 में 30,330 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो भारतीय रेल के सभी जोनों में तीसरा सबसे अधिक है। भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि 'मिशन रफ्तार' के तहत दिल्ली-हावड़ा रूट पर ट्रेनों की गति 160 से 180 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके तहत डीडीयू से प्रधानखांटा रेलखंड पर सफल स्पीड ट्रायल भी किया जा चुका है। साथ ही 'कवच' सुरक्षा प्रणाली को तेजी से लागू किया जा रहा है, जिसके तहत 4232 किमी रेलखंड पर स्वीकृति मिल चुकी है और 1526 किमी पर काम जारी है।

इसके अलावा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से झाझा तक तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने की महत्वाकांक्षी परियोजना पर भी काम चल रहा है। इस परियोजना को कई चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसमें कुछ हिस्सों को रेलवे बोर्ड से मंजूरी भी मिल चुकी है। मोकामा में गंगा नदी पर राजेंद्र पुल के समानांतर एक नया दोहरी रेल लाइन पुल लगभग तैयार हो चुका है और जून 2026 तक इसके शुरू होने की उम्मीद है। इसके चालू होने से दानापुर और सोनपुर मंडलों में ट्रेनों का परिचालन और अधिक सुगम हो जाएगा। महाप्रबंधक ने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के पूरा होने के बाद पूर्व मध्य रेल देश में रेल संचालन और सुविधाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## 30 लीटर अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**! लहसुना थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चपौर गांव से 30 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है.

लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चपौर गांव में बांध पर सुबोध कुमार के घर से छापेमारी की गयी. जिस दौरान आरोपी शराब छुपा रहा था, जिसे पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ लिया. वही मौके से कुल 30 लीटर देसी शराब बरामद की गयी. पुलिस ने शराब को जब्त करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया.आरोपी सुबोध कुमार के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





मृतक का फाइल फोटो

**मसौढ़ी**! थाना क्षेत्र के खरात बेलौटी पथ स्थित भगवानपुर हनुमान मंदिर परिसर में एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा मिला।मृतक की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बेलौटी गांव निवासी अरुण पासवान के 20वर्षीय पुत्र रूपेश पासवान उर्फ रूपम कुमार के रूप में की गई.जानकारी के मुताबिक मृतक रुपेश पासवान लेबर मजदूरी का काम करता था।गुरुवार को भी रोजाना की तरह घर से मजदूरी करने के लिए मसौढ़ी के बरनी गांव में गया था।वहां से काम कर अपने दोस्तों के साथ मुसहरी में बैठकर खाया पिया था, उसके बाद वह घर नहीं लौटा परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया तो मोबाइल बंद आ रहा था।शुक्रवार की सुबह उसकी डेड बॉडी खरात बेलौटी पथ स्थित भगवानपुर गांव के समीप हनुमान मंदिर परिसर से मिला।

वही स्थानीय लोगों एवं परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी, परिजनों द्वारा घंटों देर तक शव को उठाने नहीं दिया जा रहा था।उसके बाद घटना स्थल पर आईपीएस अधिकारी कोमल मीणा पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।पंचायत के मुखिया रवि प्रकाश ने बताया कि मृतक बहुत ही गरीब परिवार से था,दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं परिवार को एक सदस्य को नौकरी दी जाएं।थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि शक के आधार पर एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए लाया गया है।पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। किसी भी सूरत में अपराधियों वकसे नहीं जाएगे।अपराधियों को धड़ पकड़ के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला रही है।शीघ्र ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## टीटीई के वेश में यात्रियों की सामान चोरी करता था, गिरफ्तार, दानापुर जीआरपी ने पकड़ा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। दानापुर जीआरपी ने ट्रेन में टीटीई (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) का वेश धारण कर यात्रियों का सामान चुराने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बक्सर जिले के डुमरांव थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर निवासी विष्णु पांडेय के पुत्र रामनरेश पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से तीन मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और 20 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। इस संबंध में रेल डीएसपी कंचन राज ने जानकारी दी।

**नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में चोरी की शिकायत हुई थी**: यह कार्रवाई 1 अप्रैल को न्यू जलपाईगुड़ी से आनंद विहार टर्मिनल जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में हुई चोरी की शिकायत के बाद की गई। ट्रेन के ए1 कोच में यात्रा कर रहे संजीव कुमार गुप्ता ने दानापुर रेल थाना में अपने पर्स से मोबाइल और नगदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए दानापुर जीआरपी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर लगे सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति टीटीई के वेश में संदिग्ध रूप से ट्रेन से उतरता हुआ दिखाई दिया।

**ट्रेन के नीचे से दूसरी लाइन की ओर भागा था**: वह व्यक्ति ट्रेन के नीचे से दूसरी लाइन की ओर जाते हुए भी देखा गया, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। आरोपी सीसीटीवी में दिखने के बाद एक एक्सप्रेस ट्रेन पकड़कर आरा की ओर भाग गया पुलिस ने आरा जीआरपी से संपर्क किया और तकनीकी टीम की मदद से उसके घर पर छापेमारी की, लेकिन वह फरार मिला। बाद में उसका लोकेशन पटना के करबिगहिया में मिला, जहां छापेमारी से पहले ही वह फिर भाग निकला। लगातार प्रयासों और तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस ने उसे आरा के कायम नगर से गिरफ्तार कर लिया।

### ♦ 20 हजार कैश बरामद, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में हुई थी चोरी

**गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास**: पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी रामनरेश पाण्डेय का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी चार बार जेल जा चुका है। उस पर आरा नवादा में सोना तस्करी और डीडीयू में ड्रग्स स्मगलिंग सहित कई मामलों में संलिप्त रहने का आरोप है। उसकी पत्नी भी इसी तरह के अपराधों में शामिल रही है और वह भी जेल जा चुकी है। फिलहाल, आरोपी से पूछताछ जारी है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

## शॉर्ट सर्किट: 100 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल राख, देर से पहुंची फायर ब्रिगेड



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी**! प्रखंड के शाहाबाद पंचायत के शाहाबाद गांव में शुक्रवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।जिसमें लगभग 100 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से गिरिजा शर्मा प्रमोद कुमार चंद्रशेखर शर्मा रविन्द्र शर्मा दिनेश कुमार चुन्नू शर्मा अजय कुमार राजीव शर्मा के खेतों में लगी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।अचानक हुई इस अगलगी की घटना से किसानों की लाखों की फसल पल भर में बर्बाद हो गई। राख में तब्दील हुई खेत में खड़ी गेहूं की फसल को देख किसान मायूस हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बाद भी फायर ब्रिगेड काफी देर से आई।जिससे दर्जनों किसानों को लाखों रुपए की क्षति हो गयी.जले हुए फसल को देख परेशान हो गये.अगलगी से लाखों रुपये की क्षति के नुकसान का अनुमान है.पीड़ित किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल पक चुका था.पीड़ित किसानों ने बताया कि फसल क्षति होने पर उचित मुआवजा के लिए अंचल कार्यालय एवं थाना को आवेदन दिया जायेगा.

## पटना में मीठापुर मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। पटना मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। भूतनाथ से लेकर मलाही पकड़ी तक ट्रायल रन किया जा चुका है। अब बस कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी और फायर का सर्टिफिकेट मिलना बाकी है। दूसरी ओर खेमनीचक से मीठापुर के बीच मेट्रो का परिचालन एलिवेटेड ट्रैक पर किया जाएगा। इसे लेकर मीठापुर के पास काम में तेजी लाई गई है। मीठापुर मेट्रो स्टेशन निर्माण स्थल पर पीयर के गार्डर लगाए जा रहे हैं। सभी गार्डर को जोड़कर एक लगातार डेक तैयार किया जा रहा है। मीठापुर मेट्रो स्टेशन निर्माण स्थल पर पीयर के गार्डर लगाए जा रहे हैं।

मीठापुर के पास ढांचा पहले ही बनकर तैयार हो गया था। अब सेगमेंटल तरीके से जोड़कर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बनाया जा रहा है। फिर मेट्रो ट्रैक, स्लीपर और बिजली की लाइन लगाई जाएगी। साथ ही सिग्नल सिस्टम और सुरक्षा बैरियर लगाए जाएंगे। इस रूट पर कई जगहों पर तीखे मोड़ बनाए गए हैं। इस तरह के काम इंजीनियरिंग के लिहाज से काफी चुनौतीपूर्ण माने जाते हैं। इसके बनने के बाद इस रूट पर खेमनीचक से सीधे जगनपुरा, रामकृष्णा नगर और मीठापुर जैसे प्रमुख स्टेशनों तक पहुंचने और वहां से चढ़ने-उतरने की सुविधा मिलेगी। मीठापुर मेट्रो स्टेशन पटना के न्यू एजुकेशन हब के लिए लाइफलाइन साबित होगा।

## तेजस्वी की इंग्लिश स्पीच पर बीजेपी का ग्रामर ज्ञान, कहा- उनकी अंग्रेजी नौवीं फेल अंग्रेजी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के केरल दौरे के दौरान दिए गए बयान को लेकर बिहार की राजनीति गरमाई हुई है। केरल में एक कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी यादव ने अंग्रेज़ी में कहा- "I have come from Bihar state, which is the poorest state of the country"। तेजस्वी यादव के इस बयान को भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया और भाषा से लेकर बिहार की छवि तक पर सवाल उठाते हुए उन पर तीखा हमला बोला।

**भाजपा का हमला- 'पहले अंग्रेज़ी और ग्रामर सुधारिए'**: भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए तेजस्वी यादव के बयान पर तंज कसा है। उन्होंने लिखा कि "Bihar state" कहना गलत और अनावश्यक है, क्योंकि बिहार खुद एक राज्य है। साथ ही "I have come from" के प्रयोग को भी गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि सही वाक्य "I am from Bihar" या "I come from Bihar" होना चाहिए। नीरज कुमार ने कटाक्ष करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव की अंग्रेज़ी "नवमी फेल स्तर" की है और वे बिहार को "poorest state" बताकर उसकी छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा बिहार को "poorest से richest" बनाने के लिए काम कर रही है।

### राजद बोला- भाजपा के नेता तेजस्वी फोबिया से ग्रसित हैं

**राजद का पलटवार- 'भाजपा असली मुद्दों से भटका रही'**: भाजपा के हमले पर राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता "अनर्गल बयानबाजी" कर रहे हैं और वे "तेजस्वी फोबिया" से ग्रसित हैं। एजाज अहमद ने आरोप लगाया कि बिहार की मौजूदा स्थिति के लिए डबल इंजन सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार, लूट और अव्यवस्था का माहौल है, विकास योजनाएं जमीन पर नजर नहीं आ रही हैं और सरकार ने खजाना खाली कर दिया है। भाजपा भाषा और व्याकरण के मुद्दे उठाकर असली समस्याओं से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

**केरल में क्या बोले तेजस्वी यादव**: केरल में आयोजित एक राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी यादव ने बिहार की वर्तमान सामाजिक-आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए राज्य को देश का "सबसे गरीब राज्य" बताया। जबकि केरल स्वास्थ्य और शिक्षा में शीर्ष पर है।' उन्होंने बिहार को केरल से सीखने की सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### माओवादी नेता प्रशांत बोस का 80 वर्ष की आयु में निधन



**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य और एक करोड़ रुपये के इनामी नेता प्रशांत बोस का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद था, जहां उसने सुबह अंतिम सांस ली। उसकी उम्र करीब 80 वर्ष बताई जा रही है। जेल प्रशासन ने उसके निधन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। प्रशांत बोस मूल रूप से पश्चिम बंगाल का निवासी था और नक्सली संगठन में 'किशन दा' के नाम से जाना जाता था। जानकारी के अनुसार, वह पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के जादवपुर स्थित विजयगढ़ कॉलोनी का रहने वाला था। नक्सली गतिविधियों में उसकी लंबे समय से सक्रिय भूमिका रही थी। वह पहले माओवादी कम्यूनिस्ट सेंटर ऑफ इंडिया (एमसीसीआई) का प्रमुख रहा। वर्ष 2004 में एमसीसीआई और पीपुल्स वार (पीडब्ल्यू) के विलय के बाद बने भाकपा (माओवादी) में उसे पोलित ब्यूरो सदस्य बनाया गया। प्रशांत बोस संगठन की केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का अहम सदस्य रहा। उसे संगठन में महासचिव नंबाला केशव राव के बाद दूसरा सबसे प्रभावशाली नेता माना जाता था। बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में उसकी सक्रियता रही थी। वह माओवादी गुरिल्ला आर्मी के संचालन और रणनीति में प्रमुख भूमिका निभाता था। पुलिस ने 12 नवंबर 2021 को सरायकेला-खरसावां जिले के गिद्दिबेड़ा टोल प्लाजा से उसे उसकी पत्नी शीला मरांडी के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। उस पर सारंडा में 16 जवानों की शहादत सहित कई बड़ी नक्सली घटनाओं में संलिप्तता के आरोप थे। उसके निधन के बाद सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है।

### हथियार के साथ दो आरोपित गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** आजादनगर थाना क्षेत्र के ओल्ड पुरुलिया रोड में दहशत फैलाने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशिष ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एक अप्रैल की रात करीब 10:15 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि गंगौर स्वीट्स के सामने शेख सारिक ईमाम उर्फ आयान अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा है। स्थानीय लोगों की ओर से विरोध किए जाने पर उसने लोगों को डराने के लिए देशी कट्टा लहराया और अपने साथी मो. सलमान के साथ बाइक से फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आजादनगर थाना में तत्काल मामला दर्ज किया गया और एसएसपी के निर्देश पर डीएसपी पटमदा बच्चनदेव कुजूर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने लगातार छापेमारी अभियान चलाया। इसी क्रम में 2 अप्रैल की शाम गुप्त सूचना मिली कि दोनों आरोपी शहर छोड़ने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर-15 (कपाली लिंक रोड) के पास घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान तलाशी में मुख्य आरोपित शेख सारिक ईमाम के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया, जबकि उसके साथी सलमान के पास से 8 एमएम की एक जिंदा गोली जब्त की गई। इस मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक नया कांड दर्ज किया है। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि शेख सारिक ईमाम का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी कई मामलों में संलिप्त रह चुका है। इसी वर्ष जनवरी में उसके खिलाफ मारपीट और साजिश से संबंधित मामला भी दर्ज हुआ था। सिटी एसपी ने बताया कि दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### रांची में आदिवासी महिला के साथ अमानवीय घटना पर आजसू का विरोध, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग



**रांची।** राजधानी रांची के कोकर स्थित भाभानगर में आदिवासी महिला के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है। पार्टी ने इस घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। जानकारी के अनुसार, कोकर क्षेत्र में एक आदिवासी महिला को कथित रूप से कालिख पोतकर, जूते-चप्पलों की माला पहनाकर सरेआम घुमाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है और लोगों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय मेहता ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है, बल्कि पूरे झारखंड की मानवता को शर्मसार करने वाला है। संजय मेहता ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के भाभानगर में एक झूठे चोरी के आरोप में महिला को चार दिनों तक बंधक बनाकर प्रताड़ित किया गया। इस दौरान उसके चेहरे पर कालिख पोती गई, जूते-चप्पलों की माला पहनाई गई, 'चोर' लिखे पोस्टर लगाए गए और उसे सार्वजनिक रूप से घुमाया गया। इतना ही नहीं, स्थानीय लोगों को भी धमकाया गया ताकि कोई इस घटना का विरोध न कर सके। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर, घृणित और चिंताजनक है। स्थानीय महिलाओं के विरोध के बाद ही पुलिस हरकत में आई, जो कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। आजसू पार्टी ने पुलिस प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कठोर दंड सुनिश्चित करने की अपील की है।

### रेलवे कर्मचारी का शव ट्रैक से बरामद



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ में शुक्रवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक कर्मचारी का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान उदय शंकर दानदू के रूप में हुई है, जिनके गले में लटका रेलवे का पहचान पत्र मिलने के बाद उनकी शिनाख्त की गई। बताया जा रहा है कि उदय शंकर दानदू चाकुलिया स्थित बुकिंग ऑफिस में कार्यरत थे और वर्तमान में घाटशिला में रह रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ड्यूटी से लौटने के दौरान उनके आसनसोल लोकल ट्रेन से गिरने की आशंका जताई जा रही है, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना स्थल धालभूमगढ़ रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर पश्चिम दिशा में बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मचारी सनातन महतो मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस और रेलवे प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। फिलहाल हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

# झारखंड के 15 जिलों में 05 और 06 को ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के 15 जिलों में 5 और 6 अप्रैल को ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 7 अप्रैल तक कई जिलों में गर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश की भी चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 5 अप्रैल को गढ़वा, पलामू, चतरा और हजारीबाग जिलों में ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 6 अप्रैल को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो और गिरिडीह समेत कई जिलों में ओलावृष्टि की संभावना अधिक जताई गई है। इसके अलावा 7 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। राज्य में इन दिनों मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। राजधानी रांची सहित कई जिलों में धूप और बादलों का दौर जारी है। कभी तेज गर्मी तो कभी बादल छाने से लोगों को राहत मिल रही है। शुक्रवार को राज्य का अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर और डाल्टनगंज में 39.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि गुमला में न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री सेल्सियस रहा। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से तेज धूप रही, लेकिन दोपहर बाद बादल छाने से गर्मी से राहत मिली। रांची में अधिकतम तापमान 35.8 और न्यूनतम 21.6 डिग्री, जमशेदपुर में 39.7 और 24.7 डिग्री, डाल्टनगंज में 39.4 और 22.5 डिग्री, बोकारो में 36.1 और 21.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 38.4 और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने किसानों और आम लोगों को सलाह दी है कि खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतें और अनावश्यक रूप से खुले में जाने से बचें।

## रांची के सिल्ली में बॉक्साइट लदे ट्रक में लगी आग, जांच में जुटी पुलिस



**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची के सिल्ली इलाके में शुक्रवार को एक बॉक्साइट लदे ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। यह घटना नवाडीह के पास उस समय हुई, जब ट्रक लोहरदगा से हिंडालको की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक में आग लगते ही चालक और खलासी ने तत्परता और सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को तुरंत सड़क किनारे खड़ा कर दिया और सुरक्षित बाहर निकल गए। कुछ ही देर में ट्रक से तेज लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रक को भारी नुकसान पहुंचा है।

## जमशेदपुर में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का स्वागत, नगाड़ा-मांदर बजाकर बढ़ाया कलाकारों का उत्साह

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति महेश शरदचंद्र सोनक के जमशेदपुर आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने पुष्पगुच्छ और पुस्तक भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। स्वागत समारोह में स्थानीय लोक कलाकारों ने पारंपरिक शैली में प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान न्यायमूर्ति सोनक ने कलाकारों से आत्मीय संवाद किया और झारखंड की समृद्ध लोक संस्कृति के प्रति अपनी रुचि व्यक्त की। उन्होंने स्वयं पारंपरिक वाद्ययंत्र नगाड़ा और मांदर बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया, जिससे वहां उपस्थित लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडे, वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार शिवशीष, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग सहित जिला प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## विष्णुगढ़ हत्याकांडः कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने पुलिस जांच पर उठाए सवाल, सीबीआई जांच की मांग

**एजेंसी। रांची**



हजारीबाग के विष्णुगढ़ में हुए हत्याकांड के खुलासे के बाद अब सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को रांची प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर झारखंड पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए। अंबा प्रसाद ने कहा कि इस पूरे मामले में सिस्टम ने मिलकर पीड़िता के साथ अन्याय किया है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जांच में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को नजरअंदाज किया गया है और आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद जारी प्रेस विज्ञप्ति में मनगढ़ंत कहानी पेश की गई है। उन्होंने राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या केस से जुड़े बयानों में बदलाव किया गया है। अंबा ने यह भी सवाल उठाया कि धनेश्वर पासवान और भीमराम जैसे नामों की भूमिका स्पष्ट क्यों नहीं की गई। अंबा प्रसाद ने दावा किया कि भीमराम, जो कथित तौर पर भाजपा से जुड़ा हुआ है, उसकी कुछ तस्वीरें उन्होंने मीडिया के सामने साझा कीं, जिनमें उसे भाजपा के कार्यक्रमों में शामिल दिखाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में राजनीतिक प्रभाव की संभावना को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस केस में एसआईटी का गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया। आरोपितों की गिरफ्तारी और पूछताछ की टाइमलाइन पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस 10 दिन बाद सक्रिय क्यों हुई, जबकि आरोपित खुलेआम घूम रहे थे। अंबा प्रसाद ने यह भी आरोप लगाया कि मामले में डीएनए टेस्ट नहीं कराया गया, जिसके आधार पर दुष्कर्म के आरोपों को खारिज कर दिया गया। उनके अनुसार, पुलिस की पूरी प्रेस विज्ञप्ति एक गढ़ी हुई कहानी जैसी प्रतीत होती है। अंत में उन्होंने मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए सीबीआई जांच की मांग की।

## दवा मेला 10 से आईएमए भवन में




**एजेंसी। रांची**

डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने दो दिवसीय 10-11 अप्रैल को करमटोली स्थित आईएमए भवन में दवा मेला 2026 का आयोजन किया है। इसका उद्घाटन गांडेय विधायक कल्पना सोरेन करेंगी। आईएमए हाल के अंदर और परिसर में करीब 50 स्टॉल लगेंगे। इस बार अंतरराज्यीय स्टालों की संख्या बढ़ी है। कमेटी की चेयरपर्सन विनीता शरण, फाउंडर एंड को चेयरपर्सन झूमा सरकार, अध्यक्ष रेणु तिवारी, सचिव श्वेता रंजन एवं कोषाध्यक्ष पल्लवी शरण हैं। कमेटी की ओर से शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन जिसकी स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। यह एक पंजीकृत संस्था है, जिसमें जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं के लिए यह संस्था लगातार काम करती है। मेले से प्राप्त आय का पूरा का पूरा पैसा जरूरतमंद संस्थाओं या प्रधानमंत्री राहत कोष में चेक के माध्यम से समाज कल्याण के लिए दिया जाता है। पहली बार मेला का आयोजन 2022 में किया गया था। स्टॉल की बुकिंग हो चुकी है।

# जमशेदपुर में श्रद्धा और सादगी के साथ मना गुड फ्राइडे, चर्चों में उमड़ी भीड़

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



यीशु मसीह के बलिदान,प्रेम और क्षमा के संदेश को स्मरण करते हुए शहर भर में गुड फ्राइडे का पर्व शुक्रवार को गहरी आस्था और सादगी के साथ मनाया गया। विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग शामिल हुए और मानवता के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके पूर्व ईसाई समुदाय के लोगों ने शहर के विभिन्न कब्रिस्तान में अपने पूर्वजों के कब्रों की साफ-सफाई की। शहर के प्रमुख गिरजाघरों, जिनमें सेंट जोसेफ कैथेड्रल गोलमुरी और सेंट मेरी चर्च बिष्टुपुर के साथ-साथ टेल्को, साकची और अन्य इलाकों के चर्चों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। गिरजाघरों का वातावरण पूरी तरह शांत,अनुशासित और भक्तिमय बना रहा। सुबह से ही श्रद्धालु काले और गहरे रंग के परिधानों में चर्च पहुंचे,जो शोक और आत्ममंथन का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर 'क्रूस की राह' (Way of the Cross) का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभु यीशु मसीह के अंतिम समय की घटनाओं और उनके द्वारा सहे गए कष्टों को स्मरण किया गया। श्रद्धालुओं ने गीत, भजन और प्रार्थनाओं के माध्यम से उनके त्याग और प्रेम को याद किया। गिरजाघरों के पादरियों ने बाइबल का पाठ करते हुए यीशु मसीह के क्षमा, करुणा और अहिंसा के संदेश को लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि गुड फ्राइडे केवल शोक का दिन नहीं,बल्कि आत्मचिंतन और मानवता के लिए समर्पण का भी अवसर है। मान्यता के अनुसार दोपहर का समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसी समय प्रभु यीशु ने क्रूस पर अपने प्राण त्यागे थे। इस दौरान गिरजाघरों में पूर्ण शांति रखी गई और विशेष शोक सभाओं का आयोजन हुआ। कई श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखकर विश्व शांति,समाज की भलाई और मानवता की रक्षा के लिए प्रार्थना की। सुरक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा सभी प्रमुख चर्च परिसरों में पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल तैनात रहा और प्रार्थना सभाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं।

# सड़क सुरक्ष और नशा मुक्ति के लिए जागरूकता रैली आयोजित

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**




पश्चिमी सिंहभूम जिला सुरक्षा समिति के सदस्य और आंदोलनकारी मो बारीक की ओर से शुक्रवार को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा एवं नशा मुक्त भारत के उद्देश्य से कोल्हान राइडर्स क्लब की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने रैली के उद्देश्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। यह रैली झारखंड से शुरू होकर ओडिशा, तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश का भ्रमण करते हुए पुनः झारखंड लौटेगी। रैली के माध्यम से आम लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य युवाओं को जागरूक करना और समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना है। इस कार्यक्रम में कोल्हान राइडर्स क्लब के कई सदस्य शामिल हुए, जिनमें मुख्य रूप से अध्यक्ष तारीक अनवर, बदल, राज, गावेश, हामिद, पंकेश्वर, आकाश, शरीम, पंडित, जीशान एवं दिव्या शर्मा उपस्थित रहे। सभी राइडर्स ने हेलमेट और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए रैली में भाग लिया और लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित किया। मो बारीक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए इस तरह के जागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और नशे से दूर रहें। यह रैली विभिन्न स्थानों पर रुककर लोगों को जागरूक करेगी और समाज में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक संदेश फैलाने का कार्य करेगी।

## चोरी का खुलासा, एक आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सुंदरनगर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। थाना प्रभारी अजित मुंडा के नेतृत्व में की गई त्वरित कार्रवाई में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसके पास से चोरी में प्रयुक्त औजार और नगदी बरामद की गई है। शुक्रवार को जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अजित मुंडा ने बताया कि 02 अप्रैल की रात क्षेत्र के तीन दुकानों के ताले तोड़े गए थे। हालांकि, इन दुकानों में चोर चोरी करने में असफल रहे। इसी दौरान एक पान दुकान को निशाना बनाते हुए चोर ने ताला काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और दुकान से नगदी सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सुंदरनगर थाना पुलिस सक्रिय हो गई और आसपास के क्षेत्रों में जांच अभियान शुरू किया गया। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध युवक विष्णु मुर्मू को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसकी संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने आरोपित के पास से 1,300 रुपये नगद, लोहे का कटर, प्लास और कुछ सिगरेट के पैकेट बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस घटना में उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति शामिल था या नहीं।

# सीएम को वसुंधरा से कोचिंग लेनी चाहिए: डोटासरा

## पहली बार का विधायक दे रहा 6 बार के एमएलएको ज्ञान

**अजमेर , एजेंसी।** राजस्थान की सियासत में बयानबाजी का पारा एक बार फिर चढ़ गया है। गोविंद सिंह डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें सरकार चलाने की ट्रेनिंग लेनी चाहिए वो भी सीधे वसुंधरा राजे से।

डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में 'उलटी गंगा' बह रही है, जहां पहली बार का विधायक छह बार के अनुभवी नेताओं को ज्ञान दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि हालात ऐसे हैं कि काम कहीं नहीं हो रहा मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और विधायक तक, हर स्तर पर जिम्मेदारी टालने का खेल चल रहा है।

**'सरकार नहीं, तमाशा चल रहा है:** डोटासरा ने आरोप लगाया कि आम आदमी जब अपनी समस्या लेकर जाता है तो उसे हर जगह निराशा मिलती है। 'मुख्यमंत्री कहते हैं 'मुरली वाला करेगा', अधिकारी कहते हैं माल लेकर आओ, मंत्री सुनते नहीं और विधायक मंत्री पर डाल



देता है यह सरकार नहीं, पूरा तमाशा है,' उन्होंने कहा।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मुख्यमंत्री को सीनियर नेताओं के अनुभव का लाभ लेना चाहिए, लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे। 'सीनियर नेताओं को बुलाकर सरकार चलाने का मंत्र लेना चाहिए, नहीं तो हालात और बिगड़ेंगे,' उन्होंने जोड़ा।

अजमेर के विकास कार्यों को लेकर भी डोटासरा ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में कोई बड़ा काम नजर नहीं आता। 'एक विधानसभा क्षेत्र की पुपाड़ी के अलावा क्या हुआ है?' उन्होंने सवाल उठाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीनियर नेताओं की भी मुख्यमंत्री अनदेखी कर रहे हैं। 'इतने सीनियर आदमी की भी इज्जत नहीं हो रही, यह सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है,' उन्होंने कहा।

डोटासरा ने बीजेपी के भीतर चल रहे मतभेदों को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर 'गृह युद्ध' जैसी स्थिति है, जो प्रदेश के लिए खतरनाक है।

आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी के मुद्दे पर भी उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इसमें कोई खास रुचि नहीं थी और यह फैसला दबाव में लिया गया। 'ढाई साल में जमीन तक आवंटित नहीं होगी, काम तो बहुत दूर की बात है,' उन्होंने दावा किया।

डोटासरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर मोदी संन्यास ले लें तो 'देश और लोकतंत्र दोनों बच जाएंगे।' साथ ही बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि 'अगर छोटे भाई सलाह दे रहे हैं, तो बड़े भाई को मान लेनी चाहिए।' डोटासरा ने सरकार पर पंचायत और निकाय चुनाव टालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार हार के डर से चुनाव नहीं करवा रही है और संवैधानिक प्रावधानों का मजाक बना रही है। उन्होंने 73वें और 74वें संविधान संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि समय पर चुनाव कराना सरकार की जिम्मेदारी है। 'कोरोना के अलावा कोई बहाना नहीं चल सकता,' उन्होंने कहा। डोटासरा ने ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को लेकर भी सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर रिपोर्ट लेने में देरी कर रही है ताकि चुनाव टाले जा सकें।

# उत्तर प्रदेश: आवासीय योजना में रहने वालों को बड़ी राहत देने की तैयारी, सरकार ने निकायों से मांगा यह प्रस्ताव

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और अन्य छोटी आवासीय कॉलोनियों में रहने वाले नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। स ने राज्य के सभी नगर निकायों से ऐसी आवासीय योजनाओं का विस्तृत प्रस्ताव मांगा है, जहाँ आवंटन के बावजूद बुनियादी सुविधाओं की कमी है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य इन कॉलोनियों में सीवर, पेयजल, ड्रेनेज और बिजली जैसी अनिवार्य सेवाएं सुनिश्चित करना है।

### शिकायतों के बाद जागा प्रशासन

प्रदेश भर में बिल्डरों और विकास प्राधिकरणों के माध्यम से 1000 से 2000 मकानों वाली कई छोटी आवासीय योजनाएं संचालित हैं। शासन को पिछले काफी समय से यह शिकायतें मिल रही थीं कि इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कई शहरों से ऐसी खबरें भी आईं कि सीवर लाइन, पक्की सड़कों और उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण लोग मकान आवंटित होने के बाद भी वहाँ रहने नहीं जा रहे हैं। खासकर बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या इन इलाकों में विकराल रूप ले लेती है। बहु-



विभागीय समन्वय से होगा कायाकल्प हाल ही में शासन स्तर पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इन कॉलोनियों के विकास की जिम्मेदारी अब केवल एक विभाग की नहीं होगी। सरकार ने 'इंटर-डिपार्टमेंटल कोऑर्डिनेशन' (अंतर-विभागीय समन्वय) का मॉडल तैयार किया है: नगर निकाय और पीडब्ल्यूडी : कॉलोनियों के भीतर और बाहर संपर्क मार्गों तथा पक्की सड़कों का निर्माण करेंगे।

**ऊर्जा विभाग:** इन कॉलोनियों में बिजली की लाइन बिछाने, ट्रांसफार्मर लगाने और हर घर को सुचारू बिजली कनेक्शन देने की जिम्मेदारी संभालेगा।

**जल निगम और स्थानीय निकाय:** सीवर लाइन, पेयजल आपूर्ति और नाली-नालों के निर्माण के माध्यम से जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

सर्वे के आधार पर शुरू होगा काम

शासन ने निकायों से पूछा है कि उनके अधिकार क्षेत्र में ऐसी कितनी आवासीय योजनाएं हैं जहाँ सुविधाएं अधूरी हैं। निकायों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर बजट आवंटित किया जाएगा और संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से काम पूरा करने के निर्देश दिए जाएंगे। इस कदम से न केवल प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लाभ होगा, बल्कि शहरों के नियोजित विकास को भी गति मिलेगी। सरकार का मानना है कि जब बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी, तभी इन कॉलोनियों में शत-प्रतिशत बसावट संभव हो पाएगी।

## ग्रेटर नोएडा से जेवर तक बनेगा नया रास्ता, एयरपोर्ट को मिलेगी नई कनेक्टिविटी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा की नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी के साथ जेवर तक नया रास्ता अगले दो माह में तैयार हो जाएगा। यीडा सिटी की साठ मीटर चौड़ी सड़क का साबौता गांव तक विस्तार किया जाएगा। इससे यह सड़क जेवर से भी जुड़ जाएगी। यमुना एक्सप्रेसवे के विकल्प के तौर पर यह सड़क लोगों की आवाजाही आसान करेगी। एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव कम होगा। इस पर लोगों को टोल टैक्स का भुगतान भी नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही यीडा इस साल में सड़कों के निर्माण पर 300 करोड़ रुपए खर्च करेगा। यमुना प्राधिकरण की साठ मीटर चौड़ी सड़क ग्रेटर नोएडा से कनेक्टिविटी देती है। ग्रेटर नोएडा को नोएडा एयरपोर्ट तक सड़क की लंबाई 32 किमी है। यीडा में इसकी लंबाई तकरीबन 25 किमी है। जेवर तक यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर एक और कनेक्टिविटी देने के लिए प्राधिकरण इस सड़क का साबौता तक विस्तार करेगा। इसके लिए तीन किमी सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण का काम चल रहा है। दनकौर में जमीनी विवाद निपटने के बाद काम शुरू हो गया है। रुस्तमपुर में सड़क पर डामरीकरण शेष है जबकि दयानतपुर में किसानों के साथ जमीनी विवाद हल होने के बाद निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राधिकरण सड़क के अधूरे हिस्से को जल्द पूरा कर ग्रेटर नोएडा से एयरपोर्ट तक की कनेक्टिविटी शुरू करेगा। जेवर के लिए यमुना एक्सप्रेसवे के अतिरिक्त एक और मार्ग तैयार हो जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का बेटा हत्या का दोषी, 3 हफ्ते में करना होगा सरेंडर

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी के बेटे अमित जोगी को हाई कोर्ट ने 23 साल पुराने हत्या के मामले में दोषी माना है। अमित को दोषी बताते हुए कोर्ट ने उसे सरेंडर करने के लिए 3 हफ्ते का समय दिया है। साल 2003 में नेशनल कांग्रेस पार्टी के नेता राम अवतार जग्गी की हत्या का आरोप अमित जोगी पर लगा था। अमित जोगी ने इस



फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा उनके साथ अन्याय हुआ है और अब वो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। इस मामले में छत्तीसगढ़ की एक ट्रायल कोर्ट ने अमित जोगी को बरी कर दिया था। हाई कोर्ट ने सीबीआई की अपील पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद, 2003 के हत्या के मामले में कार्यवाही फिर से शुरू की थी। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि सीबीआई ने काफी देरी के बाद यह अर्जी दाखिल की है, लेकिन यह भी सच है कि प्रतिवादी अमित जोगी पर लगे आरोप बहुत गंभीर हैं। उनपर एक विरोधी पार्टी के सदस्य की हत्या का आरोप है। इसके बाद हाई कोर्ट में चली कार्यवाही में अमित जोगी को दोषी माना गया है। गुरुवार को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की बेंच ने अमित जोगी के बरी होने का फैसला रद्द करते हुए दोषी ठहराया और तीन हफ्तों में सरेंडर करने का आदेश भी दिया है। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए अमित जोगी ने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। जोगी का कहना है कि उन्हें पहले बरी कर दिया गया था और अब बिना उनकी बात सुने ही उन्हें दोषी घोषित कर दिया गया है। जोगी ने कहा कि सच की जीत होगी और अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर के करण धनेलिया बने वर्ल्ड क्लास 2026 (भारत, नेपाल और श्रीलंका) फाइनल्स के चैंपियन

**भोपाल।** इंदौर का प्रतिनिधित्व कर रहे करण धनेलिया को डियाजियो इंडिया के वर्ल्ड क्लास फाइनल्स (भारत, नेपाल और श्रीलंका) के 12वें संस्करण में बारटेंडर ऑफ द ईयर 2026 चुना गया है। भारत की सबसे प्रतिष्ठित बारटेंडिंग प्रतियोगिताओं में से एक यह मुकाबला 27 और 28 मार्च को गुरुग्राम के ले मेरिडियन में आयोजित दो दिवसीय फाइनल के साथ शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस साल का फाइनल खास रहा, जिसमें टॉप 8 में अब तक की सबसे ज्यादा महिला भागीदारी देखने को मिली। साथ ही जयपुर, कोयंबटूर, चंडीगढ़, अमृतसर जैसे टियर-2 शहरों के प्रतिभागियों के साथ देश के बड़े शहरों की भी मजबूत मौजूदगी रही। खास बात यह रही कि देश के दिल कहे जाने वाले इंदौर, जो अपने खाने के लिए मशहूर है, अब कॉकटेल कल्चर में भी अपनी पहचान बना रहा है। फाइनल्स के दौरान इंदौर के एटेलियर वी से करण धनेलिया अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहे। उनके आत्मविश्वास, शांत स्वभाव और फ्लेवर्स के साथ किए गए प्रयोगों ने उन्हें बाकी प्रतिभागियों से अलग बनाया। उन्होंने एक खास ड्रिंक तैयार की, जिसमें अनियन सोडा और स्पिरुलिना सिरप का इस्तेमाल किया गया था, जो अपनी अलग सोच और स्वाद के कारण जजों पर गहरी छाप छोड़ गया। वहीं, स्पीड राउंड में क्लासिक ड्रिंक्स की उनकी समझ ने उन्हें बढ़त दिलाई और जीत सुनिश्चित की।

### पाइपलाइन रिपेयरिंग अंतिम चरण में; खत्म होगा पेयजल संकट

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 15 अप्रैल के बाद गंगाजल की आपूर्ति शुरू होगी। तिलपता फ्लाईओवर के पास एक जगह मुख्य पाइपलाइन टूट गई है, जिसे दुरुस्त किया जा रहा है। फिलहाल ग्रेनो वेस्ट में भूजल की आपूर्ति की जा रही है। पेयजल की आपूर्ति में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए पाइपलाइन की निगरानी बढ़ा दी गई है। प्राधिकरण के मुताबिक दिल्ली मुंबई



इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी) पर तिलपता फ्लाईओवर के पास गंगाजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे दुरुस्त किया जा रहा है। यहां पर नाले का निर्माण किया जा रहा है। अगले कुछ दिनों में पाइप लाइन दुरुस्त कर दी जाएगी। इसके बाद ट्रायल किया जाएगा। ऐसे में 15 अप्रैल के बाद गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो सकेगी। शुरुआत में भूजल के साथ 40-50 प्रतिशत गंगाजल मिलाकर आपूर्ति की जाएगी। निर्माणाधीन चार भूमिगत जलाशय का काम अगले कुछ महीने में पूरा होने के बाद गंगाजल की मात्रा बढ़ा दी जाएगी। वहीं ग्रेटर नोएडा ईस्ट के सेक्टर अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, सिग्मा, स्वर्णनगरी पीथ्री, पी फोर सहित अधिकतर सेक्टरों में भूजल के साथ मिलाकर गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा ने बताया कि चार मूर्ति तक गंगाजल पहुंच गया है। मुख्य पाइप लाइन के सर्वेक्षण का काम पूरा हो गया है। उम्मीद है कि 15 अप्रैल के बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट के अन्य हिस्सों गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। गंगाजल शुरू होने से सोसायटी निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। ग्रेटर नोएडा ईस्ट व वेस्ट में लगभग 270 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसमें 70-80 एमएलडी गंगाजल शामिल है।

# लखनऊ में अवैध मस्जिद पर चला बुलडोजर, भारी सुरक्षा में बिजली काटकर रात तीन बजे कार्रवाई

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के बख्शी का तालाब इलाके में प्रशासन का बुलडोजर एक बार फिर गर्जा है। अस्ती रोड पर स्थित पशुशाला की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित की गई एक मस्जिद को गुरुवार तड़के भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जमींदोज कर दिया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई इस गोपनीय और त्वरित कार्रवाई ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

**आधी रात को सील हुआ गांव, काटी गई बिजली-** प्रशासन ने इस कार्रवाई को बेहद गोपनीय रखा। बुधवार रात से ही बीकेटी-अस्ती रोड और किसान पथ से गांव की ओर जाने वाले तमाम रास्तों पर बैरिकेडिंग कर आवागमन पूरी तरह रोक दिया गया था। बवाल और विरोध की आशंका को देखते हुए 10 थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी की टुकड़ियों ने मोर्चा संभाल लिया। रात करीब 2 बजे पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई ताकि अंधेरे का लाभ उठाकर कोई विरोध प्रदर्शन न कर सके। तड़के 3 बजे जब पूरा इलाका नींद में था, तब चार जेसीबी मशीनों ने मस्जिद के अवैध ढांचे को गिराना शुरू किया। महज एक घंटे के भीतर निर्माण को मलबे में तब्दील कर दिया गया और एक दर्जन डंपरों की मदद से तत्काल मलबा मौके से हटा दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, जिस भूखंड पर मस्जिद का निर्माण



किया गया था, वह राजस्व अभिलेखों में ग्राम सभा की 'पशुशाला' के रूप में दर्ज है। इस अवैध निर्माण की शिकायत 19 अक्टूबर 2024 को तहसीलदार न्यायालय में की गई थी। कानूनी प्रक्रिया के तहत तहसीलदार ने बेदखली का आदेश दिया था, जिसे चुनौती देने वाली अपील को 31 अक्टूबर 2025 को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने खारिज कर दिया। इसके बाद मामला उच्च न्यायालय पहुंचा, लेकिन अदालत ने भी बेदखली के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद प्रशासन ने यह अंतिम कदम उठाया। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और बेदखली का आदेश बरकरार रखा। हालांकि, अदालत ने याचिकाकर्ताओं पर लगाए गए 36 हजार रुपये के जुर्माने को रद्द कर दिया। न्यायालय का मानना था कि निर्माण कार्य में याचिकाकर्ताओं की सीधी भूमिका स्पष्ट रूप से साबित नहीं हुई है, इसलिए आर्थिक दंड उचित नहीं है।

## मानेसर नगर निगम का बड़ा कदम, सड़कों किनारे टाइल्स लगाकर धूल मुक्त करेंगे शहर

**मानेसर, एजेंसी।** मानेसर नगर निगम क्षेत्र में सड़कों किनारे धूल दिखाई नहीं देगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा सड़कों किनारे इंटरलाकिंग टाइल लगाई जाएंगी। नगर निगम मानेसर द्वारा 19 सड़कों के दोनों तरफ फूटपाथ बनाने और टाइल्स लगाने की योजना तैयार की है। इसके लिए नगर निगम की वित्त एवं संविदा समिति की मंजूरी मिल चुकी है। सड़कों को धूल मुक्त करने के लिए करीब 47 करोड़ रुपये नगर निगम द्वारा खर्च किए जाएंगे। तारकोल से बनी सड़कों को किनारे से पक्का किया जाएगा। कहीं भी धूल एकत्रित न हो इसके लिए यह कदम उठाए गए हैं। धूल उड़ने से लगातार प्रदूषण स्तर बढ़ रहा है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की द्वारा कराए गए सर्वे के बाद नगर निगम को की गई सिफारिश पर यह कार्य किया जाएगा। पिछले वर्ष मानेसर का प्रदूषण स्तर पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा था। इससे पूरे देश में किरकिरी हुई थी। इन कार्यों के लिए नगर निगम द्वारा वित्तीय मंजूरी के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद कार्य शुरू होगा। नगर निगम के एक्सईएन मनदीप धनखड़ का कहना है कि सड़कों किनारे टाइल लगाने के कार्यों को लेकर जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# ये कैसे स्मार्ट मीटर? कहीं बैलेंस होने पर भी कटी बिजली तो कहीं बिल ने उड़ाए होश

**गाजियाबाद, एजेंसी।** विद्युत निगम ने शहरी उपभोक्ताओं के घरों से सामान्य मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर तो लगा दिए, लेकिन उन्हें संचालित करने में अधिकारी फेल साबित हो रहे हैं। भुगतान करने के बाद भी सर्वर नहीं चलने से किसी का बिल अपडेट नहीं हुआ तो किसी के मीटर में बैलेंस होने के बाद भी बिजली कटी हुई है। विद्युत निगम की एप में बिल अपडेट नहीं होने से कई उपभोक्ताओं ने दो-दो बार मीटर को रिचॉर्ज कर लिया। इसके बाद भी बिजली बहाल नहीं हुई। शहर में अभी भी स्मार्ट मीटर वाले हजारों उपभोक्ता ऐसे हैं, जो बिजली बिल तो जमा कर चुके हैं पर अभी तक बिजली कटी है। किसी को बिल जमा करे हुए 48 घंटे तो किसी को 72 घंटे हो गए हैं। विद्युत निगम के कार्यालयों में इसकी शिकायत लगातार आ रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब से स्मार्ट मीटर लगे हैं, परेशानी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। शिकायत करने पर हर अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

उपभोक्ता स्नेहा बिष्ट ने बताया कि मेरे स्मार्ट मीटर में 1718 रुपये हैं। इसके बाद भी दो दिन से घर की बिजली कटी हुई है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अभी तक आपूर्ति सामान्य नहीं हुई है। अब हेल्पलाइन नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराई है। वहां से भी केवल आश्वासन दिया गया है। उन्होंने एक्स पर शिकायत करते हुए लिखा कि 30 घंटे से



सर्वर नहीं चल रहा है। जब सिस्टम चला नहीं पाते तो बनाते क्यों हो। उपभोक्ता तुषार शर्मा ने बताया कि उन्होंने पहली बार 3282 रुपये और दूसरी बार में 2000 रुपये का रिचार्ज किया है। इसके बाद भी मीटर में पेमेंट अपडेट नहीं हुई है। जबकि विद्युत निगम को रिचार्ज की डिटेल भी साझा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्या ये मीटर केवल तमाशे के लिए लगाए हैं। उपभोक्ता अमित सिंह ने एक्स पर यूपीपीसीएल और पीपीवीएनएल को टैग कर शिकायत करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले ही स्मार्ट मीटर लगा था। उसके बाद गलत बिल जारी कर दिया था। 26 मार्च को बिल सही कराया।

# हैदराबाद के एक कब्रिस्तान में छिपाकर रखे 414 एलपीजी सिलेंडर जब्त

**हैदराबाद, एजेंसी।** पुलिस ने इस सप्ताह हैदराबाद के एक कब्रिस्तान में छिपाकर रखे गए 414 रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडरों को जब्त किया है। ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न हुई गैस की किल्लत के बीच इन सिलेंडरों को ब्लैक मार्केट में बेचने की कोशिश की जा रही थी। इस सिलसिले में की लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को ये जानकारी दी।

जमाखोरी के खिलाफ तेज हुई कार्रवाई

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण समुद्री शिपिंग बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे गैस सप्लाई में कमी आई है। इस संकट के बीच गैस सिलेंडरों की जमाखोरी को रोकने के लिए प्रशासन ने देशभर में छापेमारी तेज कर दी है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक देश है। यह अपनी कुल मांग का लगभग 60% हिस्सा विदेशी खरीद, मुख्य रूप से मध्य पूर्व के देशों के माध्यम से पूरा करता है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की वरिष्ठ अधिकारी सुजाता शर्मा ने मध्य पूर्व संकट पर आयोजित एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कल ही देशभर में लगभग 2,600 स्थानों पर छापेमारी की गई और करीब 700



सिलेंडर जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, हाल ही में हैदराबाद के एक कब्रिस्तान के अंदर एक ही स्थान पर लगभग 400 सिलेंडर बरामद हुए हैं। वहां 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है और इसमें शामिल डिस्ट्रीब्यूटर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बिक्री आरोपी इसी कब्रिस्तान से कमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडरों को मौजूदा बाजार मूल्य से लगभग तीन गुना अधिक कीमत पर बेच रहे थे। जो कमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में लगभग 2,100 रुपये का मिलता है, उसे ये आरोपी 6,000 रुपये तक में बेच रहे थे। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए सिलेंडरों और आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहनों की कुल कीमत लगभग 22 लाख रुपये आंकी गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### फिर वही गलती, भगदड़ में फिर मौंते

बिहार के नालंदा जिले में शीतला माता मंदिर में मंगलवार (31 मार्च, 2026) को हुई प्रार्थना सभा के दौरान भगदड़ में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने मृतकों के परिवारों को 6 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। लेकिन बार-बार हो रहे हादसे देश भर की सरकार और प्रशासन के क्राउड मैनेजमेंट पर सवाल उठा रहे हैं। बिहार के नालंदा में शीतला माता मंदिर में मची भगदड़ की अब तक कोई नई वजह सामने नहीं आई है। ज्यादा भीड़, तंग जगह, अफवाह और फिर अफरातफरी। विपदा की यही स्क्रिप्ट देश में बार-बार दिखती रही है। 31 मार्च 2026 को मची इस भगदड़ में 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। जिनमें अधिकांश महिला थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महावीर जयंती और मंगलवार का दिन होने के कारण भीड़ ज्यादा थी, जबकि उसको संभालने के इंतजाम नाकाफी। बताया जा रहा है कि एक जगह बैरिकेड टूटा, जिससे लोग संभल नहीं पाए। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रबंधन और पुलिस पर आरोप लगाए हैं कि भीड़ को देखते हुए पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी। वक्त और जगह बदल दीजिए, तो ऐसे हालात बार-बार बन रहे हैं। पिछले साल नवंबर में आंध्र के श्रीकाकुलम जिले के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी। वहां भी हादसा बैरिकेड टूटने से हुआ। उसके पहले जुलाई में हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में अफवाह ने कई लोगों की जान ले ली और जनवरी में तिरुपति मंदिर में हद से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचने की वजह से हालात बिगड़ गए थे। केवल धार्मिक स्थल या आयोजन ही नहीं, राजनीतिक रैलियां भी जानलेवा साबित हुई हैं, जैसे पिछले साल सितंबर में अभिनेता से नेता बने विजय की रैली, जिसमें भीड़ अनियंत्रित होने की वजह से 39 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका भी डाली गई थी कि राजनीतिक रैलियों और सभाओं में भीड़ प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। अदालत ने इसे सरकार की जिम्मेदारी बताया था। सार्वजनिक जगहों पर भीड़ के सैलाब को संभालना हमेशा से चुनौती रहा है। जब अनुमान से ज्यादा लोग एक जगह जुट जाते हैं, तो एक छोटी-सी गलती भी भारी पड़ सकती है। नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो का डेटा बताता है कि पिछले तीन दशक में लगभग 4000 भगदड़ हुई हैं। 2000 से 2022 के दौरान विभिन्न भगदड़ों में 3074 लोगों की मौत हुई।

### चुनावी दहलीज पर 'मुफ्त' की रेवड़ियां

देश भर में चुनावों से ठीक पहले सरकारी योजनाओं को अमली जामा पहना कर मतदाताओं को लुभाने के लिए जिस तरह से प्रयास होते हैं, उस पर प्राय- सवाल उठते रहे हैं।चुनाव की आहट महसूस होते ही सत्तासीन और विपक्षी दलों की ओर से मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाओं का दौर शुरू हो जाता है। इस दौरान मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रुपए भेजे थे। इसी तरह अब पंजाब सरकार ने 'मुख्यमंत्री मावां-धीयां सत्कार योजना' को मंजूरी दी है।इस योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए और अनुसूचित जाति की महिलाओं को पंद्रह सौ रुपए मिलेंगे। यह आम आदमी पार्टी का वर्ष 2022 के चुनाव से पूर्व किया गया प्रमुख वादा था, जिसे अब अगले चुनाव से एक साल पहले लागू किया जा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या राज्य सरकार ने अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर महिलाओं को यह मुफ्त की सौगात दी है?गौरतलब है कि देश भर में चुनावों से ठीक पहले सरकारी योजनाओं को अमली जामा पहना कर मतदाताओं को लुभाने के लिए जिस तरह से प्रयास होते हैं, उस पर प्राय- सवाल उठते रहे हैं। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की इस प्रवृत्ति से राज्यों के खजाने पर असर पड़ता है। इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी पिछले माह कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा था कि कई राज्य सरकारें कर्ज में डूबी हैं, फिर भी वे मुफ्त की सौगात बांट रही हैं।इसमें दोराय नहीं कि नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं देना सरकार का कर्तव्य है, मगर चुनावी लाभ के लिए मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की जो होड़ लगी है, उसका नुकसान अंतत- राज्यों को ही उठना पड़ता है। विकास की योजनाओं पर खर्च होने वाली राशि का एक बड़ा हिस्सा चुनावी घोषणाओं को लागू करने में निकल जाता है। अहम सवाल यह है कि चुनाव से पहले ही इस तरह की योजनाएं क्यों लागू की जाती हैं।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जिस दृढ़ता और दूरदर्शिता के साथ माओवादी समस्या का समाधान किया जा रहा है, वह न केवल वर्तमान के लिए, बल्कि भविष्य के लिए भी एक मार्गदर्शक है। यह दिखाता है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो, रणनीति स्पष्ट हो और कार्यान्वयन प्रभावी हो, तो कोई भी समस्या असाध्य नहीं है। निश्चिततौर पर माओवादी मुक्ति केवल एक सुरक्षा उपलब्धि नहीं है।*

## माओवादी मुक्ति से शांति एवं संतुलन की नई संभावनाएं

**(ललित गर्ग)**

माओवादी मुक्ति का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि देश के उन क्षेत्रों में शांति और स्थिरता स्थापित होगी, जो लंबे समय से हिंसा की चपेट में रहे हैं। जब बंदूकें खामोश होंगी, तब विकास की आवाज बुलंद होगी। सड़कें बनेंगी, स्कूल खुलेंगे, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ेंगी और सबसे महत्वपूर्ण, लोगों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का संचार होगा। भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और लोकतांत्रिक राष्ट्र के सामने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियां हमेशा से बहुआयामी रही हैं। इन चुनौतियों में नक्सलवाद या माओवादी हिंसा एक ऐसी समस्या रही, जिसने दशकों तक देश की आंतरिक शांति, विकास और सुशासन को गंभीर रूप से प्रभावित किया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार और आंध्र प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में माओवादी गतिविधियों ने न केवल विकास को अवरुद्ध किया, बल्कि हजारों निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों की जान भी ली। लेकिन आज जब बस्तर जैसे माओवादी गढ़ से 25 लाख के इनामी सरगना पापा राव का अपने साथियों सहित आत्मसमर्पण करना एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आया है, तब यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत माओवादी मुक्ति की ऐतिहासिक दहलीज पर खड़ा है। नक्सलवाद की जड़ें सामाजिक-आर्थिक असमानता, उपेक्षा और शोषण में रही हैं, लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपने मूल उद्देश्यों से भटककर एक हिंसक और विध्वंसकारी विचारधारा में बदल गया। माओवादी संगठन न केवल विकास कार्यों में बाधा डालते रहे, बल्कि उन्होंने स्थानीय लोगों को भय और हिंसा के माध्यम से नियंत्रित किया। स्कूल, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र जैसे बुनियादी ढांचे को नष्ट करना उनकी रणनीति का हिस्सा बन गया था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि यह आंदोलन अब जनहित का नहीं, बल्कि सत्ता और नियंत्रण का माध्यम बन चुका है। भारत सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद/माओवाद से मुक्त करने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था, वह अब लगभग अपनी अंतिम अवस्था में पहुंचता दिखाई दे रहा है। पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों के आत्मसमर्पण, सुरक्षा बलों की आक्रामक एवं रणनीतिक कार्रवाई तथा प्रभावित क्षेत्रों में तेज़ी से हुए विकास कार्यों ने माओवादी आंदोलन की जड़ों को कमजोर कर दिया है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में माओवादी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। विशेष रूप से शीर्ष नेतृत्व के आत्मसमर्पण, जैसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्यों के सरेंडर ने संगठन को नेतृत्वहीन कर दिया, जिससे माओवादी संरचना भीतर से कमजोर पड़ गई। इस सफलता के पीछे सरकार की बहुआयामी रणनीति रही, जिसमें केवल सैन्य-पुलिस कार्रवाई ही नहीं, बल्कि विकास, पुनर्वास और प्रशासनिक पहुंच को भी समान महत्व दिया गया। रेड कॉरिडोर क्षेत्रों में सड़कों और पुलों का निर्माण, मोबाइल टावरों के माध्यम से 4जी नेटवर्क का विस्तार, स्कूलों और आईटीआई संस्थानों की स्थापना ने इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा। वहीं 'फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों' की रणनीति के माध्यम से सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ों में घुसकर निर्णायक कार्रवाई की। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता, रोजगार और समाज में पुनर्स्थापना की व्यवस्था ने भी माओवादी कैडर को हथियार छोड़ने के लिए प्रेरित किया। यह समन्वित रणनीति, दूरदर्शिता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है कि देश आज नक्सलवाद के अंत के ऐतिहासिक चरण के निकट खड़ा दिखाई दे रहा है। निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए बहुआयामी और दृढ़ रणनीति अपनाई। गृहमंत्री अमित शाह की सूझबूझ और स्पष्ट दृष्टिकोण ने इस अभियान को एक नई दिशा दी। सरकार ने एक ओर जहां सुरक्षा बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और संसाधनों से सशक्त किया, वहीं दूसरी ओर विकास योजनाओं को भी गति दी। 'सुरक्षा और विकास' के इस दोहरे दृष्टिकोण ने माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखी। पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए सघन अभियानों ने माओवादी नेटवर्क को गहराई से कमजोर किया है। बस्तर, जो कभी माओवादियों का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था, वहां आज आत्मसमर्पण की घटनाएं बढ़ रही हैं। पापा राव जैसे शीर्ष माओवादी नेता का आत्मसमर्पण इस बात का संकेत है कि माओवादी संगठन अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति का आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि एक विचारधारा के पतन का प्रतीक है। माओवादी मुक्ति का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि देश के उन क्षेत्रों में शांति और स्थिरता स्थापित होगी, जो लंबे समय से हिंसा की चपेट में रहे हैं। जब बंदूकें खामोश होंगी, तब विकास की आवाज बुलंद होगी। सड़कें बनेंगी, स्कूल खुलेंगे, अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ेंगी और सबसे महत्वपूर्ण, लोगों के जीवन में सुरक्षा और विश्वास का संचार होगा। आदिवासी और ग्रामीण समुदाय, जो अब तक भय और असुरक्षा में जी रहे थे, वे अब अपने अधिकारों और अवसरों का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही, माओवादी हिंसा के समाप्त होने से भारत की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी। जब देश के भीतर शांति होगी, तब ही बाहरी खतरों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। नक्सलवाद जैसी समस्याएं अक्सर विदेशी शक्तियों और असामाजिक तत्वों के लिए भी अवसर प्रदान करती हैं, जिन्हें समाप्त करना राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक है। इस दृष्टि से माओवादी मुक्ति न केवल आंतरिक, बल्कि सामरिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। आदर्श शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए कानून का शासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास की समान पहुंच आवश्यक होती है। माओवादी प्रभाव वाले क्षेत्रों में इन सभी तत्वों का अभाव था। वहां प्रशासन की पहुंच सीमित थी और लोकतांत्रिक संस्थाएं प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर पा रही थीं। लेकिन अब जब माओवादी प्रभाव घट रहा है, तब सरकार के लिए यह अवसर है कि वह इन क्षेत्रों में सुशासन की मजबूत नींव रखे। पंचायतों को सशक्त किया जाए, स्थानीय नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जाए और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। यह भी आवश्यक है कि माओवादी विचारधारा के प्रभाव को केवल सुरक्षा उपायों से ही नहीं, बल्कि वैचारिक स्तर पर भी चुनौती दी जाए। शिक्षा, जागरूकता और संवाद के माध्यम से लोगों को यह समझाना होगा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती। लोकतंत्र में परिवर्तन का मार्ग शांतिपूर्ण और संवैधानिक होता है। इस दिशा में समाज, सरकार और नागरिक संगठनों को मिलकर प्रयास करना होगा। माओवादी मुक्ति के इस दौर में यह भी ध्यान रखना होगा कि जिन कारणों से यह समस्या उत्पन्न हुई थी, वे दोबारा न उभरें। सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और विकास की समावेशी नीति को प्राथमिकता देना आवश्यक है। आदिवासी क्षेत्रों में उनकी संस्कृति, पहचान और अधिकारों का सम्मान करते हुए विकास की योजनाएं लागू की जानी चाहिए।

## भीतर के अंधेरे से बाहर के उजाले तक की अनदेखी यात्रा, अंदर के भ्रम से निकलना होगा

**(मोनिका राज)**

जब तक व्यक्ति अपने विचारों, पूर्वाग्रहों, भय और सीमित दृष्टि के जाल में उलझा रहता है, तब तक उसकी चेतना स्वतंत्र नहीं हो सकती। सच्ची मुक्ति केवल बाहरी बंधनों से मुक्त होने का नाम नहीं है, बल्कि वह मनुष्य के भीतर बसे अज्ञान के अंधकार से बाहर निकलने की गहन प्रक्रिया है। जब तक व्यक्ति अपने विचारों, पूर्वाग्रहों, भय और सीमित दृष्टि के जाल में उलझा रहता है, तब तक उसकी चेतना स्वतंत्र नहीं हो सकती। अज्ञान वह अदृश्य आवरण है, जो सत्य को ढक देता है और मनुष्य को भ्रमों के संसार में भटका देता है। इसलिए वास्तविक मुक्ति का मार्ग बाह्य परिस्थितियों में परिवर्तन से नहीं, बल्कि अंतःकरण के प्रकाश से होकर गुजरता है। मनुष्य का जीवन अनुभवों की निरंतर यात्रा है। प्रत्येक अनुभव, चाहे वह सुखद हो या पीड़ादायक, व्यक्ति के भीतर किसी न किसी रूप में चेतना का विस्तार करता है। अनुभव केवल घटनाओं का संग्रह नहीं होते, बल्कि वे आत्मा के शिल्पकार होते हैं, जो मनुष्य के व्यक्तित्व को गढ़ते हैं। जब व्यक्ति जीवन की घटनाओं को केवल भोग या दंड के रूप में नहीं, बल्कि आत्म-विकास की प्रक्रिया के रूप में देखता है, तब उसका दृष्टिकोण बदल जाता है। वह समझने लगता है कि जीवन का प्रत्येक क्षण उसे कुछ सिखाने आया है। यही अनुभव धीरे-धीरे अज्ञान के आवरण को हटाते हैं और व्यक्ति को सत्य के निकट ले जाते हैं। संघर्ष जीवन का अपरिहार्य सत्य है। जो व्यक्ति संघर्ष से भयभीत होकर पलायन करता है, वह कभी अपनी आंतरिक शक्ति को पहचान नहीं पाता। संघर्ष मनुष्य के भीतर छिपी संभावनाओं को जागृत करता है और चुनौतियों से पार पाने की प्रेरणा देता है। जब मनुष्य विपरीत परिस्थितियों का सामना करता है, तब उसके भीतर धैर्य, साहस और दृढ़ता का जन्म होता है। संघर्ष केवल बाधा नहीं, बल्कि आत्मिक उत्कर्ष की सीढ़ी है। जिनके जीवन में संघर्ष का ताप नहीं पड़ा, उनके व्यक्तित्व में गहराई और परिपक्वता का अभाव रह जाता है। संवेदनशीलता मनुष्य को मनुष्य बनाती है। संवेदनशील हृदय ही दूसरों के दुख को समझ सकता है, उनके दर्द को महसूस कर सकता है और उनके सुख में सहभागी बन सकता है। संवेदनशीलता व्यक्ति को आत्मकेंद्रित होने से बाहर निकालकर व्यापक मानवीय चेतना से जोड़ती है। जब मनुष्य केवल अपने हितों में उलझा रहता है, तब उसकी दृष्टि संकीर्ण हो जाती है और वह जीवन के व्यापक अर्थ को खो देता है। मगर जब वह दूसरों के अस्तित्व को अपने अस्तित्व से जोड़कर देखने लगता है, तब उसके भीतर करुणा, सहानुभूति और प्रेम का प्रवाह होता है। जो व्यक्ति प्रत्येक परिस्थिति को सीख का अवसर मानता है, वही वास्तव में आत्मिक शक्ति का विकास करता है। जीवन में आने वाली कठिनाइयां, असफलताएं और निराशा अगर व्यक्ति को तोड़ने के बजाय उसे सोचने, समझने और बदलने के लिए प्रेरित करें, तो वे उसके विकास की आधारशिला बन जाती हैं। सीखने की प्रवृत्ति मनुष्य को जड़ता से मुक्त करती है और उसे निरंतर गतिशील बनाती है। जब व्यक्ति यह स्वीकार कर लेता है कि जीवन में कोई अनुभव व्यर्थ नहीं है, तब उसकी चेतना में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। वह परिस्थितियों का शिकार बनने के बजाय उनका सृजनकर्ता बन जाता है और अपने जीवन का अर्थ खुद गढ़ने लगता है। आत्मिक शक्ति का विकास केवल आत्म-संतोष तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह व्यक्ति को व्यापक मानवीय उत्तरदायित्वों से जोड़ता है। आत्मिक रूप से जागृत व्यक्ति अपनी सीमाओं को पहचानते हुए भी उनमें बंधा नहीं रहता। वह जानता है कि उसकी व्यक्तिगत मुक्ति तब तक अधूरी है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6051

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 9 | | 8 | 5 |
| 9 | 4 | | | | 6 | | | 2 |
| | 8 | 1 | | | 4 | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| 2 | | 8 | | | | | | 9 |
| 3 | | | 1 | | | 8 | 4 | |
| 8 | | | 6 | | | | 5 | 7 |
| 4 | 7 | | 2 | | | | 3 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6050

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 1 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन आपको भागदौड़ और जिम्मेदारियों के बीच उलझा सकता है, लेकिन यही व्यस्तता आपको आगे बढ़ाने का रास्ता भी दिखाएगी। मन करेगा कि कुछ बड़ा और अलग किया जाए, पर ध्यान रखें आज जोखिम भरे कामों से दूरी ही समझदारी है। परिवार में खासकर भाई के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है, इसलिए समय रहते जांच करवाना बेहतर रहेगा।

### वृष
आज का दिन आपको एक नई खुशी का एहसास करा सकता है, खासकर अगर आप प्रॉपर्टी खरीदने का सपना देख रहे हैं तो वह पूरा होने के संकेत हैं। दिल के मामलों में भी हलचल हो सकती है। सिंगल लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात दिल की धड़कन बढ़ा सकती है। लेकिन मन में चल रही उलझनों को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा।

### कर्क
आज का दिन आपको छोटे-छोटे फायदों के जरिए बड़ी संतुष्टि देने वाला है। भाग्य आपके साथ खड़ा नजर आएगा, लेकिन आपको भी अपने प्रयासों में कमी नहीं रखनी है। अगर आप किसी से मदद मांगते हैं, तो वह आसानी से मिल जाएगी। बस झिझक छोड़नी होगी। दिल में दूसरों की मदद करने का भाव जागेगा और यही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए जीत और संतोष लेकर आ सकता है, खासकर अगर कोई कानूनी मामला चल रहा है तो उसमें सफलता मिलने के योग हैं। दिल की कोई पुरानी इच्छा आज पूरी हो सकती है, जिससे मन में खुशी की लहर दौड़ जाएगी। परिवार में किसी के विवाह की बात पक्की होने से माहौल उत्सव जैसा हो सकता है। हालांकि, विचारों में टकराव की स्थिति बन सकती है।

### मिथुन
आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान लाने वाला है। चारों ओर सकारात्मकता का माहौल रहेगा और जो लोग कभी आपके विरोधी थे, वे भी आज आपके करीब आ सकते हैं। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खुशखबरी माहौल को और भी खुशनुमा बना देगी। रिश्तेदारों का पूरा सहयोग मिलेगा।

### कन्या
आज का दिन आर्थिक रूप से आपको मजबूती देने वाला है। आपके जीवन में कोई नई खुशखबरी दस्तक दे सकती है, खासकर अविवाहित लोगों के लिए। माता-पिता के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और मन में संतोष रहेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके भीतर बनी रहेगी।

### तुला
आज का दिन आपको थोड़ा संभलकर चलने का इशारा दे रहा है, खासकर जब बात पैसों की हो। खर्च और आमदनी के बीच संतुलन बनाना जरूरी होगा। सेहत में उतार-चढ़ाव मन को भी प्रभावित कर सकता है, इसलिए खुद का ध्यान रखना जरूरी है। किसी भी काम में लापरवाही आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है, इसलिए सतर्क रहें।

### वृश्चिक
आज का दिन आपको कुछ खास कर दिखाने का मौका दे रहा है, जैसे किस्मत खुद आपको आगे बढ़ाने के लिए रास्ते खोल रही हो। तरक्की के नए दरवाजे खुलेंगे और विद्यार्थी भी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। घर में सुख-सुविधाओं की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है, जिससे माहौल आरामदायक बनेगा। हालांकि भाई-बहनों से किसी बात को लेकर तीखी बहस हो सकती है।

### मकर
आज का दिन आपको अचानक मिलने वाले लाभ से चौंका सकता है। संपत्ति से जुड़ा कोई फायदा या पुराने निवेश से मिलने वाला रिटर्न आपके चेहरे पर खुशी ला सकता है। आप हर मौके को पकड़ने की कोशिश करेंगे, लेकिन जल्दबाजी से बचना जरूरी है। अपने कामों में बदलाव सोच-समझकर ही करें, क्योंकि यही आपकी सफलता का आधार बनेगा। कोई बड़ा लक्ष्य आज पूरा हो सकता है।

### कुंभ
आज का दिन आपको धैर्य और संयम की असली ताकत सिखाएगा। छोटे बच्चों के साथ बिताया गया समय आपको सुकून और खुशी देगा। अगर पारिवारिक संपत्ति को लेकर कोई विवाद चल रहा था, तो उसमें समाधान निकल सकता है। नया काम शुरू करने का विचार आज आकार ले सकता है। प्रेम जीवन में थोड़ी खटास आ सकती है, इसलिए शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। बेवजह का गुस्सा आपके रिश्तों को प्रभावित कर सकता है।

### धनु
आज का दिन कामकाज के लिहाज से शानदार रहने वाला है। नौकरी करने वालों को अपने काम में संतुष्टि मिलेगी और दिन अच्छा बीतेगा। कहीं घूमने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक होगी। विदेश से जुड़े व्यापार में थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। माता जी आपको कोई जिम्मेदारी सौंप सकती हैं।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सम्मान और सफलता का संदेश लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई उपलब्धि या पुरस्कार मिल सकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। बड़ों की सलाह आज आपके लिए मार्गदर्शन का काम करेगी। अगर कोई शारीरिक समस्या परेशान कर रही है, तो उसे नजरअंदाज न करें और सही डॉक्टर से सलाह लें। अगर आपने किसी से उधार लिया है।

## वर्ग पहेली 6051



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 11 अगस्त 1908 को इस महान क्रांतिकारी फांसी दी गई (7)
7. दमन करने वाला (5)
8. अंतरिक्ष, आकाश, आसमान (2)
9. नृत्य करवाना (3)
11. पार्श्व, पहलू, पक्ष (3)
12. जल, आब, नीर, पानी (2)
13. विवाह के समय होने वाली एक रस्म, शशि कपूर-आशापारेख अभिनीत एक फिल्म (1968)(4)
15. स्वभाव, लत, व्यसन (3)
16. निर्णीत, फैसला किया हुआ, ठहराया हुआ (2)
17. तौल की एक सूक्ष्म ईकाई ता आइ रत्ती के बराबर होती है (2)
18. विलक्षण वस्तु या करतब, चमत्कार, पराकाष्ठा (3)
20. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (सिर्फ नाम)(3)
21. करने वाला, रचने वाला, साधक (2)
22. यथेष्ट, आवश्यकता से अधिक, अत्यधिक ज्यादा (3)

**ऊपर से नीचे**
1. स्वयं, आप (2)
2. एक प्रकार का कीट जो कागज आदि को हानि पहुंचाता है (3)
3. जंघा, जांघ (2)
4. चक्राकर बंदूक यह कहलाती है (5)
5. बातचीत, वार्तालाप (4)
6. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
10. बल, शक्ति, पॉवर (3)
11. जो भाग्य में लिखा हुआ हो (2)
12. अभियोग, तर्क, दार्शनिक प्रणाली (2)
14. न्यायाधीश, जज, न्याय करने वाला (4)
15. प्रत्याशतीत, कल्पनातीत, स्वप्नातीत, अकल्पनीय (4)
19. रदपट, अधर, ओंठ, ओष्ठ (2)

### वर्ग पहेली 6050 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | द | मा | | चं | ब | ल | |
| रि | वा | ज | | ग | ल | त | |
| व | | रा | | ला | वा | | वा |
| र्त | | | मु | | | गै | र |
| न | ई | दु | नि | या | | | दा |
| | द | र्ज | | द | ह | श | त |
| चौ | गा | न | | गा | य | | |
| रा | ह | | बा | र | | | पौ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# ईरान के मैचों को अमेरिका की जगह मैक्सिको में कराने का मामला नहीं सुलझा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालातों के बीच फीफा और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल राजनीति (डिप्लोमेसी) एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले ने हालात को मुश्किल और जटिल बनाया था। ईरान की फुटबॉल टीम और उसके विश्व कप अभियान पर इसका सीधा असर पड़ा था। इस बीच फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और ईरानी फुटबॉल अधिकारियों के बीच तुर्की में हुई बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब ईरान की विश्व कप भागीदारी को लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे थे। हालांकि इस मुलाकात में सकारात्मक संकेत मिले, लेकिन एक बड़ा मुद्दा–ईरान के मैचों को अमेरिका से हटाकर मेक्सिको में कराने का–अब भी अनसुलझा है। मार्च 2025 के दौरान ईरान की स्थिति काफी अनिश्चित रही। सरकारी स्तर पर यह संकेत दिए गए कि टीम विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकती या उसे अमेरिका जाने में मुश्किल हो सकती है। यहां तक कि फीफा से यह भी मांग उठी कि ईरान के मैचों को किसी अन्य देश, खासकर मेक्सिको, में स्थानांतरित कर दिया जाए। हालांकि फीफा ने स्पष्ट किया है कि टूर्नामेंट शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होगा और ईरान को अमेरिका में ही अपने मैच खेलने होंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों ने स्थिति को और उलझा दिया। ट्रंप ने पूर्व में ईरान को विश्व कप के लिए अहम न होने या फिर टीम के भाग लेने की स्थिति में खिलाड़ियों की सुरक्षा पर चिंता जताई थी। हालांकि फीफा लगातार एक स्पष्ट रुख अपनाए हुए है और इन्फेंटिनो ने भरोसा दिलाया है कि ईरान की टीम को सभी आवश्यक सुविधाएं और सुरक्षा दी जाएगी। ईरान की टीम ने भी मुश्किल हालातों के बीच तैयारी जारी रखी है। जॉर्डन में प्रस्तावित अभ्यास मैचों को सुरक्षा कारणों से तुर्की के अंताल्या में शिफ्ट किया गया, जहां टीम ने नाइजीरिया और कोस्टा रिका के खिलाफ मुकाबले खेले। इन मैचों के दौरान खिलाड़ियों ने युद्ध के विरोध में प्रतीकात्मक प्रदर्शन भी किया, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना।

विश्व कप की तैयारियों के तहत ईरान 10 जून तक एरिजोना के टक्सन स्थित ट्रेनिंग कैंप में पहुंचेगा। टीम अपना पहला मैच 15 जून को लॉस एंजिल्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद उसे बेल्जियम और मिस्र जैसी मजबूत टीमों से भी भिड़ना है। हालांकि वीजा से जुड़ी समस्याएं अब भी बनी हुई हैं, जिससे टीम के कुछ अधिकारियों को अमेरिका में प्रवेश नहीं मिल पाया है।

## संजीव गोयनका पर भड़के ललित मोदी, BCCI से की ये मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी एक बार फिर चर्चा में हैं। ललित मोदी ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है और बीसीसीआई से टीम को बैन करने की मांग की है। ललित मोदी ने एक्स पर लिखा, 'मैंने आपसे कहा था कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका पूरी तरह से लूजर और सबसे बड़ा जोकर है। मैं उसके बर्ताव से सच में शर्मिंदा हूं। मैंने आईपीएल को फैंस और खिलाड़ियों दोनों के लिए बनाया था, न कि हर बार, हर साल ऐसा होने के लिए।' उन्होंने लिखा, 'अगर मैं अभी भी चेयरमैन और कमिश्नर होता, तो मैं उसे तुरंत बैन कर देता और टीम की ओनरशिप हमेशा के लिए छीन लेता। वह पूरी तरह से घमंडी जोकर है। इसी मुद्दे के लिए फ्रेंचाइजी अनुबंध में एक क्लॉज है। बीसीसीआई इसे लागू करे–ईमानदारी सबसे ऊपर रहे। सत्ता में बैठे लोगों



की चापलूसी करना उसे बचने का तरीका नहीं है। फैंस और खिलाड़ी दोनों इसे याद रखेंगे। ' दरअसल, एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच 1 अप्रैल को इकाना स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी को हार का सामना करना पड़ा था। मैच के बाद संजीव गोयनका को पंत के साथ बातचीत करते हुए देखा गया था। इस घटना को फैंस और आलोचक गोयनका और केएल राहुल के बीच आईपीएल 2024 में हुई घटना से जोड़ कर देख रहे हैं। गोयनका को सोशल मीडिया पर संजीव गोयनका से जुड़े मीम्स वायरल हो रहे हैं।इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा था कि टूर्नामेंट में एक गेम हुआ है। इसकी कोई जरूरत नहीं है। हालांकि ऋषभ पंत और संजीव गोयनका के बीच क्या बात हुई, यह स्पष्ट नहीं है।

## कोच ही एथलीटों से करवा रहा था डोपिंग! नाबालिगों को भी नहीं छोड़ा; 10 साल बाद खुली पोल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मध्यस्तता न्यायालय (सीएएस) की एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और कोच पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। दोनों को खिलाड़ियों और नाबालिगों को प्रतिबंधित दवाएं देने का दोषी पाया गया है। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों की वजह से पूरी दुनिया में रोज ही किरकिरी कराता है। अब ऐसा ही कुछ उसने खेल जगत में भी किया, जिसकी वजह से वह कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचा है। खेल मध्यस्तता न्यायालय (सीएएस) की एंटी-डोपिंग डिवीजन ने पाकिस्तान भारोत्तोलन महासंघ के पूर्व



अध्यक्ष हाफिज इमरान बट और कोच इरफान बट पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। दोनों को खिलाड़ियों और नाबालिगों को प्रतिबंधित दवाएं देने का दोषी पाया गया। सीएएस के फैसले के मुताबिक, 2014 से 2016 के बीच दोनों अधिकारियों ने बड़े स्तर पर डोपिंग गतिविधियों को बढ़ावा दिया और खिलाड़ियों को स्टेरॉयड जैसे प्रतिबंधित पदार्थ दिए। इस गंभीर अपराध को देखते हुए उन्हें खेल से हमेशा के लिए बाहर कर दिया गया है। अब वे किसी भी ऐसी गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे, जो विश्व एंटी-डोपिंग कोड के तहत आती हो। इस मामले में एक और बड़ा नाम सामने आया है। पाकिस्तानी भारोत्तोलक अबूबकर गनी को भी चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। गनी 2021 विश्व चैंपियनशिप के दौरान डोप टेस्ट में फेल पाए गए थे, जहां उनके सैंपल में टैमोक्सीफेन मेटाबोलाइट पाया गया था। जांच में यह भी सामने आया कि उन्होंने खुद को बचाने के लिए फर्जी मेडिकल दस्तावेज पेश किए थे, जिसे डोपिंग प्रक्रिया में छेड़छाड़ माना गया। सीएएस ने गनी पर 6 मार्च 2026 से 5 मार्च 2030 तक प्रतिबंध लागू किया है।

# ग्रीन-रघुवंशी के रनआउट से कोलकाता हारा

### अभिषेक के हैदराबाद के लिए 100 सिक्स पूरे, रहाणे का 200वां आईपीएल मैच

**कोलकाता।** आईपीएल में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हरा दिया। ईडन गार्डन्स में कोलकाता की हार की बड़ी वजह दो अहम रनआउट रहे। पहले कैमरन ग्रीन और फिर अंगकृष रघुवंशी रनआउट हुए। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 100 आईपीएल सिक्स पूरे किए। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे अपना 200वां आईपीएल मैच खेलने उतरे। वे ऐसा करने वाले 11वें प्लेयर बने। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए डेविड वॉर्नर ने सबसे ज्यादा 143 सिक्स लगाए हैं। अभिषेक शर्मा 101 सिक्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा हेनरिक क्लासन के नाम 89, केन विलियमसन के 64 और ट्रेविस हेड के 50 सिक्स दर्ज हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए रिंकू सिंह 41 कैच के साथ सबसे ज्यादा फील्ड कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए। उनके बाद आंद्रे रसेल 40 कैच के साथ दूसरे, सुनील नरेन 36 कैच के साथ तीसरे और मनोज तिवारी 30 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। फिन एलन ने पहले ओवर में 24 रन बनाए। वे आईपीएल की किसी पारी के पहले ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पृथ्वी शॉ के साथ दूसरे स्थान पर हैं। पहले ओवर में सबसे ज्यादा रन 26 हैं, जो यशस्वी जायसवाल ने बनाए थे। हैदराबाद ने मध्य प्रदेश से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले लेफ्ट आर्म चाइनामैन स्पिनर शिवांग कुमार को डेब्यू कैप सौंपी।



## आयुष ने रोहित से मुलाकात का किस्सा सुनाया

- **कहा-आइडल से मिलना ड्रीम डे जैसा, घर पर 2 घंटे बैटिंग स्किल्स सिखाईं**

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय अंडर-19 टीम को अपनी कप्तानी में वर्ल्ड कप जिताने वाले युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने अपने आइडल रोहित शर्मा से हुई मुलाकात को खास बताया है। चेन्नई सुपर किंग्स के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए आयुष ने इसे अपने जीवन का ड्रीम डे कहा। पिछले साल इंग्लैंड दौरे से पहले म्हात्रे ने रोहित को मैसेज किया था। जिसके बाद रोहित ने खुद उन्हें कॉल कर बातचीत की और मिलने के अपने घर बुलाकर करीब दो घंटे तक बल्लेबाजी स्किल्स पर बातचीत की।

### वीडियो कॉल नहीं, आमने-सामने मिलने की जिद

म्हात्रे ने बताया कि उन्होंने केवल एक मैसेज किया था, लेकिन रोहित शर्मा ने खुद ही उन्हें कॉल किया। रोहित ने उनसे पूछा कि वे क्या कहना चाहते हैं। जब आयुष ने उनसे मिलने की इच्छा जताई, तो रोहित ने पूछा कि वे कहां रहते हैं। आयुष ने बताया कि वे विरार में रहते हैं। इस पर रोहित ने पूछा, क्या तुम विरार से मुझसे मिलने आओगे? आयुष ने जवाब दिया कि वे अपने आइडल से मिलने के लिए कहीं भी जा सकते हैं। रोहित ने वीडियो कॉल का विकल्प भी दिया था, लेकिन आयुष व्यक्तिगत रूप से मिलना चाहते थे। अगले दिन वे रोहित के घर पहुंचे, जहां दोनों के बीच करीब दो घंटे तक बातचीत हुई। आयुष ने कहा,मुझे पता ही नहीं चला कि दो घंटे कैसे बीत गए। उनसे बात करना बहुत अच्छा लगा। म्हात्रे के मुताबिक, यह उनके लिए बहुत बड़ी बात थी कि उनके आइडल ने उन्हें इतना समय दिया।



### म्हात्रे ने रोहित की वजह से जगह गंवाने पर पोस्ट लिखा

एक समय रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई थी, जिसके चलते आयुष को अपनी जगह गंवानी पड़ी। उस समय उन्होंने रोहित के प्रति सम्मान जताते हुए एक भावुक पोस्ट लिखा था। वे शुरू से ही रोहित को अपना रोल मॉडल मानते रहे हैं।

**आयुष की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम इस बार वर्ल्ड चैंपियन बनी–** आयुष इस साल भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के कप्तान थे। हालांकि, आईपीएल 2026 की शुरुआत उनके लिए अच्छी नहीं रही और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वे बिना खाता खोले आउट हो गए।

## फखर जमां को झटका, गेंद से छेड़छाड़ के आरोप में पीएसएल की तकनीकी समिति ने अपील खारिज की

**लाहौर (एजेसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की तीन सदस्यीय तकनीकी समिति ने फखर जमां पर गेंद से छेड़छाड़ के आरोप में लगाए गए दो मैचों के प्रतिबंध के खिलाफ इस सलामी बल्लेबाज की अपील को खारिज कर दिया है। समिति ने सुनवाई की और सभी उपलब्ध साक्ष्यों की जांच करने के बाद मैच रेफरी रोशन महानामा द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा। उन्होंने लाहौर कलंदर्स के कप्तान जमां पर गेंद की स्थिति बदलने के लिए लेवल तीन के अपराध का आरोप लगाया था। इस तरह से जमां शुक्रवार को मुल्तान सुल्तान और नौ अप्रैल को इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। जमां ने अपनी अपील में कहा था कि इसकी पुष्टि करने के लिए कोई निर्णायक सबूत उपलब्ध नहीं है कि उन्होंने गेंद से छेड़छाड़ की थी और इसलिए प्रतिबंध वापस लिया जाना चाहिए।



# अभिषेक शर्मा पर लगा जुर्माना

## अंपायर के फैसले पर जताई थी आपत्ति

**कोलकाता, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर गुरुवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट तोड़ने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शर्मा को एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। अभिषेक शर्मा ने अपनी गलती मानते हुए सजा स्वीकार कर ली है। आईपीएल की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि अभिषेक ने आर्टिकल 2.3 के तहत लेवल 1 का अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को मान लिया। कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला आखिरी और मानने वाला होता है। अभिषेक ने केकेआर के खिलाफ मैच में पारी की शुरुआत करते हुए 21 गेंदों पर 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 48 रन की पारी खेली। उनका आउट होना विवादित रहा और अंपायर के फैसले पर उन्होंने नाराजगी जताई। दरअसल, वरुण चक्रवर्ती ने डाइव लगाते हुए अभिषेक का कैच लिया था। उस समय ऐसा लग रहा था कि गेंद जमीन को छू गई है। यह घटना पारी के नौवें ओवर में हुई थी। थर्ड अंपायर ने कैच को वैध मानते हुए अभिषेक को आउट करार दिया। अभिषेक इस फैसले से सहमत नहीं थे और उन्होंने निराशा जताई। इस वजह से उन पर जुर्माना लगाया गया।



## आईपीएल के लिए नहीं मिली श्रीलंका क्रिकेट से एनओसी

### तुषारा ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजाः रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने तेज गेंदबाज नुवान तुषारा को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में हिस्सा लेने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) देने से मना कर दिया, जिसके बाद तुषारा ने कोलंबो डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में याचिका दायर कर कानूनी दखल की मांग की है। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज को आईपीएल 2026 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट मिला था। इससे पहले, पिछले दो सीजन में भी उन्होंने बोर्ड की मंजूरी के साथ इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। हालांकि, 'न्यूज वायर श्रीलंका' की रिपोर्ट के अनुसार, इस बार एसएलसी ने उन्हें एनओसी देने से मना कर दिया है। बोर्ड का कहना है कि तुषारा जरूरी फिटनेस मानकों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को हुई, जिसमें कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 9 अप्रैल की तारीख तय की है। अपनी याचिका में, तुषारा ने एसएलसी के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, सचिव बंदुला दिसानायके, कोषाध्यक्ष सुजीवा गोदालियाद्दा और सीईओ एशले डी सिल्वा को प्रतिवादी बनाया है। तुषारा ने इस फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि बोर्ड के साथ उनका सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 31 मार्च 2026 को खत्म हो रहा है, उन्होंने पहले ही बोर्ड को बता दिया था कि वे इस कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। यह दावा किया कि उन्हें अब राष्ट्रीय टीम के चयन की योजनाओं से लगभग बाहर कर दिया गया है। ऐसे में, फिटनेस के आधार पर बोर्ड का यह रवैया बेतुका और गलत है।



# हार के बाद रहाणे के स्ट्राइट रेट पर उठे सवाल

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। KKR की IPL में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। KKR की टीम 227 रन की लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई। यह इस सत्र में उसकी लगातार दूसरी हार है। इस हार ने सारा ध्यान रहाणे के प्रदर्शन और स्ट्राइक रेट पर केंद्रित कर दिया।

गुरुवार को 10 गेंदों में 8 रन बनाने वाले चयक्र के कप्तान ने आलोचनाओं पर अप्रत्याशित रूप से तल्ख रवैया अपनाया। रहाणे ने मैच के बाद कहा, 'जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है। उन्हें मेरा खेलना पसंद नहीं है। वे नहीं चाहते कि मैं खेलता रहूं। मैंने जितनी सफलता हासिल की है उसे देखकर शायद वे मुझसे ईर्ष्या करते हैं। मुझे इसकी ज्यादा चिंता नहीं है।'

भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 10 पारियों में 161.57 के स्ट्राइक रेट से 391 रन बनाए थे। पिछले साल केकेआर आठवें स्थान पर रहा था लेकिन रहाणे ने टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। रहाणे बीच के ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में रहाणे ने पहली 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। रहाणे ने कहा, 'जो लोग बातें कर रहे हैं उन्हें खेल की समझ नहीं है और मुझे लगता है कि वे चाहते हैं कि मैं एक अलग तरह की पारी खेलूं। उन्हें उम्मीद नहीं थी कि अजिंक्य रहाणे अपने खेल में इतना सुधार कर लेगा। इसलिए मुझे खुशी है कि वे मेरे बारे में बातें कर रहे हैं, फिर चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक।' उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत खुशी है कि वे मेरे बारे में बात कर रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### मारपीट व हत्या के प्रयास मामले में तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। इसी कड़ी में मारपीट एवं हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जम्होर थाना पुलिस द्वारा की गई है। पुलिस के अनुसार उक्त मामले में दर्ज कांड के बाद से ही तीनों आरोपी फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर जम्होर थाना की टीम ने छापेमारी कर तीनों अभियुक्तों को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पहले से ही मारपीट और हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। इनकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

### 62 ग्राम अफीम, कैश व मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**पटना (नि. सं.)।** सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के महेश्वरी लेन, महेंद्रु स्थित एक मकान में की गई, जहां किरायेदार द्वारा नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री की सूचना मिली थी। दिनांक 2 अप्रैल 2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने संदिग्ध मकान पर छापेमारी की, जहां से कुल 62.13 ग्राम अफीम बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 6 मोबाइल फोन, 15 लाइटर और 37,300 रुपये नगद भी जब्त किए। मौके से एक अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया, जिससे पूछताछ जारी है। नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पटना, परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह सटीक सूचना के आधार पर की गई। उन्होंने कहा कि पटना में नशा तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और आगे भी छापेमारी जारी रहेगी।

### रेल पुलिस ने 24 घंटे में तीन चोर को किया गिरफ्तार

**पटना (नि. सं.)।** पटना जंक्शन पर रेल पुलिस ने 24 घंटे में तीन चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने प्लेटफॉर्म-4 और 5 पर हुई गिरफ्तारी में चोरी के दो मोबाइल और रूमाल में बांधा हुआ एक पेपर का बंडल जिसके आगे 500 रुपये का नोट लगा हुआ बरामद किया है। पुलिस के पूछताछ में पता चला कि यह चोर ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल और सामान चुराकर उसे दूसरे व्यक्ति के पास बेचते थे। ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर लगातार हो रही चोरियों को लेकर रेल पुलिस ने जन विश्वास संकल्प हमारा अभियान के तहत तीनों चोरों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल पटना के निर्देश पर की गई। रेल पुलिस लगातार स्टेशन परिसर में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है।

औरंगाबाद में तेज रफ्तार ट्रक का कहर

# बाइक सवार युवक की मौके पर हुई मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

- औरंगाबाद के जसोईया मोड़ (नगर थाना क्षेत्र) के पास हुआ हादसा
- मृतक की पहचान मोहम्मद साजिद अंसारी (21) के रूप में
- रिश्तेदार को छोड़कर महसी गांव से घर लौट रहा था



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। नगर थाना क्षेत्र के जसोईया मोड़ के पास एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया, जिससे करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। मृतक की पहचान माली थाना क्षेत्र के सहरसा गांव निवासी मुस्तकीम अंसारी के 21 वर्षीय पुत्र मोहम्मद साजिद अंसारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार साजिद गुरुवार को अपने एक रिश्तेदार को छोड़ने के लिए महसी गांव गए थे। देर हो जाने के कारण वह रात वहीं रुक गए और शुक्रवार सुबह अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान जसोईया मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साजिद की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग करने लगे। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में प्रशासन की ओर से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिए जाने के बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई और करीब दो घंटे बाद जाम हटाया जा सका।

मामले को लेकर नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि साजिद अंसारी चार भाइयों में सबसे छोटे थे और अभी अविवाहित थे। वे राजस्थान में वेल्डिंग का काम करते थे और ईद के मौके पर घर आए हुए थे। कुछ ही दिनों में उन्हें वापस काम पर लौटना था, लेकिन उससे पहले ही हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। साजिद की असामयिक मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# फर्जी आईपीएस बनकर ठगी का खेल दाउदनगर में कारोबारी से 47 हजार ऐंठे

- 1.20 लाख की और मांग पर खुला राज

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)



दाउदनगर थाना क्षेत्र में फर्जी आईपीएस बनकर ठगी और धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उत्तर दरवाजा मोहल्ला, वार्ड संख्या-10 के कपड़ा व्यवसायी राकेश कुमार ने इस संबंध में थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। पीड़ित के अनुसार 19 फरवरी को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम राजेश शुक्ला बताते हुए खुद को उत्तर प्रदेश कैडर का आईपीएस अधिकारी बताया। बाद में मुलाकात के दौरान उसने अपना आई-कार्ड भी दिखाया, जिससे प्रभावित होकर व्यवसायी ने उस पर भरोसा कर लिया। आरोप है कि परिचय बढ़ने के बाद उक्त व्यक्ति ने किसी जरूरी काम का हवाला देते हुए पैसों की मांग की। उसके पद के प्रभाव में आकर राकेश कुमार ने 15 मार्च को दो किश्तों में 37 हजार और 10 हजार रुपए, कुल 47 हजार रुपए ऑनलाइन माध्यम से उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए।

मामले का खुलासा 2 अप्रैल 2026 को तब हुआ जब आरोपी अचानक व्यवसायी की दुकान पर पहुंच गया और फिर से आईपीएस अधिकारी होने का रौब दिखाते हुए 1 लाख 20 हजार रुपए की मांग करने लगा। पैसे देने से इनकार करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दुकान पर हो रहे हंगामे की आवाज सुनकर आसपास के लोग और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। लोगों को शक होने पर आरोपी के बैग की तलाशी ली गई, जिसमें से एनआईए, सीआईए समेत विभिन्न सरकारी एजेंसियों के नाम लिखी 4-5 टी-शर्ट और करीब 20-25 फर्जी पहचान पत्र बरामद किए गए। लोगों के दबाव में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह कोई आईपीएस अधिकारी नहीं है और ठगी के उद्देश्य से उसने फर्जी पहचान बनाई थी। फिलहाल आरोपी पुलिस की निगरानी में है। इस मामले में पीड़ित ने दाउदनगर थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है और कहा है कि दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार में निजी स्कूल खोलना होगा आसान, शर्तों में छूट देने की तैयारी

- शिक्षा विभाग में विशेष निदेशक होंगे नोडल अधिकारी
- जमीन और संसाधनों से जुड़े नियम होंगे लचीले

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार राज्य में शिक्षा के निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब निजी स्कूल खोलने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए शर्तों में छूट देने की तैयारी है। यह पहल 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत लागू की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक निजी निवेशकों को शिक्षा क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस योजना के तहत उद्योग विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है, जबकि शिक्षा विभाग में माध्यमिक शिक्षा के विशेष निदेशक को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार का मानना है कि नियमों में ढील देने से राज्य में निजी स्कूलों की संख्या बढ़ेगी और शिक्षा का दायरा विस्तृत होगा।

वर्तमान में राज्य में सीबीएसई और आईसीएसई से संबद्ध निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों को संबद्धता प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेना अनिवार्य होता है, जिसके लिए कई कड़े मानदंड निर्धारित हैं। मौजूदा नियमों के अनुसार, सीबीएसई स्कूल खोलने के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि अनिवार्य है, जबकि आईसीएसई स्कूलों के लिए न्यूनतम 50 डिसमिल जमीन की आवश्यकता होती है। साथ ही, एनओसी का हर तीन वर्षों में नवीनीकरण कराना भी जरूरी होता है।

सरकार अब इन शर्तों में बदलाव करने पर विचार कर रही है। विशेष रूप से भूमि की अनिवार्यता और संसाधनों से जुड़े नियमों को लचीला बनाया जा सकता है, जिससे छोटे और मध्यम स्तर के निवेशक भी शिक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर सकें।

इसके लिए निजी स्कूल खोलने से संबंधित नियमावली में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य है कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विस्तार हो और छात्रों को अधिक विकल्प उपलब्ध हो सकें।

# एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा, स्थिति सामान्य

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें स्थिति संतोषजनक पाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है और उपभोक्ताओं की दैनिक जरूरतों के अनुरूप सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7189 सिलेंडर की मांग के मुकाबले लगभग 6317 सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही लंबित बुकिंग के निष्पादन की प्रक्रिया भी लगातार जारी है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है।

इस संबंध में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और वितरण प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन ने प्रखंड स्तर के अधिकारियों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही आम जनता की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06186-295027 सक्रिय रखा गया है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं।

जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। नियंत्रण कक्ष को 3 अप्रैल को कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 20 का समाधान कर दिया गया है, जबकि एक शिकायत अभी प्रक्रियाधीन है। प्रशासन की ओर से कालाबाजारी और जमाखोरी की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी की जा रही है और औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। अब तक किसी भी तरह के अनियमितता के मामले में कोई वाद दर्ज नहीं हुआ है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## महिला पर्यवेक्षिका संघ की अध्यक्ष बनीं अलका

**पटना(नि.सं.)।** बिहार राज्य महिला पर्यवेक्षिका (आईसीडीएस) शक्ति संघ की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी अल्का और महासचिव माला कुमारी का चुनाव हुआ। यह चुनाव बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट) की बैठक में हुआ, जिसमें सत्रह सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। श्वेता कुमारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बिहार राज्य महिला पर्यवेक्षिका (आईसीडीएस) शक्ति संघ की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी अल्का और प्रदेश महासचिव माला कुमारी निर्वाचित हुईं। शुक्रवार को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट) के महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा की उपस्थिति में महासंघ (गोप गुट) कार्यालय में आयोजित बैठक में संघ का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष एवं महासचिव सहित सत्रह सदस्यीय कमेटी का गठन हुआ। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट) के महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने बताया कि कुमारी अलका मधेपुरा और माला कुमारी समस्तीपुर में कार्यरत हैं। सर्वसम्मति से श्वेता कुमारी को कोषाध्यक्ष, पांच उपाध्यक्ष एवं पांच प्रदेश सचिव, दो मीडिया प्रभारी एवं दो कार्यालय सचिव बनाये गए।

# बेलगाम ट्रकों का आतंकः बिना नंबर प्लेट दौड़ते वाहन एनएच-139 पर जानलेवा हालात, प्रदूषण का जोखिम

- ओवरलोडेड वाहनों से सड़कें हो रहीं खराब, पलटने का खतरा भी बढ़ा

निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)




एनएच 139 पर औरंगाबाद से हरिहरगंज के बीच इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह से लचर नजर आ रही है। सड़क पर दौड़ रहे भारी वाहन नियमों को खुलेआम धता बताते हुए बिना किसी डर के आवाजाही कर रहे हैं, जिससे न केवल हादसों का खतरा बढ़ गया है बल्कि प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। खासकर निर्माण सामग्री और धूल ढोने वाले ट्रक और हाइवा बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि इन वाहनों पर कहीं भी पंजीकरण संख्या अंकित नहीं रहती। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना होती है, तो वाहन चालक आसानी से मौके से फरार हो जाते हैं और उनकी पहचान करना लगभग असंभव हो जाता है। इससे पीड़ितों को न्याय मिलने में भी बड़ी बाधा उत्पन्न होती है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन भारी वाहनों की रफ्तार भी काफी तेज रहती है, जिससे सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान जोखिम में पड़ जाती है। नियमों के अनुसार निर्माण सामग्री को तिरपाल से ढककर ले जाना अनिवार्य है, लेकिन ज्यादातर वाहन खुले में गिट्टी और धूल ढोते नजर आते हैं। चलते वाहनों से उड़ने वाली धूल राहगीरों की आंखों में गिरती है और वातावरण को भी प्रदूषित करती है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, क्योंकि सड़क पर फैली धूल और गिट्टी के कारण फिसलकर गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं।

इधर, शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर तैनात यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इन समस्याओं को नजरअंदाज कर मूकदर्शक बने हुए हैं। औपचारिक जांच के नाम पर केवल मुख्य सड़कों पर दिखावा किया जाता है, जबकि अंदरूनी मार्गों पर कोई प्रभावी निगरानी नहीं की जाती। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बिना नंबर प्लेट के ये वाहन आखिर किसके संरक्षण में सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। भारी वाहन चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी अब आम बात बन चुकी है। क्षमता से अधिक भार लादना, तेज रफ्तार में वाहन चलाना और रात के समय लापरवाही बरतना, ये सभी कारण लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। ओवरलोडेड वाहन जहां सड़कों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहीं असंतुलन के कारण पलटने का खतरा भी बना रहता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यदि समय रहते प्रशासन ने इस गंभीर समस्या पर सख्ती नहीं दिखाई, तो आने वाले दिनों में आम लोगों के लिए सड़कों पर चलना और भी ज्यादा जोखिम भरा हो जाएगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना नंबर प्लेट और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और प्रदूषण पर भी नियंत्रण पाया जा सके।

# नशे में धुत युवक के विरोध पर भड़का विवाद घर में घुसकर की गई मारपीट, गांव में तनाव

- सास-बहू और बेटी समेत तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल
- घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)



जिले के ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरंडा गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवक का विरोध करना महिलाओं को भारी पड़ गया। इस दौरान दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें सास-बहू समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान चंद्रमल यादव की पत्नी सुभांती देवी, बहू रविता देवी और बेटी प्रभा कुमारी के रूप में हुई है। तीनों को पहले ओबरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया गया।

घटना के संबंध में घायल रविता देवी ने बताया कि गुरुवार रात गांव के ही बैजू यादव शराब के नशे में धुत होकर गाली-गलौज करते हुए हंगामा कर रहा था। आसपास के लोगों को जब यह व्यवहार असहनीय लगा तो महिलाओं ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन यह विरोध उसे नागवार गुजरा। आरोप है कि इसके बाद बैजू यादव ने अपने पिता गोवर्धन यादव और भाई रामजी यादव के साथ मिलकर महिलाओं के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना के दौरान महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि, इस घटना के बाद गांव में देर रात तक अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में शराब के नशे में उत्पात और मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम लोगों में डर और असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। घटना को लेकर घायल पक्ष की ओर से ओबरा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्राद्ध के खर्च को लेकर पारिवारिक विवाद भाभी ने डंडे से देवर पर किया वार, घायल

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)



जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ धाम गांव में मां के श्राद्ध के खर्च को लेकर शुरू हुआ पारिवारिक विवाद हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान भाभी ने अपने ही देवर पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रतन नोनिया का इलाज सदर अस्पताल, औरंगाबाद में चल रहा है। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, रतन नोनिया की मां गंगिया देवी का निधन 20 मार्च को हुआ था, जिसके बाद 1 अप्रैल को ब्रह्मभोज संपन्न हुआ। ब्रह्मभोज के बाद परिवार के सदस्य खर्च का हिसाब-किताब कर रहे थे। इसी दौरान रतन नोनिया अपने भाइयों भोला नोनिया और टुनटुन नोनिया के साथ बैठकर खर्च का मिलान कर रहा था।

हिसाब के दौरान खर्च में अतिरिक्त राशि को लेकर विवाद शुरू हो गया। रतन नोनिया द्वारा तुरंत पैसे देने की बात कहने पर कहासुनी बढ़ गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि इसी दौरान भोला नोनिया की पत्नी बबली देवी ने गुस्से में आकर रतन नोनिया के सिर पर डंडे से जोरदार वार कर दिया। वार इतना गंभीर था कि रतन मौके पर ही गिर पड़ा और उसे गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई।

# अभया ब्रिगेड टीम द्वारा सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)



जिले के गोह थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में अभया ब्रिगेड टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जागरूक करना और उन्हें सुरक्षित जीवन के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना था। इस दौरान टीम ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे और उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। अभया ब्रिगेड टीम ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और नशा मुक्त जीवन अपनाने के महत्व को भी समझाया। विद्यार्थियों को बताया गया कि छोटी-छोटी सावधानियां उन्हें बड़े हादसों और गलत रास्तों से बचा सकती हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर भी विशेष चर्चा की गई। छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने सवाल भी पूछे, जिनका टीम द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया। इस संवादात्मक सत्र से विद्यार्थियों में जागरूकता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ा। इस तरह के कार्यक्रमों को युवाओं के लिए बेहद उपयोगी बताया जा रहा है, जो उन्हें सुरक्षित, जागरूक और सशक्त नागरिक बनने में मदद करेंगे। अभया ब्रिगेड की इस पहल की स्थानीय स्तर पर सराहना हो रही है।

# झारखंड से अपहृता सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी की उम्र 28 वर्ष, जम्होर थाना क्षेत्र का निवासी
- गुप्त सूचना और तकनीकी आधार पर छापेमारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए अपहरण की एक घटना का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस ने झारखंड के रामगढ़ जिले के ग्राम डाटम मोड़ से अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया, साथ ही अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई जम्होर थाना पुलिस द्वारा की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर झारखंड में छापेमारी कर अपहृता को सुरक्षित मुक्त कराया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बादल कुमार उर्फ गौरव उर्फ शत्रुघ्न कुमार (उम्र 28 वर्ष) के रूप में हुई है। वह परमेश्वरी सिंह उर्फ पांडा सिंह का पुत्र है और जम्होर थाना क्षेत्र, औरंगाबाद का निवासी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपहृता को सुरक्षित बरामद करने के बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। यह पूरी कार्रवाई औरंगाबाद पुलिस की सतर्कता और तत्परता का उदाहरण मानी जा रही है, जिसके कारण समय रहते अपहृता को सुरक्षित बरामद किया जा सका और आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।